फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 2 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -191, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एलिएंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद 16

अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512– 2548300

## एक नजर

### यूपी के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को भोपाल के एक अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। कुरैशी की देखभाल करने वाले उनके भतीजे सूफियान अली ने कहा कि कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह करीब 11 बजे भोपाल के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। कुरैशी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल के तौर पर कार्य किया था। वह पहली बार 1972 में मध्य प्रदेश की सीहोर सीट से विधायक चुने गये थे और 1984 में लोकसभा सदस्य बने। उनका अंतिम संस्कार आज शाम को किया जाएगा।

### पूर्व फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी का निधन

**नई दिल्ली।** फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रहीं रिंकी चकमा का शुक्रवार को यहां कैंसर से बहादुरी से लड़ने के बाद निधन हो गया। वह 28 वर्ष की थीं। फेमिना मिस इंडिया 2017 की फाइनलिस्ट रहीं रिंकी चकमा के निधन की आधिकारिक जानकारी फेमिना मिस इंडिया द्वारा एक्स पर एक तस्वीर और कैप्शन के साथ साझा की गई है। रिंकी को साल 2022 में एक घातक फाइलोड्स ट्यूमर (स्तन कैंसर) का पता चला था। शुरुआती दौर में सर्जरी के बावजूद कैंसर उनके फेफड़ों और उनके मस्तिष्क तक फैल गया, जिससे ब्रेन ट्यूमर हो गया।

### अनुराग अग्रवाल संसद सुरक्षा के प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अनुराग अग्रवाल को संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में महानिरीक्षक, असम–मेघालय कैडर के 1998–बैच के अधिकारी को तीन साल के लिए संयुक्त सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किया गया है। अग्रवाल की नियुक्ति का आदेश गुरुवार को लोकसभा सचिवालय ने जारी किया। तत्कालीन संयुक्त सचिव रघुबीर लाल के अपने कैडर में वापस जाने के बाद 20 अक्टूबर से जेएस (सुरक्षा) का पद खाली था।

### विधायकों की अयोग्यता पर 7 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना–उद्धव ठाकरे (यूबीटी) की याचिका पर सात मार्च को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यूबीटी गुट की ओर से शीघ्र सुनवाई करने की गुहार पर पीठ ने सहमति व्यक्त करते हुए मामले को सात मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

# तंबाकू कारोबारी के यहां आयकर छापे में पकड़ी गयी करोड़ों कर चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दिल्ली स्थित आवास से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी जब्त

**अमृत विचार :** तंबाकू बनाने वाली फर्म वंशीधर श्रीराम के ठिकानों पर शुक्रवार को भी आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की। इस दौरान बड़े पैमाने पर कर (टैक्स) चोरी पकड़ी साथ ही मौके पर करोड़ों रुपये की कीमत की लग्जरी गाड़ियां भी मिलीं। जांच टीम यह देख रही है कि ये गाड़ियां किनके नाम हैं और फर्म ने जो रिटर्न भरा था उसमें इनका जिक्र किया गया है या नहीं।

कर चोरी के शक पर ही आयकर विभाग की दो दर्जन से अधिक टीमों ने गुरुवार को फर्म के दिल्ली, अहमदाबाद, कानपुर, समेत विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। कानपुर में नयागंज में बने कार्यालय, शक्करपट्टी स्थित होटल, आर्यनगर स्थित आवास के साथ ही दिल्ली और अहमदाबाद में जांच के लिए छापेमारी की। कानपुर में छापेमारी तो बंद हो गई है लेकिन दिल्ली व अन्य जगहों पर टीम अभिलेखों की जांच कर रही है। फर्म के मालिक पहले कानपुर के आर्यनगर में रहते थे पांच साल पहले वह दिल्ली चले गए थे। कारोबार को भी अहमदाबाद शिफ्ट कर लिया था। आयकर विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक फर्म का टर्नओवर सौ करोड़ से अधिक का है लेकिन कंपनी आयकर विवरणी में कम टर्न ओवर दिखा रही है। विभाग ने दिल्ली स्थित ठिकाने से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी जब्त किया है। लैपटॉप व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किया है। कंपनी के पास से मैकलेरन, लेम्बोर्गिनी, फेरारी, रोल्स-रॉयस जैसी लग्जरी गाड़ियां मिली हैं। कंपनी ने रियल एस्टेट में भी निवेश कर रखा है। इसके साथ ही कई बेनामी संपत्तियां होने का शक भी आयकर विभाग के अधिकारियों को है।



बंपर खरीदारी से शेयर बाजार सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर

# 1245 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 22300 के पार

## मजबूत जीडीपी आंकड़ों से शेयर बाजार में जश्न

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तगड़ी छलांग लगाते हुए अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। प्रभावी जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से सेंसेक्स 1,245 अंक उछल गया। निफ्टी में भी जोरदार तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान यह 1,318.91 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू इक्विटी बाजारों को मजबूती मिली और निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील छह प्रतिशत से अधिक उछल गई, जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, मारुति, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स में भी बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, तेजी के इस दौर में भी एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस और टेक महिंद्रा पिछड़ गए। बाजार की इस तेजी के पीछे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहने का आंकड़ा सामने आने की प्रमुख भूमिका रही।

### दूसरी बार शनिवार को खुलेंगे बाजार

वर्ष 2024 में दूसरी बार स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने सप्ताहांत की छुट्टी के बावजूद शनिवार को बाजार खुला रखने का फैसला किया है। शनिवार का सत्र मॉक ट्रेडिंग सत्र नहीं होगा और इस दौरान लाइव ट्रेडिंग होगी। ऐसा अप्रत्याशित त्रासदी की स्थिति में सिस्टम की तैयारी का आकलन करने के अभ्यास के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। यह विशेष सत्र स्टॉक एक्सचेंजों और डिपॉजिटरी के लिए बिजनेस निरंतरता योजना (बीसीपी) और डिजास्टर रिकवरी साइट (डीआरएस) के ढांचे का हिस्सा है। इससे पहले अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहले भी शनिवार के दिन बाजार में कारोबार हुआ था।

# संदेशखालि में बहनों के साथ जो हुआ उससे पूरा देश गुस्से में : मोदी

## बंगाल के आरामबाग में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री, कहा-दुस्साहस की सारी हदें पार कीं

आरामबाग, (प. बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है। मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की भी आलोचना की। उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा कि चोट का जवाब वोट से देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है। मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है। संदेशखालि की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है। ममता बनर्जी सरकार के



2011 में सत्ता में आने के बाद से उनकी पार्टी का नारा मां, माटी और मानुष उसकी एक बड़ी पहचान बन गया है। रैली स्थल के निकट स्थित समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के जन्मस्थान खानाकुल का संदर्भ देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राय की आत्मा, जहां भी होगी, बंगाल की स्थिति पर दुखी होगी और रो रही होगी।

मोदी ने कहा कि संदेशखालि के टीएमसी नेताओं ने लोगों के खिलाफ हिंसा की सारी हदें पार कर दीं। संदेशखालि की महिलाओं ने ममता से मदद मांगी। और उन्होंने क्या किया? इसके बजाय, उन्होंने उन नेताओं की सुरक्षा के लिए वह सब कुछ किया, जो वह कर सकती थीं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि यह भाजपा के नेतृत्व में निरंतर हुए विरोध प्रदर्शनों से बने दबाव का नतीजा था कि राज्य प्रशासन को आखिरकार संदेशखालि के लोगों के सामने झुकना पड़ा और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार करना पड़ा, जो लगभग दो महीने से फरार था।

### ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से राजभवन में की मुलाकात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी शुक्रवार रात को राजभवन में ठहरेंगे। एक अधिकारी ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत यह मुलाकात हुई। शाम छह बजे से कुछ मिनट पहले प्रधानमंत्री राजभवन पहुंचे जिसके कुछ देर बाद ही बनर्जी का काफिला राजभवन पहुंचा। पिछले साल दिसंबर में बनर्जी ने राज्य का बकाया जारी करने को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। तृणमूल कांग्रेस के अनुसार, केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल का 1.18 लाख करोड़ रुपये बकाया है।

### इंडिया गठबंधन को भी आड़े हाथों लिया

टीएमसी सरकार पर हर क्षेत्र में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि वह संदेशखालि में उपजे असंतोष के बावजूद गांधी जी के तीन बंदरों की तरह है, जो अपनी आंख, कान और मुंह बंद रखे हुए था। उन्होंने सवाल किया कि वामपंथी और कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कठिन सवाल पूछने से क्यों कतराते हैं? मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के लिए संदेशखालि में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टीकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है।

# प्रदेश में सहयोगी दलों को लोस की छह सीटें दे सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुभासपा, निषाद पार्टी को एक-एक सीट देने पर बनी सहमति
- अपना दल (एस) और रालोद को दो-दो सीटें मिलेंगी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-24 में प्रदेश की सभी 80 सीटों में से भाजपा सहयोगी दलों के लिए छह सीट छोड़ सकती है। इसमें राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें मिल सकती हैं, जबकि अपना दल (एस) भी दो सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं, निषाद पार्टी को संत कबीर नगर सीट और ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा को घोसी सीट मिल सकती है।

दिल्ली में हुई भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद सूत्रों से यह जानकारी मिली है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बीच एक दो दिन में भाजपा के सौ लोस प्रत्याशियों की सूची भी सामने आ सकती है।

सूत्रों की मानें तो यूपी से कुछ केंद्रीय मंत्रियों का भी टिकट कट सकता है। भाजपा इस बार दो या दो से अधिक बार चुनाव जीत चुके नेताओं पर भी दांव लगाने के मूड में नहीं है। जिन सांसदों की उम्र अधिक हो गई है, उनकी जगह नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि इस बार एक बार फिर भाजपा प्रदेश की 74 लोकसभा सीटों में से कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी। वहीं, कैसरगंज लोकसभा सीट पर भी बृजभूषण शरण सिंह के नाम पर पार्टी निर्णय नहीं ले पाई है।



राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी।

### राज्यपाल से मिले योगी, मंत्रिमंडल विस्तार संभव

- ओपी राजभर, दारा चौहान और रालोद के राजपाल बालियान को मिल सकती है जगह

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावना प्रबल हुई है। 3 मार्च यानी रविवार को कैबिनेट में पांच नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। दिल्ली से लखनऊ लौटते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करने पहुंचे। योगी ने राज्यपाल को 'रोम रोम में राम' नामक पुस्तक भी भेंट की। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, सपा से वापस भाजपा में लौटे एमएलसी दारा सिंह चौहान और रालोद नेता राजपाल बालियान को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। इसके अलावा रालोद कोटे से एक और विधायक प्रदीप चौधरी को राज्य मंत्री बनाया जा सकता है। साथ ही रामपुर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना को भी राज्य मंत्री बनाकर आजम खान को हराने का इनाम दिया जा सकता है।

# ईडी ने जब्त की हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की संपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

- महादेव एप से जुड़े धनशोधन मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हालिया छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं और 3.64 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया। मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर स्थित विभिन्न परिसरों में छापे मारे गए थे। ईडी ने पूर्व में दावा किया था कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। इस मामले में एक 'हवाला कारोबारी' हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की गई है जो कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रह रहा है।

सूत्रों के अनुसार ईडी ने टिबरेवाल और उसके सहयोगियों के परिसरों में छापे मारे हैं। टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप 'स्काईएक्सचेंज' का मालिक और संचालक भी है। टिबरेवाल दुबई स्थित अपनी कंपनियों के जरिये, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से भारतीय शेयर बाजार में सट्टेबाजी में निवेश कर रहा था।

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी




- वित्तीय खुफिया ईकाई ने की कार्रवाई, बैंक की बढ़ीं मुश्किलें

वित्तीय खुफिया इकाई ने धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि पीएमएलए की धारा 13(2)(डी) के तहत यह जुर्माना किया गया है।

**पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक से खत्म किया समझौता :** पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बीच दोनों के बीच अंतर-कंपनी समझौतों को खत्म करने को मंजूरी दे दी है। वन97 कम्युनिकेशंस ने शुक्रवार को कहा कि दोनों कंपनियों के बीच एक-दूसरे पर निर्भरता कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में धमाका दस घायल, बम स्क्वॉड टीम पहुंची

बेंगलुरु, एजेंसी



बेंगलुरु के एक लोकप्रिय कैफे में शुक्रवार को धमाके से कम से कम दस लोग घायल हो गए। पहले शक था कि एक सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग लगी, लेकिन बाद में अग्निशन विभाग ने इस आशंका को खारिज कर दिया और कहा कि वहां एक बैग मिला है। इस बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने कहा कि कैफे में हुआ धमाका एक बम विस्फोट है। जांच के लिए एनआईए की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। बम स्कवायड और फोरेंसिक टीम भी जांच में सहयोग कर रही हैं।

अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में घायल लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मैसूर में संवाददाताओं से कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। किसी ने वहां बैग रखा था। ऐसा कहा जा रहा है कि ये आईईडी विस्फोट था। हमें अभी नहीं पता कि ये आतंकी हमला है या नहीं। रामेश्वरम कैफे व्हाइटफील्ड के ब्रुकफील्ड इलाके में है, जो एक प्रमुख कारोबारी एवं प्रौद्योगिकी केंद्र है।

# प्राथमिक शिक्षक की भर्ती में संस्कृत से टीईटी मान्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के निर्णय को पलटा

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के 10000 रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में शैक्षिक अर्हता के संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद की विशेष अपील पर विचार करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी की प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति नहीं हो सकती है। संस्कृत भाषा में उत्तीर्ण की गई टीईटी परीक्षा प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के लिए निर्धारित पात्रता को पूरा करने में सफल नहीं हो सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पारित किया।

दरअसल, उक्त पद पर याची की उम्मीदवारी को खारिज कर दिया गया था कि याची ने संस्कृत भाषा में टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिस पर एकलपीठ ने अक्टूबर 2013 के शासनादेश पर भरोसा करते हुए माना था कि शासनादेश में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है।

# फरवरी में जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से फरवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 12.5 प्रतिशत बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कर संग्रह से 11.7 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक सकल संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा

शासन की ओर से 32 जिलों में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोलने को मिली मंजूरी

# एटीएस परखेंगे वाहन का स्वास्थ्य, ठीक होंगे तभी सड़क पर दौड़ेंगे

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरआई ने आंखों से कामर्शियल गाड़ी देखी। बात बनीं तो फिटनेस प्रमाणपत्र जारी कर दिया। अब यह नहीं चलेगा। आरटीओ में जुगाड़ के बल पर वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की परंपरा पर अतिशीघ्र विराम लगने वाला है। सड़क पर दौड़ रहे जर्जर वाहनों से बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) खुलने जा रहे हैं। इन केंद्रों पर ऑटोमेटिक मशीन से वाहनों के फिटनेस की जांच की जाएगी। भारत सरकार ने प्रदेश को 36 एटीएस खोलने का लक्ष्य दिया है।

- भारत सरकार ने 36 एटीएस खोलने का प्रदेश को दिया है लक्ष्य

प्रदेश में अभी तक वाहनों की फिटनेस मैनुअल होती है। अब मशीन से जांच कराने की तैयारी है। इसे लेकर परिवहन विभाग ने एक पोर्टल नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्लूएस) बना कर आवेदन मांगे थे। इसमें 308 आवेदन मिले हैं। इनमें कई ऐसे हैं जिन्होंने जमीन समेत अन्य तैयारी पूरी कर ली है। आवेदनों की पड़ताल के बाद 32 जिलों में एटीएस खोलने की प्रक्रिया पर मुहर लगा दी गई। इनमें 41 प्रारंभिक पंजीयन प्रमाणपत्र भी जारी कर दिए गए हैं। अक्टूबर 2024 तक इनकी शुरुआत होनी है।

### एटीएस के लिए इन जिलों को दिए गए प्रमाणपत्र

राजधानी लखनऊ-1, बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, हाथरस, , फिरोजाबाद, गाजियाबाद, झांसी, उरई, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, औरैया, कौशांबी, वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मेरठ, उन्नाव, कानपुर देहात।



लोगों के सुरक्षित सफर के लिए वाहन का शत प्रतिशत फिट होना जरूरी है। इसके लिए गाड़ियों की मैनुअल फिटनेस के बजाए मशीन से उनकी जांच कराई जाएगी। प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन शीघ्र ही खोल दिए जाएंगे। इसके लिए ठोस कार्रवाई गतिशील है। सरकार की मंशा है कि जीवन रक्षा और सुरक्षित सफर के लिए छोटी से छोटी चीज पर नजर रखी जाए। जब वाहन पूरी तरह स्वस्थ होंगे तो सफर सुरक्षित होगा। **–चंद्रभूषण सिंह**, परिवहन आयुक्त

- 500 करोड़ का होगा निवेश, मिलेगा रोजगार
- एक सेंटर पर करीब 12 करोड़ रुपये व्यय होगा।
- 25 से 30 लोगों को एक सेंटर पर मिलेगा काम।
- 1,200 से 1,500 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा।
- 10,000 लोगों को अपरोक्ष रोजगार के मौके मिलेंगे।

कामर्शियल वाहनों की फिटनेस की जांच मशीन से कराने की कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ गई है। जल्द ही प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोल दिए जाएंगे।
– **पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक। अमृत विचार


कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### 'जाके प्रिय न राम वैदेही, ताको वोट कदापि न देही'

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि जाके प्रिय न राम वैदेही, ताको वोट कदापि न देही संगठन की योजना अनुसार अगले 100 दिन तक सभी को मोदी सरकार के संकल्प के साथ काम करना है। पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने के लिए बूथ के लोगों से सतत संपर्क एवं संवाद स्थापित करें। कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जनता को बताएं और उन्हें पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

# ठगबंधन पहले परिवार फिर पैसे वालों को देता टिकट

## दो बातें न जाना भूल, राम मंदिर और कमल का फूल : वीरेंद्र

**सियासत**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा लोकसभा क्षेत्र संचालन समिति व कोर कमेटी बैठक में केंद्रीय मंत्री ने भरा जोश
- देश में 400 पार और यूपी में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के दम से पर ही पूरा किया जाएगा

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर लोकसभा क्षेत्र की संचालन समिति, कोर कमेटी और विधान सभाओं की संचालन समिति की बैठक में पहुंचे केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र खटीक ने कहा कि चुनाव आते ही ठगबंधन एक हो जाता है। यह पहले अपने परिवार की सीटों को फाइनल करते हैं। फिर पैसा देने वालों के पास जाते हैं और अंत में कार्यकर्ताओं की सुध लेते हैं, जबकि भाजपा पहले अपने मेहनती कार्यकर्ताओं को आगे रखती है। माहौल पक्ष में है, ऐसे में कार्यकर्ताओं की थोड़ी सी मेहनत भाजपा को देश में 400 पार और उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जितवा सकती है। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने 'दो बातें न जाना भूल राम मंदिर और कमल का फूल' नारा देकर पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया।

मर्चेंट चेंबर हाल में शुक्रवार को आयोजित भाजपा चुनाव समितियों के सदस्यों से केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा क्षेत्र के क्लस्टर प्रमुख डॉ. वीरेंद्र ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए जिसे जो दायित्व मिला है, वह सिर्फ उसी पर फोकस करे। सारे कार्यक्रम व अभियान बूथ केंद्रित होंगे। बैठक की अध्यक्षता लोकसभा प्रभारी रामशरण कटियार, संचालन लोकसभा संयोजक मणिकांत जैन ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, राम किशोर साहू, राम शरण कटियार, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह और दीपू पांडेय, सुरेश अवस्थी, रमाकांत त्रिपाठी, कौशल किशोर दीक्षित, पूनम द्विवेदी, सुनील तिवारी, रामदेव शुक्ल विनोद शुक्ला, मोहित पांडेय, अनूप अवस्थी, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी सहित विधानसभा चुनाव संचालन समिति के प्रभारी संयोजक एवं सदस्य मौजूद रहे।

### एक सप्ताह में विधानसभा कार्यालय भी खोल दिए जाएं

पदाधिकारियों से यह पूछने पर कि क्या लोकसभा चुनाव का कार्यालय खुल गया है। जवाब हां में मिलते ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर विधानसभा कार्यालयों को भी खोल दिया जाए। इसकी जिम्मेदारी विधानसभा प्रभारी व संयोजकों की होगी।

### राम मंदिर नहीं जाने देने से व्यथित नेता छोड़ रहे दल

सपा, बसपा, कांग्रेस नेताओं को अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के लिए नहीं जाने देने से उनके साथ ही परिवार के सदस्यों में भी नाराजगी है। व्यथित होकर ही विपक्षी पार्टियों के नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

### देश ही नहीं विदेश में बज रहा भारत का डंका

**कानपुर।** भाजपा अकबरपुर लोकसभा का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित जय नारायण स्कूल में हुआ। इसमें डॉक्टर, प्रोफेसर, चार्टड अकाउंटेंट, वकील, इंजीनियर, प्रवक्ता, शिक्षकों एवं व्यापारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण देश ही नहीं विदेश में भारत का डंका बज रहा है। मोदी और योगी सरकार ने गरीबों को आवास, 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त अनाज, उज्ज्वला और आयुष्मान योजना देकर करोड़ों गरीबों का भला किया है। देश में रिकॉर्ड स्तर पर एक्सप्रेस वे का निर्माण हो रहा है। एक्सप्रेस वे के मामले में हम जल्दी ही अमेरिका को पीछे छोड़ने वाले हैं। नए एयरपोर्ट खुलने का रिकॉर्ड बन रहा है। जल्दी ही भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, लोकसभा संयोजक दिनेश राय ने भी संबोधन किया। विधायक नीलिमा कटियार, देहात जिला अध्यक्ष मनोज शुक्ला रहे।

# किसानों की समस्याओं का हो रहा है समाधान

**कानपुर।** भाजपा किसान मोर्चा कानपुर दक्षिण ज़िलाध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को किसानों की समस्याओं को लेकर ग्राम किसान चौपाल एवं ग्राम परिक्रमा यात्रा का आयोजन हुआ। महाराजपुर स्थित टीकेश्वर मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित और ट्रैक्टर पूजन कर किसानों के हित में लागू योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्या का समाधान केवल इसी सरकार में किया गया है। किसान निधि का पैसा किसानों के खाते पहुंच रहा है। 2024 लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एक बड़ी पार्टी बनकर सामने आ रही है। भाजपा के कार्यकर्ता गांव-गांव में जाकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा करके उनके समाधान करने का कार्य करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्र के पांच किसानों को सम्मानित किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा बालमुकुंद शुक्ला, जिलाध्यक्ष दक्षिण भाजपा शिवराम सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदौरिया रहे।



प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह को गदा और मुकुद देते पदाधिकारी।

# बिल्हौर और चौबेपुर में गंगा घाटों से अवैध बालू खनन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा विधायक की भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक से की शिकायत

**अमृत विचार।** भाजपा विधायक मोहित सोनकर उर्फ राहुल बच्चा ने अपने बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के गंगा घाट पर अवैध बालू खनन का आरोप लगाते हुए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक से शिकायत की है। उन्होंने एमएम 11 दिए बगैर बालू की निकासी कराने, सरकार को राजस्व नुकसान और बालू का भंडारण कराने का आरोप लगाया है।

विधायक ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि विधानसभा बिल्हौर के तरीपाठकपुर गांव, विकास खंड चौबेपुर में बालू घाट संचालित है। बालू घाट का पट्टा गोमतीनगर, लखनऊ निवासी अंकित सचान के नाम पर है। पट्टा धारक अंकित बालू खनन के लिए निर्धारित गाटा सहित अन्य गाटों और नियम विरुद्ध खनन करा रहे है। बीती जुलाई माह में खनन बंद होने के बाद भी बालू खनन किया जा रहा है। अलग-अलग गाटों में अवैध खनन करके प्रदेश सरकार को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है। पट्टा धारक ने बारिश में गंगा की गाद का समतलीकरण होने का भी लाभ उठाया है। इसके अलावा पट्टाधारक बालू का भंडारण भी समीप में ही करा रहे हैं। इन सभी मनमानी के बीच पट्टा धारक अधिकांश वाहनों की रायल्टी एमएम 11 दिए बगैर बालू की निकासी कराकर प्रदेश सरकार को राजस्व क्षति पहुंचा रहे हैं। बालू डंप के स्थान पर धर्मकांटा नहीं लगाया गया है। कैमरे भी नहीं लगाए गए हैं।

# चलती कार बन गई आग का गोला, सिपाही ने बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कर्रही में कार से उठती लपटें। अमृत विचार

- भतीजी की शादी का सामान लेकर हमीरपुर जा रहे थे कार सवार, कर्रही में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** भतीजी की शादी समारोह का सामान लेकर हमीपुर जा रहे युवक की कार में गुरुवार देर रात अचानक आग लग गई। गश्त में तैनात पीआरवी सिपाही ने कार में आग लगी देखकर सूझबूझ का परिचय देते हुए कार सवार चारों लोगों को सकुशल बाहर निकाला। डीजल टैंक में आग पहुंचते ही कार धू-धूकर जलने लगी। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेडकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

मूलरुप से हमीरपुर, कुरार निवासी अजय प्रताप सिंह जवाहर नगर में रहते हैं। वह गुरुवार को मित्र के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए साले सुमित, मित्र शिवकिशोर व गोपाल के साथ लखनऊ गए हुए थे। उनकी भतीजी की शादी छह मार्च को है। शादी से लौट कर आने के बाद वह साथियों के साथ देर रात शादी का सामान लेकर हमीरपुर जा रहे थे। अजय कर्रही स्थित अर्चना बुक स्टॉल के पास पहुंचे ही थे, तभी उनकी कार में आग लग गई। इस दौरान गश्त पर तैनात पीआरवी सिपाही आबिद की नजर कार में पड़ी। आबिद ने सूझबूझ का परिचय देकर पीआरवी वैन कार का पीछा किया और ओवरटेक कर कार के आगे लगा दी। इसके बाद आबिद ने सभी को कार से बाहर निकाला। कुछ ही देर बाद डीजल टैंक में लपटों के पहुंचते ही आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। सूचना पर फजलगंज फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और काबू किया।

# घटिया सड़क की शिकायत हुई तो फर्जी रिपोर्ट लगाई

**नगर निगम में खेल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम के अभियंता नियमों की धज्जियां उड़ाकर जमकर सरकारी धन की बर्बादी कर रहे हैं। इसको लेकर मुख्य अभियंता ने कड़ी आपत्ति जताते हुए लापरवाह अभियंताओं को नोटिस जारी किया है।

वार्ड-86 मोहल्ला शिवपुरी में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग कर सड़क बनाई गई। इसकी शिकायत आईजीआरएस पर शिकायत की गई। नगर निगम के खंड पोर्टल पर खराब गुणवत्ता की सड़क बनाए जाने की आख्या अपलोड की गई। बावजूद इसके अधिशाषी अभियंता जोन-6 आरके सिंह ने बिना जांच किए आईजीआरएस पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर समस्या निस्तारित कर दी गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी ने जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई। अब इस मामले में चीफ इंजीनियर ने अभियंता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं ठेकेदार पर भी कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### बिना तकनीकी बिड ठेकेदार का चयन

दूसरे मामले में अधिशाषी अभियंता जोन-3 को विकास कार्यों के टेंडर में धांधलेबाजी को लेकर नोटिस जारी किया गया है। जोन में 8 फरवरी को नाला निर्माण का टेंडर किया गया। टेंडर में बिना तकनीकी बिड व वित्तीय बिड खोले दूसरी सबसे कम बिड वाले ठेकेदार का चयन कर दिया गया। इसमें लाखों रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आई। इसके बाद कार्रवाई की गई।

हेलो डाक्टर
मधुमेह से सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क करें!
टाइप 1 और टाइप 2 डायबीटीज की जानकारी, कारण, लक्षण, सम्बन्धित समस्यायें एवं इसके उपचार के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन की डा0 दिव्या शुक्ला से करें सवाल।

दिनांक 02 मार्च दिन शनिवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805718

# हार्ट अटैक मरीज के लिए सीपीआर जीवनदान: डॉ. नंदिनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ट्रेनिंग देती आईएमए अध्यक्ष डॉ .नंदिनी रस्तोगी साथ में सचिव डॉ .कुणाल सहाय।

- आईएमए सभागार में सीपीआर पर कार्यशाला
- आईएमए के डॉक्टरों ने दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** जब व्यक्ति खाते, चलते, बोलते या अन्य कोई काम करते अचानक गिर जाता है तो उसकी धड़कनें खामोश होने लगती हैं। यानी उसे कार्डियक अरेस्ट हो चुका है। ऐसे में शरीर को चलाने वाले महत्वपूर्ण अंगों में आक्सीजन सप्लाई बाधित होने से मल्टी आर्गन फेल्योर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मरीज को सीपीआर देकर जान बचाई जा सकती है। यह जानकारी शुक्रवार को आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने दी।

परेड स्थित आईएमए भवन में शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व प्राणोदय संस्था ने संयुक्त रूप से सीपीआर पर वर्कशॉप का अयोजन किया। प्राणोदय संस्था के डॉ.सुनीत गुप्ता व डॉ. प्रदीप टंडन ने मौजूद लोगों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। आईएमए अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की जानकारी सभी को होना जरूरी है। सीपीआर की जानकारी होने पर हम न सिर्फ आम लोगों की जान बचा सकते है। बल्कि घर में अगर किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक पड़ता है तो उसकी जान बचा सकते है। विशेषकर डांस व जिम में अचानक होने वाले हादसों में सीपीआर काफी हद तक कारगर साबित हो सकती है। अपने जीवन काल में अगर एक भी व्यक्ति का जान बचा सके तो इससे बड़ा और कोई भला काम नहीं हो सकता। आईएमए सचिव डॉ. कुनाल सहाय ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया के अहवाह्न पर आईएमए कानपुर व प्रणोदय संस्था की ओर से स्कूल, कॉलेज, आईआईटी, पुलिस व यातायात विभाग समेत आदि स्थानों पर जनता को जागरूक करने के लिए सीपीआर ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। शहर में हर बुधवार को पुलिस थानों पर पुलिस कर्मियों को सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### 40 हजार लोगों को प्रशिक्षित किया

प्राणोदय संस्था के उपाध्यक्ष व ट्रेनर डॉ. सुनीत गुप्ता और सचिव व ट्रेनर डॉ. प्रदीप टंडन ने बताया कि प्राणोदय संस्था धर्मार्थ एनजीओ है, जो 23 वर्षों से जिले में मुफ्त सीपीआर और बुनियादी प्रशिक्षण प्रबंधन का प्रशिक्षण दे रही है। कार्यशाला अक्टूबर 2001 में मीरपुर कैंट के एक मंदिर से शुरू हुई थी। 22 वर्ष में हुई 450 कार्यशाला में शहर के 40 हजार से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। उपाध्यक्ष व सचिव के मुताबिक यह देश की एकमात्र संस्था है, जो 23 वर्षों से लोगों को सीपीआर का नि :शुल्क प्रशिक्षण दे रही है। प्रणोदय के अध्यक्ष कानपुर के उद्योगपति महबूब रहमान हैं। शहर के सेना, वायु सेना, पुलिस, एनसीसी कैडेट आदि को प्रशिक्षित किया।

# अपर पुलिस आयुक्त ने लाइन का निरीक्षण किया

**कानपुर।** शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में होने वाली नियमित परेड में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर पहुंचे। उन्होंने परेड का निरीक्षण करते हुए सलामी ली। सभी पुलिस कर्मियों का टर्न आउट देखा जो अच्छा दिखा उसे बढ़िया काम के लिए प्रोत्साहित किया। पीआरवी वाहनों और डॉग स्क्वाड का रखरखाव देखने के दौरान और बेहतरी के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह, एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि हम अपने पुत्र जॉन मसीह तथा पुत्रवधू नेहा दयाल के चाल चलन व व्यवहार से दुखी होकर उससे सम्बंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेनदेन से हमारा का कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **–राकेश वयस्क पुत्र मसीह चरन, एवं शोभा वयस्क पत्नी राकेश, निवासी–133/6, देवीगंज, मजार वाली गली, पोस्ट– चकेरी एयरोड्रम, कानपुर नगर।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम TASLEEM था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD TASLEEM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHD TASLEEM S/O: SAHEEK AHMAD,VILL- SISORA SAHAMAT, POST- SISORA NASIR, LAKHIMPUR KHERI,UTTAR PRADESH-262804

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम EHSANUL HAK था अब मैने बदलकर अपना नाम AHSANUL HAQ रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AHSANUL HAQ S/O: ABDUL RAHMAN, R/O: BAMBHAURA POST JARWAL ROAD TEHSIL KAISERGANJ, BAHRAICH

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक– 1761629 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 1289096 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **–संजीव कुमार सरोज पुत्र सुरेश कुमार सरोज, ग्राम – धरमपुर, पोस्ट – हैंसी परजी, मानधाता, प्रतापगढ़**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि अनुक्रमांक नं0– 23203930/2020 **सावन्त सिंह पुत्र चन्द्र पाल सिंह, निवासी– ग्राम हिम्मापुरवा, पो0– मोहाना, तहसील– अकबरपुर, जनपद– कानपुर देहात** की हाईस्कूल मार्कशीट में त्रुटिवश माता का नाम श्रीमती अर्चना देवी अंकित हो गया है। जबकि उनका सही नाम श्रीमती हीरा मुन्नी देवी हैं तथा अन्य समस्त प्रपत्रो में हीरा मुन्नी देवी नाम अंकित है। अत: मेरी माता का नाम हीरा मुन्नी देवी नाम अंकित किया जाय। – सावन्त सिंह द्वारा वर्ष 2021 में CBSE BOARD से 10th परीक्षा पास की थी। सावन्त सिंह प्राइवेट कैंडिडेट था जिसका रजि0 नं. 99999/01613 7072, व मार्कशीट सीरियल नं0 2310612 है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र कृष्णा शर्मा उर्फ राज को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किसी भी कृत्य या लेन–देन से हमारी व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **घनश्याम पुत्र स्व0 राम सेवक, मूल, निवासी– ग्राम तमनपुर, पो0– सहगंवा पश्चिम, गांव– महाराजगंज, रायबरेली, उ0प्र0–229311, वर्तमान– निवासी– म0नं0–67/69, कल्लू पंडित लेन, लाल कुआं, लखनऊ**

**सूचना**
यह कि मैने शास्त्रीनगर तिर्वा मे एक आवासीय प्लाट का बैनामा दिनांक 13 जुलाई 2009 में कराया था। जिसकी पुस्तक सं0– 1,खण्ड 1391, पृष्ठ– 95–124, रजिस्ट्री क्रमांक 2761 वास्तव मे कही खो गया है। जिसे मिले वह संपर्क करे। **–अनीता देवी पत्नी सुनील कुमार शर्मा , निवासी–शास्त्रीनगर, तिर्वा, जनपद– कन्नौज**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 211324359 वर्ष 2021 एवं इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 2236132674 वर्ष 2023 के अंकपत्र वास्तव में खो गये हैं। **– रोहित पाल पुत्र ब्रजेश कुमार, सरस्वती इंटर कालेज मोतीझील, इटावा, आवासीय पता– मैनपुरी, रेलवे क्रासिंग के पास अड्डा जालिम इटावा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा शस्त्र लाइसेंस नंबर BML/4281 जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। **– शिवराज सिंह पुत्र भूप सिंह, निवासी–ग्राम– बघुईया, थाना– सैफई जनपद इटावा।**

# जुमे पर शहर में अलर्ट रही पुलिस, ड्रोन से निगरानी

**कानपुर।** शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से सड़कों पर अलर्ट रही। इस दौरान अतिसंवेदनशील और संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के साथ-साथ संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चन्दर शहर की मॉनीटरिंग करते रहे। एतियातन मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात की गई थी। घुड़सवार पुलिस भी संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करती रही।

जुमे की नमाज से पहले पुलिस ने ड्रोन की मदद से घनी आबादी वालों क्षेत्रों की निगरानी कराई। अफसर लगातार पीटीजेड कैमरों की मदद से माहौल की निगरानी करते रहे। नमाज संपन्न होने से पहले और बाद में अधिकारियों ने नई सड़क, यतीमखाना, रूपम चौराहा, मछली वाला तिराहा, पेंचबाग, लकड़मंडी, तलाक महल, बजरिया, बेकनगंज, चमनगंज, अनवरगंज, जाजमऊ, चकेरी, रावतपुर, नौबस्ता के मछरिया, बाबूपुरवा के बगाही में पैदल गश्त की। इस दौरान कई थानों की फोर्स के साथ पीएसी के जवान, क्यूआरटी, एलआईयू, वालंटियर्स मस्जिदों के आस पास तैनात रहे। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने प्रबुद्ध लोगों, सभी वर्गों के धर्माचार्यों, शहर काजियों, मौलाना, मस्जिदों के इमाम, मंदिरों के सभी पुजारी से वार्ता भी की।

**आईआईटी** नवाचार और विशेषज्ञता को बढ़ावा मिलने से उद्योगों की जरूरत होगी पूरी

# ई-मास्टर कोर्स में एक हजार पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- प्रोग्राम से जुड़ने वाले बिना करियर छोड़े कर सकते हैं दस कोर्स में पढ़ाई

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में ई-मास्टर कोर्स में एक हजार पंजीकरण पूरे हो गए हैं। ई-मास्टर कोर्स की खासियत यह है कि इसे बिना करियर छोड़े युवा कर सकते हैं। संस्थान में इस सुविधा की शुरुआत वर्ष 2022 में हुई थी। ऐसे दस कोर्स हैं जिनमें अनुभवी शिक्षकों से पढ़ाई का लाभ लिया जा सकता है।

आईआईटी कानपुर के ई-मास्टर्स डिग्री कार्यक्रम ने एक हजार नामांकन हासिल करके उपलब्धि हासिल की है। इस कार्यक्रम के लिए अभ्यर्थी को गेट स्कोर की जरूरत नहीं पड़ती है। संस्थान के निदेशक प्रो. एस. गणेश ने कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में एक पावरहाउस के रूप में उभर रहा है। तेजी से तकनीकी विस्तार को देखते हुए कौशल की कमी को भरने की बहुत जरूरत थी। ई-मास्टर्स कार्यक्रम पेशेवरों को सशक्त बनाने और नवाचार और विशेषज्ञता को बढ़ावा देकर उद्योग की बढ़ती जरूरतों को पूरा करता है। कार्यक्रम के तहत 10 विशिष्ट डोमेन में ई-मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम के नए समूहों के साथ जारी रखेंगे। इस कोर्स से नवाचार और विशेषज्ञता को बढ़ावा मिलेगा।

### यह डोमेन शामिल

ई-मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम के नए समूह, डेटा साइंस और बिजनेस एनालिटिक्स, नेक्स्ट जेनरेशन वायरलेस टेक्नोलॉजीज, साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, बिजनेस फाइनेंस, पब्लिक पॉलिसी, क्लाइमेट फाइनेंस एंड सस्टेनेबिलिटी, क्वांटिटेटिव फाइनेंस एंड रिस्क मैनेजमेंट और सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन प्रैक्टिस एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सहित 10 विशिष्ट अत्याधुनिक क्षेत्रों में होंगे।

### इस तरह होती है पढ़ाई

कार्यक्रम के तहत 60-क्रेडिट, 12-मॉड्यूल उद्योग-केंद्रित पाठ्यक्रम आईआईटी कानपुर की अनुभवी फैकल्टी और शोधकर्ताओं की ओर से पढ़ाया जाता है। कार्यक्रम के प्रतिभागियों को आईआईटीके इनक्यूबेशन सेल और पूर्व छात्र नेटवर्क तक भी पहुंच हासिल होती है। इससे उनके कैरियर के अनुभव में उन्नति होती है और नेटवर्किंग के अवसरों में बढोत्तरी होती है।

**आज का मौसम**
तेज धूप खिली रहेगी। बादल भी आ सकते

| 29.0⁰ | 19.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06:31 | सूर्यास्त 06:11 |

## शहर में आज

- **मैच :** इनकम टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट मैच कमला क्लब ग्राउंड में सुबह 10 बजे से।
- **उद्घाटन :** राष्ट्रीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम व एमएसएमई एक्सपो का उद्घाटन विकास कार्यालय में 12 बजे।
- **धरना :** भाजपा सरकार में बढ़ रहे अपराधों के संबंध में फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर धरना दोपहर 12 बजे।
- **ज्ञापन :** बिरहाना रोड पर सुंदरीकरण के नाम पर उत्पीड़न के खिलाफ व्यापार मंडल द्वारा नगर आयुक्त को ज्ञापन एक बजे।
- **कार्यशाला :** हैलट के मेडिसिन विभाग में डायबिटिक फुट व थायराइड विषय पर कार्यशाला दोपहर दो बजे।
- **उत्सव :** करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम द्वारा प्रथम उत्सव कराची खाना राजस्थान भवन में शाम चार बजे।
- **कार्यशाला :** मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा व्यवसाय आदि के संबंध में मर्चेंट चेंबर में कार्यशाला शाम पांच बजे।

# कम लागत में पर्यावरण मानक पर बन रहा गंगा बैराज फोरलेन

## रीसाइकल पद्धति से निर्माण में नहीं बढ़ेगी ऊंचाई, कम खनिज का होगा प्रयोग

**उम्मीदों को लगे पंख**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 17 किलोमीटर लंबे मंधना-शुक्लागंज फोरलेन निर्माण में कम लागत के साथ पर्यावरण संरक्षण के मानकों का पालन किया जाएगा। फोरलेन निर्माण में पुरानी सड़क की 14 सेंटीमीटर खोदाई कर बिटुमिंस निकाल कर नया मिश्रण तैयार किया जाएगा। इसमें खनिज उत्पादों का कम प्रयोग होने से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही सड़क की ऊंचाई भी नहीं बढ़ेगी।

मंधना, बिठूर होकर शुक्लागंज के रास्ते लखनऊ की ओर जाने वाले 17 किलोमीटर लंबे गंगा बैराज मार्ग इस समय 7.50 मीटर चौड़ा है, इसे डिवाइडर बनाकर 8.50 मीटर और चौड़ा किया जाना है। फोरलेन के दोनों तरफ तीन-तीन फीट चौड़ा फुटपाथ बनाया जाएगा। दो मीटर का डिवाइडर सड़क के बीच होगा। मार्ग के दोनों ओर नाला बनाकर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। 92.92 करोड़ रुपये लागत से गाजियाबाद की शर्मा कंस्ट्रक्शन कंपनी ने सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया है। सड़क किनारे ट्रंच खोदाई का काम शुरू करके गिट्टी भराई का काम भी शुरू कर दिया गया है। फोरलेन निर्माण में सड़क की ऊंचाई ज्यादा न हो, पर्यावरण संरक्षण के साथ कम लागत जैसे बिंदुओं का ध्यान रखा जा रहा है। निर्माण एजेंसी का कहना है कि छह माह में काम पूरा हो जाएगा।


फोरलेन निर्माण में ट्रंच की खोदाई के बाद बिछाई गई गिट्टी। अमृत विचार

| | |
|---|---|
| **17** किलोमीटर लंबाई मंधना से शुक्लागंज | **14** सेमी खोदाई कर बिटुमिंस निकालेंगे |
| **7.50** मीटर है अभी गंगा बैराज की चौड़ाई | **8.50** मीटर और चौड़ा किया जाएगा मार्ग |
| **02** मीटर का डिवाइडर सड़क के बीच होगा | **03** मीटर चौड़ा फुटपाथ सड़क के दोनों ओर |

सड़क की खोदाई में निकले मैटेरियल वेस्ट हो जाते है। फोरलेन निर्माण में 14 सेंटीमीटर सड़क की खोदाई करा कर बिटुमिंस निकाले जाएंगे। बिटुमिंस को दोबारा नए मिश्रण में मिलाकर सड़क निर्माण में प्रयोग किए जाएंगे। जिससे सड़क निर्माण में लागत कम होने के साथ फोरलेन ऊंचा भी नहीं होगा। इसके साथ ही कम खनिज उत्पादों का प्रयोग होगा।

–अखंडेश्वर प्रसाद, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी

### ट्रांसगंगा सिटी में निवेश का खुलेगा रास्ता

गंगा बैराज मार्ग चौड़ा होने से ट्रांसगंगा सिटी में निवेश करने वाले उद्यमियों को लाभ होगा। वे आसानी से माल की ढुलाई कर सकेंगे। फिलहाल यहां सात औद्योगिक इकाई लग रही हैं। भविष्य में संख्या और बढ़ेगी तो मार्ग पर यातायात का दबाव भी बढ़ेगा। ऐसे में फोरलेन सड़क से सुगम यातायात उपलब्ध रहेगा।

### दूधिया रोशनी से जगमग होगा पूरा मार्ग

बैराज मार्ग पर आधुनिक किस्म की एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। ये आटोमेटिक होंगी। जैसे ही सूरज ढलेगा, लाइटें जल जाएंगी और सुबह होते ही अपने आप बुझ जाएंगी। स्ट्रीट लाइटें लगवाने के लिए अलग से प्रोजेक्ट बनेगा।

### औषधीय गुणों वाले पौधे किनारे पर लगेंगे

इस मार्ग पर औषधीय गुणों वाले पौधे रोपे जाएंगे। पूर्व यहां नीम, जामुन जैसे पौधे लगाए गए थे, लेकिन चौड़ीकरण की वजह से ये पेड़ काट दिए गए हैं। अब मंधना से शुक्लागंज तक इस मार्ग पर नए सिरे से पौधे लगाए जाएंगे।


जरीब चौकी चौराहे का निरीक्षण करतीं डीसीपी ट्रैफिक। अमृत विचार

# जरीब चौकी आज से ई-रिक्शा फ्री जोन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घंटाघर और रामादेवी चौराहा ई-रिक्शा फ्री जोन बनाने के बाद शुक्रवार को जरीब चौकी चौराहा को भी ई-रिक्शा फ्री जोन बनाने का ट्रैफिक पुलिस ने मास्टर प्लान तैयार कर दिया। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने चौराहे का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शनिवार से चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन करने का प्लान सख्ती से अमल में लाया जाए, ताकि जाम से राहत मिले।

**बाकरगंज से टाटमिल और घंटाघर नहीं जाएंगे ई-रिक्शा:** घंटाघर, टाटमिल चौराहे पर ई-रिक्शा के कारण लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया था। प्लान के अंतिम चरण में बाकरगंज चौराहे से घंटाघर के बीच शटल सेवा शनिवार से शुरू की जाएगी। डीसीपी ट्रैफिक के मुताबिक शनिवार से कोई भी तिपहिया यात्री वाहन टाटमिल चौराहा होते हुए घंटाघर नहीं जा सकेंगे। सभी वाहन बाकरगंज चौराहा के निकट निर्धारित स्थान पर वाहनों को खड़ा करेंगे। इस व्यवस्था से यातायात सुगम होगा।

### अब इस तरह होगा यहां ई-रिक्शा का संचालन

- विजय नगर, फजलगंज से आने वाले ई–रिक्शा जरीबचौकी रेलवे क्रॉसिंग से पहले शीतला देवी मंदिर सर्वधर्म द्वार से आगे नहीं जा सकेंगे। शीतला देवी मंदिर से वापस फजलगंज, विजय नगर की ओर जाएंगे।
- घंटाघर, डिप्टी पड़ाव की ओर से आने वाले ई–रिक्शा सीसामऊ थाने से आगे नहीं जाएंगे। थाने के पास सवारी उतार कर यू–टर्न लेकर वापस घंटाघर की ओर जाएंगे।
- पीरोड की तरफ से आने वाले ई–रिक्शा जरीब चौकी तिराहा से आगे नहीं जाएंगे। तिराहे से यू टर्न लेकर वापस पीरोड की तरफ जाएंगे या जरीब चौकी तिराहा से बाएं मुड़कर डिप्टी पड़ाव की तरफ जा सकेंगे।

## एक नजर

### शताब्दी सहित सभी ट्रेनें अब होंगी नियमित

**कानपुर।** एसीएम रेल संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर से दिल्ली के बीच चलने वाली 12033-12034 कानपुर शताब्दी, कालिंदी, चौरीचौरा एक्सप्रेस सहित 14 ट्रेनें एक मार्च शुक्रवार से नियमित हो जाएंगी। अब सभी ट्रेनें अपने पुराने शेड्यूल पर चलने लगेंगी। उन्होंने बताया सर्दियों में कोहरे के कारण रेलवे ने ट्रेनों के संचालन में कुछ बदलाव किया था। अब ट्रेनों को नियमित कर दिया गया है। जैसे इलाहाबाद से चलने वाली कालिंदी कानपुर से चल रही थी। अब यह ट्रेन फिर से इलाहाबाद से चलेगी। कई ट्रेनों के दिन घटाए गए थे, पांच दिन की जगह दो दिन ही चल रही थी, अब सभी नियमित होंगी।


कूड़ा स्टेशन पर कॉम्पैक्टर में हाथ गाड़ी से कूड़ा डालता सफाई कर्मी। अमृत विचार

# हर गली-सड़क की सफाई का दिखेगा स्क्रीन पर नजारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और सफाई व्यवस्था पर नजर रखने को बनेगा आधुनिक कंट्रोल रूम
- नगर निगम मुख्यालय में स्वच्छ भारत मिशन कार्यालय में कंट्रोल रूम से रखी जाएगी नजर

**अमृत विचार।** शहर में कूड़ा उठान पर अब आधुनिक कंट्रोल रूम से नजर रखी जाएगी। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, सफाई व्यवस्था, ट्रान्सफर स्टेशन व सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू लगाई या नहीं यह सब कुछ कंट्रोल रूम में लगी बड़ी एलईडी स्क्रीन पर दिखाई देगा। नगर निगम मुख्यालय की बिल्डिंग में बने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यालय में यह कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित द्वितीय तल में निर्माणाधीन स्वच्छ भारत मिशन कार्यालय का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने बताया कि इस कार्यालय में स्थापित होने वाले आधुनिक कन्ट्रोल रूम के माध्यम से विशेषज्ञ एवं जोनल कॉर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो का क्रियान्वयन करेंगे। निरीक्षण में उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह गौर को निर्माणाधीन कन्ट्रोल रूम में 20 कम्प्यूटर और एक बड़ी एलईडी लगवाकर सभी कार्य अपनी देखरेख कराने के निर्देश दिए। अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट आरके सिंह, डिपो इंचार्ज रहमान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### गाड़ियों की लाइव लोकेशन

इस कन्ट्रोल रूम के संचालन से सारे जोनल स्वच्छता अधिकारी, सफाई निरीक्षक एवं सफाई नायकों के साथ सफाई कर्मचारियों की लाइव लोकेशन तत्काल मिल जाएगी। एलईडी पर देखा जा सकेगा। नगर आयुक्त ने ग्रांट थॉर्नशन भारत एलएलपी गुड़गांव और केपीएमजी एडवाइजरी सर्विसेज लिमिटेड गुरुग्राम के विशेषज्ञों से इसे राय मांगी है।

### अब 300 मीट्रिक टन कूड़ा रोज डिब्बे में हो रहा बंद

नगर निगम ने नौ जगह पीसी कॉम्पैक्टरों के जरिये कूड़ा संग्रहण शुरू कर दिया हे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संखवार ने बताया 34 जगह पीसी कॉम्पैक्टर प्रस्तावित हैं। इसमें नौ जगह पीसी कॉम्पैक्टर रख दिए गये हैं। पांच अलग–अलग कंपनियों को ठेका दिया गया है। अब शहर में प्रतिदिन 300 मीट्रिक टन कूड़ा सीधा कंटेनरों में बंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया द्वारिकापुरी, भैरोघाट, ग्रीन पार्क के पीछे सिविल लाइंस, बजरिया, संगीत टाकीज के बगल में टेनरी, डीप्टी पड़ाव के पीछे कंजरिया, एलआईसी फूलबाग, बबुपुरवा एनएलसी चौकी, एमआईजी तिराहा पनकी में पीसी कॉम्पैक्टर के जरिये कूड़ा एकत्र किया जा रहा है। नगर निगम 800 रुपये प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से कंपनियों को पैसा दे रहा है। कूड़े को एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार डंप तक पहुंचाया जा रहा है।

# चारागाह की भूमि पर कब्जा करके प्लॉटिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एसडीएम सदर के निर्देश पर लेखपाल ने पनकी थाने में दर्ज कराया मामला

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में सिंहपुर कठार में चारागाह की जमीन पर कब्जा करके प्लॉटिंग करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसडीएम सदर के निर्देश पर लेखपाल ने पनकी थाने में मामला दर्ज कराया है।

लेखपाल कृष्ण कुमार मिश्र ने बताया कि सिंहपुर कठार में चारागाह की जमीन पर पतरसा निवासी महेंद्र सिंह ने प्लॉटिंग कर ऑफिस का निर्माण कर लिया था। सात फरवरी को शिकायत की गई थी कि महेंद्र सिंह ने अवैध तरीके से प्लॉटिंग कर चारागाह की जमीन बेच दी है। टीम ने इस मामले में जांच की तो पाया कि सिंहपुर कठार में खतौनी 1427 से 1432 फसली खाता संख्या 148 में गाटा संख्या 100 रकबा 0.2560 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में चारागाह के नाम दर्ज है। इसके बाद पैमाइश में पाया गया कि गाटा संख्या 100 रकबा 0.2560 हेक्टेयर के रकबा 0.1935 हेक्टेयर पर महेन्द्र सिंह द्वारा कब्जा जमाकर अवैध तरीके से प्लॉटिंग कर दी गई है। चारागाह की जमीन पर प्लाटिंग के लिए रास्ता देने के साथ ऑफिस का निर्माण किया गया है।

## साल्वर की जमानत याचिका हुई खारिज

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थी की जगह परीक्षा देते पकड़े गए हरियाणा निवासी साल्वर की जमानत याचिका एडीजे 14 की कोर्ट ने खारिज कर दी। 17 फरवरी को बर्रा आठ स्थित परीक्षा केंद्र से प्रथम पाली की परीक्षा में साल्वर को पकड़ा गया था।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में पीबीएन पब्लिक इंटर कॉलेज में हरियाणा निवासी मोनू को हरियाणा के जिला, चरखी दादरी निवासी दीपक कुमार की जगह परीक्षा दे रहा था। बायोमैट्रिक मिलान में संदिग्ध लगने पर कक्ष निरीक्षक अजितेश सिंह व अंजना तिवारी ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# इरफान मामले में 14 को आ सकता फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच आरोपियों के विरुद्ध डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के मामले में एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में बहस पूरी हो गई है। अब मामले में 14 मार्च को फैसला आ सकता है। बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद शुक्रवार को अभियोजन ने जवाब दाखिल किया। अभियोजन पक्ष से 18 गवाह पेश किए गए।

आगजनी कांड में सपा विधायक इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान, शौकत अली, इजरायल आटेवाला समेत पांच आरोपी हैं। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई के आखिरी दिन बचाव पक्ष की ओर से बहस के दौरान अभियोजन पर उठाए गए सवालों के जवाब दाखिल किए गए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विवेचना पर सवाल उठाया था कि विवेचक ने पीड़ितों के बयान देर से लिए, सीसीटीवी फुटेज व सीडीआर नहीं एकत्र नहीं की, प्रापर्टी का मालिकाना हक पता नहीं किया गया। इस पर सहायक शासकीय अधिवक्ता भास्कर मिश्रा ने जवाब दाखिल किया कि अगर विवेचक गलती करता है तो उसका लाभ आरोपियों को नहीं मिलता है।

अभियोजन पक्ष से नजीर फातिमा की गवाही पढ़कर कोर्ट में सुनाते हुए कहा गया कि वह पहले भी वहां रहती थीं, घटना के समय भी थीं और आज भी रहती हैं। अभियोजन ने कहा कि घटनास्थल से रिजवान सोलंकी ने डायल 112 पर फोन किया था। इससे उनकी मौके पर उपस्थिति साबित होती है। अभियोजन ने कहा कि इजरायल आटेवाला के घर पर षड़यंत्र बना था। साथ ही यह तय किया गया था कि बैठक में कोई भी मोबाइल लेकर नहीं आएगा, जिस पर सपा विधायक ने मोबाइल किसी और को सौंप दिया था। इसके तीन गवाह अभियोजन पक्ष ने प्रस्तुत किए थे।

### ऐसा कानून नहीं, भाजपाई गवाही नहीं दे सकता

भाजपा के इशारे पर गवाही वाली बात का जवाब देते हुए सहायक शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि ऐसा किसी भी कानून में नहीं लिखा है कि अगर कोई भाजपा का सदस्य है तो उसकी गवाही नहीं मानी जाएगी।


पकड़े गए कार स्टंट के आरोपी युवक। अमृत विचार

# कारों पर स्टंट में चार युवक गिरफ्तार, पांच कारें बरामद


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दरवाजे पर लटककर लहराते हुए तेजी से दौड़ा रहे थे कारें
- घनी आबादी क्षेत्र में स्टंटबाजी से राहगीर जान बचाने को भागे
- चमनगंज थानाक्षेत्र का मामला, चार टीमों ने साझा अभियान में पकड़ा

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र में गेट खोलकर कार को लहराते हुए दौड़ाने का स्टंट कर दहशत फैलाना चार युवकों को भारी पड़ गया। गश्त कर रही पुलिस ने इन युवकों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकले। इसके बाद अफसरों के निर्देश पर बनाई गई चार थानाक्षेत्रों की टीमों ने चार युवकों के साथ स्टंट में इस्तेमाल की गई पांच कारें बरामद कर लीं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश करके सभी को जेल भेज दिया।

डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने बताया कि 28 फरवरी की रात अति संवेदनशील क्षेत्र चमनगंज थानाक्षेत्र में चार कार चालक अपनी-अपनी कारों के गेट पर लटककर तेजी से कार लहराते हुए स्टंट कर दहशत फैला रहे थे। इससे घनी आबादी वाले क्षेत्र में आम जनमानस के लिए जीवन संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर कार चालकों के नाम पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपियों की तलाश में चमनगंज, बजरिया, नजीराबाद और फजलगंज थाना पुलिस की चार टीमों को लगाया गया। ऑपरेशन त्रिनेत्र कैमरे में कैद हुईं कार नंबर के आधार पर आरटीओ की मदद से पांच कारों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया कि स्टंट करके दहशत फैलाने वाले आरोपियों में मो. सुहेल निवासी वसीरगंज थाना बजरिया, मो. नवील, निवासी मेस्टन रोड थाना मूलगंज, मो. सैफ निवासी मीरपुर कैन्ट थाना रेलबाजार, अल्तमश अहमद निवासी कर्नलगंज हैं। जिनकी उम्र मात्र 19 से 23 के बीच है। इन लोगों ने स्टंटबाजी के दौरान इफ्तिखाराबाद चौराहे पर एक रिक्शा चालक रज्जाक को घायल भी कर दिया था।

**बड़ी लापरवाही** यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के निरीक्षण में सामने आया सच, सीवेज पम्पिंग स्टेशन पर ओवरफ्लो होने से गंगा हो रही लगातार प्रदूषित


भगवतदास घाट नाला में ओवरफ्लो होरहा सीवेज। अमृत विचार

# भगवतदास नाले से गंगा में जा रहा सीवेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भगवतदास-गुप्तारघाट नाले का अशोधित सीवेज सीवेज पम्पिंग स्टेशन से ओवरफ्लो होकर सीधे गंगा नदी में जा रहा है। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निरीक्षण में गंगा नदी में प्रदूषित पानी बहता मिला है। इसे लेकर अधिकारियों ने जलनिगम को नोटिस भेजने हुए चेतावनी दी है कि माघ मेले को देखते हुए तुरंत समस्या को दूर किया जाये, नहीं तो आर्थिक दंड लगाने की कार्रवाई की जायेगी।

सुपवाइजर विजय कुमार ने बताया कि बड़े चौराहे से फूलबाग के बीच कानपुर मेट्रो रेल कार्पोरेशन की ओर से निर्माण कार्य के दौरान 1200 एमएम की सीवेज लाइन को चेतना चौराहे के पास ब्रिक बैरल लाइन में जोड़ा गया है। जिससे गुप्तारघाट सीवेज पम्पिंग स्टेशन में अत्यधिक सीवेज पहुंच रहा है। इस परिस्थिति में भगवतदास गुप्तारघाट सीवेज पम्पिंग स्टेशन में चेतना चौराहा के पास इनकम टैक्स ऑफिस के परिसर में स्थापित स्लज गेट, अम्बा नर्सिंग के पास चन्द्रकान्ता हास्पिटल के परिसर में स्थापित स्लज गेट को खोलकर सीवेज भगवतदास गुप्तारघाट सीवेज पम्पिंग स्टेशन में डायवर्ट किया गया है। इससे भगवतदास गुप्तारघाट सीवेज पम्पिंग स्टेशन अत्यधिक सीवेज आने से ओवरफ्लो हो रहा है, जो सीधे गंगा में जा रहा है। यहां कार्य जलनिगम की ओर से देखा जा रहा है। इसलिए गंगाजल की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए सीवेज पम्पिंग स्टेशन का संचालन सुचारू रूप से किया जाए।


गुप्तार घाट में गंगा में बह रहा सीवेज। अमृत विचार

जलनिगम को समस्या को दूर करने को कहा गया है। नोटिस देकर कहा गया है कि यदि ओवरफ्लो को रोका नहीं गया तो एनजीटी के नियमों के अनुसार पांच लाख रुपये प्रतिमाह की दर से पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जाएगी। जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा।

– ई. अमित मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

# ई-रिक्शा और टेंपो की अराजकता में फंसा मशीनरी बाजार

## आठ फिट चौड़े फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा, सड़क पर रखे ट्रांसफार्मर, मशीनरी सामान के लिए विख्यात लाटूश रोड बाजार में दिन भर लगा रहता जाम

बेहाल बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मूलगंज चौराहे पर एक ओर ई-रिक्शा चालकों की अराजकता दूसरी ओर दुकानों के बाहर खड़े खड़ाखड़ा चालक मशीनरी बाजार के लिए प्रसिद्ध लाटूश रोड की साख पर बट्टा लगा रहे हैं। 100 साल पुराने बाजार की फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा है। पार्किंग की व्यवस्था न होने से दुकानदार सड़कों पर वाहन खड़े करते हैं। मशीनों के लिए प्रतिष्ठित इस बाजार में एक भी यूरिनल नहीं है। इस कारण बाहरी जनपदों से आने वाले व्यापारियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के कारण दूसरे जनपदों के कारोबारी बाजार आने से कतराने लगे हैं।

अंग्रेजों के जमाने में स्थापित हुई कॉटन मिल, एल्गिन मिल, लाल इमली समेत तमाम मिलों की मशीनरी संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए 15 दुकानों से स्थापित हुई लाटूश रोड बाजार आज ई-रिक्शा की अराजकता के बोझ तले दबी है। वर्तमान में लाटूश रोड बाजार में छह सौ से अधिक दुकानें है। मशीनरी के लिए प्रतिष्ठित इस बाजार में ईस्टर्न यूपी व बिहार तक के व्यापारी माल लेने आते हैं।



मूलगंज चौराहे पर पूरी सड़क घेरे ई-रिक्शा चालक। अमृत विचार

### पूरे बाजार में एक भी यूरिनल नहीं, व्यापारी होते परेशान

- व्यापारियों ने बताया कि अनवरगंज थाने के बाहर व फायर स्टेशन के बाहर दो यूरिनल बने हुए थे, जो कि तोड़ दिए गए थे। इसके बाद कई बार महापौर से यूरिनल बनाने के लिए कहा गया, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं की गई। व्यापारियों ने बताया कि यूरिनल न होने से बाहर से आने व्यापारियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

बाजार में रोज रीब 10 करोड़ रुपये से अधिक का टर्न ओवर है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है।

बाजार में सबसे बड़ी समस्या ई-रिक्शा व टेंपो चालकों की अराजकता है। जाम से राहत दिलाने के लिए मूलगंज चौराहे पर कंक्रीट बैरियर लगाकर बंद तो कर दिया गया, लेकिन संपूर्ण समाधान नहीं किया गया। लाटूश रोड जाने वाले व्यापारी व ग्राहक कुली बाजार कट से होकर गुजरते हैं। कट के दोनों ओर अतिक्रमण होने के कारण लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही मूलगंज चौराहें से लाटूश रोड पर मुड़ना सबसे बड़ी चुनौती है। मूलगंज से बासमंडी चौराहे की ओर जाने वाली सड़क करीब 50 फिट चौड़ी है, लेकिन चौराहों पर ही ई-रिक्शा चालकों की धमाचौकड़ी के कारण सड़क मात्र 10 फिट ही बचती है। इसके साथ ही चौराहे पर ही खोदाई का काम चल रहा है, जिस कारण बाजार में मालवाहक वाहनों को आने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर दुकानों के बाहर खड़ाखड़ा स्टैंड बना हुआ है। सड़क के दोनों ओर आठ-आठ फिट चौड़े फुटपाथ सामानों से घिरे हुए हैं।

### जर्जर हो चुकी भगत सिंह मार्केट की इमारत

- लाटूश रोड बाजार से सिलाई मार्केट, पाइप मार्केट, ओल्ड मोटर बाजार के साथ 100 साल पुरानी नगर निगम की भगत सिंह मार्केट है। भगत सिंह मार्केट में करीब 60 से 70 दुकानदार हैं, जिनसे सालाना करीब 20 हजार रुपये का किराया वसूला लिया जाता है। लेकिन बाजार में आज तक मरम्मत का काम नहीं कराया गया है। दुकानों की छतों का प्लास्टर गिर रहा है, छज्जे बुरी तरह से जर्जर है। मार्केट में जाने वाले रास्ते पर स्ट्रीट वेंडर्स ने कब्जा कर रखा है।

### आधी सड़क तक रख दिए गए ट्रांसफार्मर

- मूलगंज चौराहे से लाटूश रोड की ओर मुड़ते ही सड़क पर पूरा फुटपाथ ट्रांसफार्मर से घिरा है। फुटपाथ पर तीन ट्रांसफार्मर रखे हैं। सिद्धेश्वर त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर के पास आधी सड़क तक ट्रांसफार्मर रखा है। लाटूश रोड फायर स्टेशन के बाहर फुटपाथ पर तीन ट्रांसफार्मर का जाल सड़क तक फैला हुआ है। बाजार में पार्किंग की व्यवस्था न होने से आसपास के लोग दुकानों के बाहर लोडर, कार खड़ी कर कई-कई दिनों के लिए खड़ी कर देते हैं।



दुकानों के बाहर फुटपाथ पर खड़े खड़खड़ा। अमृत विचार



बाजार में सबसे बड़ी समस्या यूरिनल की है। ई-रिक्शा की अराजकता से पूरी सड़क पर दिन भर लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। ई-रिक्शा को एल्गिन मिल के पास खड़ा किया जाए।

**नवीन शर्मा, महामंत्री, मशीनरी एंड मिल स्टोर मर्चेंट एसोसिएशन**



बाजार में पार्किंग का कोई इंतजाम नहीं है। इस कारण मजबूरीवश व्यापारियों को सड़क पर पार्किंग करनी पड़ती है। प्रशासन से खलवा मैदान में पार्किंग व्यवस्था कराने के लिए कहा गया था।

**- असद इमरान, संयुक्त मंत्री, मशीनरी एंड मिल स्टोर मर्चेंट एसोसिएशन**



रोज करोड़ों का व्यापार करने वाली बाजार में व्यापारियों को छोटी-छोटी समस्याओं से जूझना पड़ता है। भगत सिंह मार्केट में स्ट्रीट वेंडर्स ने सड़कों पर कब्जा कर रखा है।

**- परमजीत सिंह, मशीनरी कारोबारी**



पूरी बाजार में जगह-जगह ट्रांसफार्मर सड़क पर रखे हैं। दुकानों के बाहर बिजली के तार खुले हैं। बाजार में ई-रिक्शा चालकों की अराजकता खत्म कर अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए।

**सुरेंद्र सनेजा, कारोबारी**

## एक नजर

### मुख्यमंत्री के आदेश पर लूट का मुकदमा दर्ज

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के यशोदा नगर निवासी जगदीप शुक्ला ने पुलिस को बताया कि चार जनवरी की रात वह रायपुरवा थानाक्षेत्र से रात करीब 8.30 बजे जा रहे थे। तभी तीन चार अज्ञात बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने उनकी 75 हजार रुपये कीमत की दो सोने की अंगूठी, 55 हजार रुपये कीमत के दो मोबाइल और 5500 रुपये नकदी धारदार हथियार दिखाकर जबरन लूट लिया। इस दौरान बदमाशों ने उससे मारपीट की और भाग निकले। घटना की शिकायत छह जनवरी को रायपुरवा थाने में दी थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर उन्होंने मुख्यमंत्री जन शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत की थी। इस संबंध में रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि तीन चार व्यक्ति नाम पता अज्ञात के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बीएससी के छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र में हरी मस्जिद के पास रहने वाले बीएससी थर्ड ईयर के छात्र 22 वर्षीय करन यादव ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि करन शुक्रवार सुबह पांच बजे उठा और छत पर चला गया। जब आठ बजे तक नीचे नहीं उतरा तो परिजनों ने ऊपर जाकर देखा। जहां उसका शव टीन शेड में दुपट्टे से लटक रहा था। परिजनों ने बताया कि वह लोग बिहार के मूल निवासी हैं। पिता हीरालाल और भाई अमर बाहर नौकरी करते हैं। घटना के पीछे का कारण परिजन नहीं बता सके हैं।

### दीवार से दबकर घायल वृद्ध की मौत, दूसरा जख्मी

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व मीरपुर निवासी 60 वर्षीय सुंदरलाल अपने घर में पास ही रहने वाले अनुभव के साथ बैठे थे। इसी दौरान घर की जर्जर दीवार उनके ऊपर भराभराकर गिर गई थी। इस हादसे में सुंदरलाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे और साथ बैठा युवक जख्मी हो गया था। परिजनों ने हैलट अस्पताल में सुंदरलाल को भर्ती कराया था। गुरुवार रात सुंदरलाल ने दम तोड़ दिया। हादसे में मौत के बाद बेटे प्रदीप, बब्लू, पत्नी गुड्डी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच की।

### पैरोकार और पैरवी स्टॉफ के साथ की बैठक

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने पूर्वी क्षेत्र के अदालत पैरोकार व पैरवी स्टॉफ के साथ बैठक कर ट्रायल मामलों को बेहतर और तेजी से आगे बढ़ाने एवं धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों जो आरोपियों की जमानत लेते हैं, गवाहों के साक्ष्य का बीमा की पहचान करने आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# साहब, पति धोखा देकर करने जा रहा चौथी शादी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोद में बच्चा लेकर महिला पहुंची पुलिस ऑफिस

**अमृत विचार।** साहब मेरा पति दो शादी पहले कर चुका है, अब वह उसे धोखा देकर चौथी की फिराक में लगा हुआ है। साहब मुझे न्याय चाहिए उसके पति का यही काम है। वह धोखे से शादी करके महिलाओं को छोड़ देता है। यह गुहार पुलिस ऑफिस पहुंची महिला की थी। जो गोद में बच्ची के साथ न्याय की अफसरों से गुहार लगा रही थी। पुलिस ने महिला के शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जिला जालौन की रहने वाली महिला गोद में 11 महीने की बच्ची लिए पुलिस कमिश्नर ऑफिस अपने पति की शिकायत करने पहुंची थी। उसने एडीसीपी अमिता सिंह को बताया कि उसकी शादी 17 अक्टूबर 2020 को धनकुट्टी निवासी युवक के साथ मंदिर में हुई थी। युवक से उसकी मुलाकात मैट्रिमोनियल साइट के जरिए हुई थी।

एक दिन पति ने मिलने के लिए उसे कानपुर बुलाया फिर अपने घर में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जब होश आया तो उसके घरवालों ने दबाव बनाकर मंदिर में ले जाकर शादी करवा दी। पीड़ित महिला ने बताया कि किसी तरह शादी हुई। इसके कुछ समय बाद पता चला कि पति इससे पहले दो महिलाओं से शादी कर चुके हैं।

# तुम मर जाओ तो लोन हो जाएगा माफ, दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- पीड़ित पत्नी की तहरीर पर पति समेत नौ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** बेकनगंज निवासी एक महिला ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पति ने उसके नाम पर लोन ले रखा है। आरोप लगाया कि वह उसे मरने के लिए उकसाता है, ताकि उसका लोन माफ हो जाए। जान का खतरा पाकर पीड़िता मायके में रहने लगी तो पति उसकी अंतरंग तस्वीर और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ससुराल बुलाता है। इस बात का विरोध करने पर तीन तलाक दे दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बेकनगंज निवासिनी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह वर्ष 2022 में सचेंडी निवासी मेराज से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ससुरालीजन तीन लाख रुपये और चार पहिया गाड़ी की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। इस बीच वह गर्भवती हुई तो खानपान पर भी ध्यान नहीं दिया जिससे उसका गर्भस्थ शिशु पेट में ही मृत हो गया। इसके बाद पिता ने इलाज कराया तब से वह मायके में रह रही है। आरोप लगाया कि एक माह पहले पति ने माफी मांगी और फिर से साथ रहने को कहा। जिस पर वह ससुराल चली गई।

इस दौरान पति ने कहा कि उसने लोन ले रखा है अगर वह मर जाएगी तो सारा लोन माफ हो जाएगा। इसके बाद ससुरालीजनों ने उसे पीटा और हाईवे पर तीन तलाक देकर छोड़ दिया। इस पर वह पिता के घर आ गई। आरोप है कि पति उसे दोबारा ससुराल बुला रहा है। न जाने पर अंतरंग संबंधों की वीडियो इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति समेत नौ लोगों के खिलाफ मुस्लिम विवाह अधिकारों का संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, मारपीट, धमकी, गाली-गलौज संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### दुबई से फोन पर पति ने बोल दिया तलाक... तलाक... तलाक

**कानपुर।** अनवरगंज में रहने वाली एक महिला ने पति समेत ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि ससुरालीजन के उकसाने पर काम पर दुबई गए पति ने भी उन्हें दहेज की मांग न पूरी होने पर फोन पर दुबई से तलाक दे दिया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनवरगंज निवासिनी पीड़िता इरमशफी ने पुलिस को बताया कि उनका निकाह जिला फतेहपुर के ललौली निवासी वकारूल हाशमी से बांसमंडी में हुआ था। उन्होंने बताया कि शादी में परिजनों ने सात लाख रुपये से ज्यादा दिए थे। लेकिन ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे। महिला ने पुलिस को बताया कि के पति काम के सिलसिले में दुबई चले गए तो ससुरालीजनों ने तकलीफें देना और परेशान करना शुरु कर दिया। इस दौरान परिवारीजन पति को तलाक देने के लिए उकसाते रहते थे। आरोप है कि बीते वर्ष 13 अक्टूबर को पति ने दुबई से फोन पर सब तरह से तलाक देने की बात कही। परिजनों को पूरी बात बताई तो वह ससुराल पहुंचे जहां ससुलारीजनों ने मारपीट की। जिसके बाद वह मायके आ गई। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से मामले की शिकायत की। इस संबंध में अनवरगंज प्रभारी निरीक्षक नीरज ओझा ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज और मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम 2019 संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी गई है।

# शर्करा संस्थान में जल्द शुरू होगी पीजी डिग्री: निदेशक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में डिप्लोमा के साथ पीजी डिग्री भी हो सकेगी। संस्थान के नए निदेशक ने दावा किया कि वे इसके प्रयास में जुट गए हैं। संस्थान में पीजी कोर्स शुरू होने से शोध कार्यों में इजाफा हो सकेगा।

निदेशक प्रो डी स्वाईन ने कार्यभार ग्रहण किया। कहा कि संस्थान में 6 डिप्लोमा कोर्स संचालित हो रहे हैं। इन कोर्स को डिग्री कोर्स में बदले जाने का प्रयास चल रहा है। डिग्री कोर्स न होने पर संस्थान के शोधार्थियों को अन्य संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता है। 2024 में पेट्रोल में बायो फ्यूल की मात्रा बढ़ाकर 12 फीसदी करनी थी, जिसको हम लोगों ने हासिल कर लिया है, लेकिन 2025 तक इसकी मात्रा को 20 फीसदी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संस्थान में इस दिशा में तेजी से काम करना है। संस्थान का बायो फ्यूल से सम्बंधित मेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करके गैर-खाद्य फीड स्टॉक का उपयोग करके इथेनॉल उत्पादन को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य होगा।



प्रो. डी स्वाईन।

प्रो. डी स्वाईन ने बताया कि चीनी रिफाइनरी संचालन पर एक नए पाठ्यक्रम को शामिल करने और कुछ मौजूदा पाठ्यक्रमों में सीटों के विस्तार को ध्यान में रखते हुए नए छात्रावास का निर्माण लक्ष्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि संस्थान में फैकल्टी की 40 फीसदी कमी है।

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत खारिज

**कानपुर।** युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत याचिका एडीजे 14 की कोर्ट ने खारिज कर दी। पीड़िता ने वर्ष 2021 में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था युवती ने बताया कि वह अपनी सहेली के साथ जुलाई 2021 में काम की तलाश में दिल्ली गई थी।

इस दौरान उसकी मुलाकात मोलरबंद विस्तार, बदरपुर निवासी शिवम गर्ग से हुई थी। बातचीत के दौरान अगस्त 2021 में शिवम युवती के घर पहुंचा और डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद शिवम ने शादी का झांसा देकर कई बार युवती के साथ बलात्कार किया। दबाव बनाने पर शादी से इंकार किया, जिस पर पीड़िता ने रावतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिवम ने कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी।

# वरिष्ठ डॉक्टर पर दो डॉक्टरों का हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसर्जरी विभाग का मामला
- न्यायालय के आदेश पर स्वरूप नगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉक्टरों ने अपने दो सीनियर रेजीडेंट डॉक्टरों पर केमिकल पदार्थ से हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रोफेसर के अनुसार डॉक्टर ओटी में ऑपरेशन के साथ ही काम में लापरवाही करते थे। थाना पुलिस से मामले की शिकायत की लेकिन कार्रवाई न होने पर कोर्ट के आदेश पर दोनों डॉक्टरों के खिलाफ स्वरूप नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

हरबंश मोहाल कैनाल रोड निवासी डॉक्टर राघवेंद्र गुप्ता मेडिकल कॉलेज कानपुर (जीएमवीएम) में न्यूरोसर्जरी विभाग में सह आचार्य के रूप में कार्यरत हैं। प्रोफेसर के अनुसार प्रवीण कुमार और सौरभ सिंह सीनियर रेजीडेंट द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। दोनों ही न्यूरो विभाग में अध्ययनरत हैं। आरोप लगाया कि प्रवीण कुमार लगातार ऑपरेशन थियेटर में अनुपस्थित चल रहे थे। इस बारे में उन्हें कई बार समझाने के साथ आगे से ऐसी लापरवाही न करने की बात कही। 23 नवंबर 2023 को वह ओटी में थे तब भी प्रवीण कुमार अनुपस्थित थे। फोन कर बुलाया गया तो आरोपी डॉक्टर ने ऑपरेशन करने से मना करते हुए उनके साथ गाली गलौज की। इस पर उन्होंने ओटी समाप्त होने पर बात करने की बात कही। आरोप है कि प्रवीण कुमार अपने साथी सौरभ सिंह के साथ पुनः वापस ओटी में आए और शीशियों में भर कर लाए केमिकल पदार्थ में हमला कर दिया। इसमे उनकी स्किन झुलस गई। पीड़ित प्रोफेसर ने मामले की जानकारी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को दी। इस पर दोनों आरोपी छात्रों ने भी उनके खिलाफ झूठी रिपोर्ट बनाकर प्राचार्य से शिकायत की। पीड़ित प्रोफेसर ने मामले की शिकायत थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर स्वरूप नगर पुलिस ने दोनों आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ गभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



पुरस्कार पाने वाली छात्राओं के साथ शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# एथलेटिक्स, गोला फेंक में छात्राओं ने दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला महाविद्यालय की वार्षिक खेल प्रतियोगिता
- छात्राओं ने शतरंज-बैडमिंटन में भी दिखाई अपनी प्रतिभा

**अमृत विचार।** महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता में 100 से 1500 मीटर दौड़ के साथ गोला फेंक, लंबी कूद, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप और रिले रेस सहित कई प्रतिस्पर्धाएं हुईं। बीते एक सप्ताह से आयोजित प्रतियोगिता में शतरंज, बैडमिंटन में भी छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महिला महाविद्यालय किदवईनगर में 54वें वार्षिक कीड़ा प्रतियोगिताओं का उद्घाटन प्राचार्या प्रो. अंजू चौधरी ने किया। मार्च पास्ट के बाद ऑल इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चयनित कालेज की खिलाड़ी काजल राजपूत ने मशाल दौड़ लगाई। शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष और क्रीड़ा समिति की सचिव डॉ. दीपाली निगम ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। खेल प्रतियोगिताओं में 100, 200, 400, 800 व 1500 मीटर दौड के साथ गोला फेंक, लंबी कूद, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप समेत रिले रेस प्रतियोगिता हुई। शतरंज, बैडमिंटन में भी छात्राओं ने प्रतिभा का परिचय दिया। अंतिम दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

क्रीड़ा समिति की अध्यक्ष प्रो. प्रतिभा श्रीवास्तव ने प्राचार्या का स्वागत किया। क्रीड़ा समिति की उपसचिव प्रो. साधना पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस मौके पर प्रो. प्रज्ञा श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. पारुल मौजूद रहीं।

### हत्यारोपी पिता और पुत्र 24 घंटे में हुए गिरफ्तार

**रसूलाबाद।** माल का पुरवा गांव में भतीजी पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी को लेकर गुरुवार देर रात शिकायत करने गए बुजुर्ग की पीटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के माल का पुरवा निवासी गंगा प्रसाद (60) के भाई की बेटी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर गांव के ही मीनू दुबे ने कोई टिप्पणी कर दी थी।

कवायद — मर्चेंट चेंबर की ओर से रक्षा सचिव को लिखा गया पत्र, अनुमति का इंतजार

# चकेरी एयरपोर्ट पर रात में लैंडिंग की उम्मीद बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी एयरपोर्ट पर जल्द ही रात में भी विमानों की लैंडिंग हो सकेगी। इसके लिए मर्चेंट चेंबर की ओर से रक्षा सचिव को पत्र लिखा गया है। पत्र में रक्षा सचिव को कुछ सुझाव भी दिए गए हैं। माना जा रहा है कि रक्षा मंत्रालय से अनुमति मिलने के बाद शहरवासियों को रात्रि लैंडिंग की सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा छह और जगहों से शहर की फ्लाइट कनेक्टिविटी जोड़ने की मांग भी पत्र के माध्यम से की गई है।



अभिषेक सिंहानिया।




मर्चेंट चैंबर ऑफ़ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अभिषेक सिंघानिया ने हवाई यात्रा में आ रही असुविधा से राहत पहुंचाने के लिए रक्षा मंत्रालय के सचिव गिरिधर अरमाने को पत्र लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि एटीसी का वर्तमान परिचालन सेटअप वायु सेना की ओर से नियंत्रित किया जाता है। अध्ययन के बाद यह पाया गया कि कानपुर हवाई अड्डे पर एटीसी कर्मियों की एकल-शिफ्ट में ड्यूटी लगती है। यह व्यवस्था हवाई सेवाओं को बाधित करती है। इस बाधा को दूर करने के लिए सप्ताह के सभी दिनों में एटीसी कर्मचारियों की एकल शिफ्ट की जगह दोहरी-शिफ्ट कार्यप्रणाली होनी चाहिए।

इससे उड़ान आवृत्ति में वृद्धि, यात्री सुविधा में वृद्धि और हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे के उपयोग को अनुकूलित कर सकते हैं। इस समाधान से क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी सेवा को बढ़ावा मिल सकेगा। एयरपोर्ट पर सुविधा बढ़ने से शहर में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाए जाने के लिए जल्द ही नए क्षेत्रों जैसे हैदराबाद, पूणे, कोलकता, अहमदाबाद, बेंगलूरू, श्रीनगर जैसे स्थानों के लिए हवाई यात्रा तुरंत शुरू की जा सकेगी।

# वृद्धा ने बेटे-बहू पर प्रताड़ना का लगाया आरोप, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कैंट थानाक्षेत्र का मामला पुलिस कर रही घटना की जांच पड़ताल

**अमृत विचार।** कैंट थानाक्षेत्र में एक वृद्ध ने अपने बेटे बहू पर मकान उनके नाम न करने पर प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कैंट निवासी वृद्धा रानी सोनकर ने पुलिस को बताया कि तीस पहले उनके पति की हत्या हो गई थी। मजदूरी करके चार बेटों व एक बेटी को किसी तरह पेट काट-काट कर पाला है। बड़ा बेटा बहू दिल्ली में रहते हैं। वहीं दूसरे नंबर का बेटा विशाल बहू अंजू व अन्य दो छोटे बेटों व बेटी के साथ रहती है। आरोप है कि विशाल व अंजू मकान उनके नाम करने को लेकर आए दिन प्रताड़ित करते है। पूर्व में बहू ने उन पर तेल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया था।

साथ ही छोटे बेटो व बेटी को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवाने की धमकी देता है। कई बार अधिकारियों में मामले की शिकायत कर चुकी है। कैंट पुलिस ने बेटे बहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सिद्धनाथ मंदिर जाना पहाड़ चढ़ने से कम नहीं


सिद्धनाथ मंदिर जाने वाले मार्ग की हालत। अमृत विचार

**आस्था पर संकट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ से सिद्धनाथ मंदिर जाने वाली सड़क बेहद जर्जर हालत में है। बमुश्किल एक किमी इस सड़क पर कहीं गड्ढा, कहीं मेनहोल का खुला, कहीं जलभराव है। इन्हीं दुश्वारियों के बीच होकर शिवरात्रि (आठ मार्च) को शिवभक्त मंदिर पहुंचेंगे। शहर के प्रमुख शिवमंदिरों में शुमार सिद्धनाथ मंदिर में इस दिन हजारों की संख्या में भक्त जल चढ़ाएंगे, मगर उन्हें मंदिर तक पहुंचने में तमाम परेशानी उठानी पड़ेगी।


टूटी सड़क की वजह से उड़ती रहती धूल। अमृत विचार

सिद्धनाथ मंदिर जाने वाली सड़क इस समय खुदी पड़ी है। इस एक किमी रोड पर करीब दो दर्जन से अधिक गड्ढे हैं। कई जगह तो गड्ढों का दायरा इतना बड़ा है कि ई-रिक्शा बैठ जाए।

बाइक सवारों के लिए मैनहोल के खुले ढक्कन और उसके आसपास के गड्ढे ही जानलेवा साबित हो सकते हैं। सड़क पर कई जगह दुकानों और घरों से निकलने वाला गंदा पानी जमा है। वहां गड्ढे के आकार का अंदाजा ही नहीं लगाया जा सकता है। आम दिनों में तो लोग इससे किसी तरह बच सकते हैं, मगर शिवरात्रि के दिन इस रोड पर हजारों की संख्या में शिवभक्त निकलेंगे। ऐसे में यह जर्जर रास्ता भक्तों के लिए मुसीबत बनेगा।

क्षेत्रीय लोगों के अनुसार इस रोड पर वाहनों का लोड भी बहुत है। दो पहिया, चार पहिया वाहनों के अलावा टेनरियों के भारी वाहन भी इसी रोड से निकलते हैं। माल लदे बड़े वाहनों के निकलते समय धूल के गुबार के कारण कुछ नहीं दिखाई देता है। वाहनों के पहिये से छिटककर उठने वाली गिट्टी व पत्थर किसी को भी घायल कर सकती हैं। शिवरात्रि को एक सप्ताह ही बचे और सड़क की हालत पैदल चलने लायक नहीं है।

### सांस रोगी बना रहा धूल का गुबार

- रोड पूरी तरह उखड़ी पड़ी है। वाहनों की आवाजाही बहुत है। इस रोड पर टेनरियां भी हैं। ऐसे में सुबह से लेकर शाम तक भारी वाहन निकलते हैं। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार ट्रक, डंपर निकलने पर सड़क पर उठने वाले धूल के गुबार के कारण दूर-दूर तक कुछ नहीं दिखाई देता है। 10 मिनट तक धूल नहीं बैठती है। इतनी देर सांस तो नहीं रोक सकते। मुंह पर रुमाल लगाने के बाद भी काफी धूल फेफड़ों में जाती है। लोग को सांस लेने में दिक्कत होने लगी है।


फुटपाथ पर खुला मैनहोल । अमृत विचार

### हादसों में जख्मी होते लोग

- दुकानदारों के अनुसार दिन में तो मैनहोल दूर से ही दिख जाता है। कुछ लोगों ने उसमें डंडे डालकर कपड़े लटका दिए हैं। जिससे बाइक सवार संभल जाते हैं। मगर रात में ऐसा नहीं है। कई बार अंधेरे के कारण लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। अनेक बाइक सवार सड़क के गड्ढों व मैनहोल के आसपास गिरकर जख्मी हो चुके हैं। हादसे का शिकार ज्यादातर बाहरी लोग होते है, जिन्हें सड़क की जानकारी नहीं है।

## एक नजर

### युवक को पीटा, घायल

**कानपुर।** कर्रही में दुकान में घुस कर युवकों ने कर्मचारी संग गाली-गलौज की। विरोध करने पर ईंट-पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत बर्रा पुलिस से की। जरौली फेस टू निवासी अयान सिंह ने बताया कि वह कर्रही में गौतम एडवरटाइजिंग में डिजाइनर के रुप में कार्यरत है। आरोप है कि शुक्रवार दोपहर दुकान में कुछ युवक आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित गंभीर रुप से घायल हो गया। मारपीट होते देख आस पड़ोस के दुकानदारों के एकत्रित होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

### 50 लाभार्थियों को दिया गया लाभ

**कानपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कोमिल द्विवेदी ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष समापन में अभी समय हैं। ऐसे में अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन भी पात्रों को योजना का लाभ लेना है, वह आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोड़कर) के व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए विभाग आर्थिक सहायता उपलब्ध कराता है।

# हाई-वे पर हादसों में तीन की गई जान

## डंपर ने बाइक में टक्कर मारी, भाजपा बूथ अध्यक्ष की पत्नी को 50 मीटर घसीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में हाईवे पर पत्नी और बच्ची के साथ जा रहे भाजपा बूथ अध्यक्ष की बाइक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद भागने के प्रयास में डंपर चालक ने बाइक को 50 मीटर दूरी तक घसीट दिया। दुर्घटना में भाजपा नेता की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं भाजपा नेता और बच्ची जख्मी हो गई। पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस से निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला की हालत नाजुक देखते हुए हैलट रेफर किया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पनकी थानाक्षेत्र के साहपुर निवासी अश्विनी पाल वार्ड 57 में भाजपा के बूथ अध्यक्ष और वार्ड मित्र हैं। उन्होंने बताया कि वह गुरुवार को 25 वर्षीय पत्नी पूनम और बेटी लाडो के साथ बाइक से हाईवे होते हुए रूमा जा रहे थे। अभी वह नौबस्ता फ्लाईओवर पर पहुंचे ही थे, कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह लोग सड़क पर गिर गए। दुर्घटना के बाद भागने के चक्कर में डंपर ने उनकी पत्नी को करीब पचास मीटर तक घसीट दिया। राहगीरों के शोर मचाने पर डंपर चालक ने गाड़ी रोकी। इसके बाद पत्नी के छूटने पर उसने तेजी से डंपर भगा लिया। हादसे में अश्विनी और लाडो के हाथ पैर में चोटें आई हैं। पूनम गंभीर रूप से घायल हो गईं।

राहगीरों ने हाईवे पर पड़े तीनों घायलों को सड़क के किनारे किया। पुलिस को सूचना दी। पुलिस अश्विनी के कहने पर निजी अस्पताल ले गई। जहां अश्विनी और लाडो को प्राथमिक उपचार दिया गया। लेकिन पूनम की हालत लगातार बिगड़ने पर उसे हैलट भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम होने के बाद शव रिवार को सुपुर्द कर दिया गया। नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि हादसे में महिला की मौत हो गई थी। हाईवे पर लगे सीसीटीवी से डंपर का पता लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए भाजपा नेता व कार्यकर्ता पहुंचे।




### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बाइक सवार गार्ड की मौत

- **कानपुर।** कानपुर देहात के थाना रूरा के अरिमल न्याई निवासी 57 वर्षीय अनूप कुमार सचेंडी स्थित एक मोटर कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। बेटे अर्जुन उर्फ मोहित ने बताया कि नाइट ड्यूटी में पिता बाइक से गुरुवार रात हाईवे से होते हुए काम पर जा रहे थे। सहलो गांव के पास अज्ञात वाहन ने साइड से टक्कर मार दी। बाइक बेकाबू होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में उनकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी रमा दीक्षित और बेटे मोहित का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ट्रक की टक्कर से वृद्ध की मौत

कानपुर। भीमसेन निवासी 74 वर्षीय मंजूर अली साइकिल पर चूड़ी की फेरी लगाते थे। बेटे छुटका ने बताया कि रोज की तरह वह फेरी लगाने निकले थे। सचेंडी थानाक्षेत्र में हाईवे पर उनकी बैंक की पासबुक कहीं गिर गई। वह हाईवे पर पासबुक को ढूंढ रहे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# प्रेम की पताका लहराने वाले कवि विनोद सम्मानित

**कानपुर।** कहकशां फाउंडेशन ने रचनाकार उमाकांत मालवीय की स्मृति में उमाकांत मालवीय कविता सम्मान सुप्रसिद्ध रचनाकार विनोद श्रीवास्तव को उनकी साहित्य सेवा के लिए प्रदान किया गया। विनोद श्रीवास्तव ने हिंदी गीतों को नई ऊंचाइयां प्रदान कर मौलिकता से संवारा है। सुकवि विनोद श्रीवास्तव ने अपने गीतों में समय को ही गाया है।


विनोद श्रीवास्तव।

उनकी सरल तरल गीत भंगिमा हिंदी गीत की अन्यतम उपलब्धि है। आम आदमी का सुख दुख, उसका राग विराग, उनके गीतों का मुख्य स्वर है। इस नफरत से भरे कठिन काल में वह प्यार बांटने वाले, प्रेम की पताका लहराने वाले अनुपम गीत कवि हैं। कहकशां विनोद श्रीवास्तव की सुदीर्घ साहित्य साधना की कामना करता है।


प्रतियोगिता में शामिल छात्र और छात्राएं। अमृत विचार

# टेक फेस्ट में दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की ओर से टेक फेस्ट आयोजित हुआ। बीसीए, एमसीए व बीटेक के छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में कई रोचक व जटिल समस्याओं को सुलझाया। प्रतियोगिता के दौरान युवाओं को संदेश दिया गया कि तकनीक का ज्ञान आज के दौर में बेहद जरूरी है।प्रतियोगिता की शुरुआत प्रति-कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव व विभागाध्यक्ष प्रो. रॉबिन्स पोरवाल ने की। दो दिवसीय टेक-फेस्ट में तीन तकनीकी प्रतियोगिताएं होंगी। पहले दिन 'डेव डुएल' के जरिए वेबसाइट डेवलपमेंट किया गया। 'कोड एरीना' के जरिए कोडिंग कॉम्पीटिशन में छात्रों प्रतिभाग किया। 'डेव डुएल' - वेब डेवलपमेंट हैकाथॉन में 70 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# पनकी में युवकों को लूटकर ऑटो से फेंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में ऑटो में सवारी के रूप में बैठे बदमाशों ने दो युवकों को तमंचा लगाकर लूट लिया। बदमाशों ने वारदात अंजाम देने के बाद पीड़ितों को चलती ऑटो से फेंक दिया। पीड़ितों ने घटना की सूचना के साथ ऑटो का नंबर थाना पुलिस को दिया। पुलिस ने लूटपाट करने वाले ऑटो चालक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूटा पर्स, बैग व एक तमंचा बरामद किया है। पुलिस घटना में शामिल ऑटो चालक के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

बाराबंकी के दरियाबाग थाना क्षेत्र के इमिलिहा गांव निवासी विकास कुमार कन्नौजिया ने गुरुवार 28 फरवरी की शाम रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विकास ने दी तहरीर में पुलिस को बताया कि वह गांव के ही अपने एक मित्र अरविंद कुमार पासवान के साथ अहमदाबाद के गांधी नगर में लोहे की जाली लगाने का काम करता है। वह दोनों 27 फरवरी को एक प्राइवेट बस से अपने गांव जाने के लिए अहमदाबाद से निकले थे। दूसरे दिन 28 फरवरी की शाम पांच बजे वह दोनों विजय नगर चौराहा कानपुर उतरे थे। वहां से झकरकटी के लिए वह लोग सवारी का इंतजार कर रहे थे, तभी उनके पास एक ऑटो कर रुकी। चालक ने साठ रुपये में छोड़ने की बात कही। ऑटो में दो लोग पहले से बैठे थे, लेकिन वह लोग भी बैठ गए। पीड़ित ने बताया कि वह लोग जब पनकी के एलएमएल चौराहे के आगे के पास सूनसान स्थान पहुंचे, तो पीछे सवारी बनकर बैठे एक युवक ने तमंचा निकालकर उन पर तान दिया और रुपये मांगे, जबकि दूसरा साथी अरविंद का बैग लूट लिया। उन लोगों ने विरोध किया तो वह लोग मारपीट करने लगे। पीड़ितों ने गाड़ी रोकने को कहा तो उसने अपने साथियों से कहा कि इन दोनों को जल्दी से लूटकर नीचे फेंक दो, वर्ना बवाल हो जाएगा। इसके बाद पीछे बैठे बदमाशों ने तमंचे के बल पर चलती ऑटो से नीचे फेंक दिया। नीचे गिरने पर उसने भागते ऑटो का नम्बर नोट कर लिया।


लुटेरे हरीकेश और पप्पू गौतम।

- **विजय नगर चौराहे पर सवारी के इंतजार में खड़े थे**
- **झकरकटी जाने की बात कहकर की थी लूटपाट**

पनकी पुलिस ने पीड़ित की लूट का मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। पनकी थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक प्लॉट पर खड़ी ऑटो का नंबर मिल ट्रेज हो गया। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम दर्शनपुरवा फजलगंज निवासी हरीकेश कुमार और फजलगंज निवासी पप्पू गौतम बताया।

# लायर्स एसोसिएशन का आज शपथ ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **लॉयर्स सभागार में होगा समारोह, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना होंगे मुख्य अतिथि**

**अमृत विचार।** लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव की नई कार्यकारिणी का शनिवार को लॉयर्स सभागार में दोपहर तीन बजे शपथ ग्रहण होगा। मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना होंगे। यह जानकारी एल्डर्स कमेटी ने दी।

20 फरवरी को लॉयर्स एसोसिएशन के चुनाव के बाद गठित नई कार्यकारिणी समारोह में शपथ लेगी। शुक्रवार को एल्डर्स कमेटी चेयरमैन विजय आचार्य की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। चेयरमैन ने बताया कि समारोह में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में बार कांउसिल सदस्य योगेंद्र स्वरुप, अमरेंद्र नाथ सिंह, अंकज मिश्रा शामिल होंगे। बैठक में सह चेयरमैन गुलाम रब्बानी, मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव, देवनाथ शुक्ला, प्रबल प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### एल्डर्स कमेटी के खिलाफ याचिका हुई खारिज

- संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद के चुनाव परिणाम की घोषणा रोकने और विजयी घोषित प्रत्याशी को शपथ न दिलाए जाने के लिए प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह ने जिला जज की कोर्ट में वाद दाखिल किया था। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन, सह चेयरमैन, मुख्य चुनाव अधिकारी व विजयी घोषित प्रत्याशी मनीष गौड़ को पक्षकार बनाया गया था। मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई का अधिकार न होने की बात कहते हुए याचिका खारिज कर दी।

# पांडु नगर में कब्जों पर चलेगा बुलडोजर


डबल पुलिया व देवकी की ओर जाने वाले मार्ग पर खड़े वाहन व अतिक्रमण। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **नगर आयुक्त ने फुटपाथ खाली कराने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार।** मेट्रो के कार्य के चलते देवकी से नीरक्षीर की ओर से जाने वाले मार्ग को दो वर्षों के लिए बंद किया गया है। इससे पांडु नगर व आसपास की गलियों में ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। खास तौर पर पीडब्ल्यूडी की ओर से बनाई गई नहर रोड पर वाहनों की संख्या बढ़ी है। इस गलियों में अतिक्रमण, इधर-उधर खड़ी कारें और चट्टे राहगीरों का रास्ता रोक रहे हैं। इसे देखते हुए नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारियों को तुरंत अतिक्रमण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

मेट्रो परियोजना के तहत देवकी चौराहे से डबल पुलिया चौराहे तक काम जारी है। सुरक्षा और कार्य में बाधा न हो इसे लेकर मार्ग को यातायात के लिये बंद किया गया है। शुक्रवार को नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने पांडु व आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया तो पाया कि जेके मंदिर नहर से पांडु नगर पुलिया होते हुये डबल पुलिया की ओर नये मार्ग पर अतिक्रमण है। यहां काफी कारें खड़ी हैं। कुछ लोगों ने अस्थाई निर्माण कर लिया है। यही हाल आसपास की दूसरी गलियों का है। नगर आयुक्त ने यातायात का दबाव देखते हुए जोनल अधिकारी और जोनल अभियंता और जोनल स्वच्छता अधिकारी जोन 6 को अतिक्रमण हटाने, सफाई कराने व गोवंश हटाने के निर्देश दिए।

**सीएसजेएमयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी** — पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने नई शिक्षा नीति में परंपरा, अनुशासन, संस्कृति और तकनीक का समावेश बताया

# दुनिया भर में तकनीक ने बदल दिया कामकाज का तौर-तरीका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूरी दुनिया में काम करने के तरीकों में बदलाव हुआ है। तकनीक के युग में जरूरी है देश के युवाओं को ऐसी शिक्षा दी जाए जिसमें परंपरा, अनुशासन, संस्कृति और तकनीक का समावेश हो। आज चीन बूढ़ा हो रहा है, जापान और जर्मनी जैसे देश में भी युवाओं की संख्या कम है, रूस घटती जनसंख्या से जूझ रहा है। अमेरिका कह रहा है कि भारत के युवाओं से बचकर रहो, नहीं तो वह हमारी नौकरी पर कब्जा कर लेंगे।

यह विचार शुक्रवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने सीएसजेएम विश्वविद्यालय में डिपार्टमेंट ऑफ लाईफ लांग लर्निंग एंड एक्सटेंशन व भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद की ओर से आयोजित दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विश्व की मांग और शिक्षा के बीच उपजी खाई को नई शिक्षा नीति पाटने का काम करेगी। नई शिक्षा नीति 'एनईपी' 2020 के माध्यम से भारतीय परंपरा और संस्कृति का पुनर्निर्माणः बहुभाषीय, बहुसांस्कृतिक और बहु-विषयक शैक्षिक दृष्टिकोण विषयक संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने विचार रखते हुए कहा कि कोरोनाकाल में देश में बनी तीन वैक्सीन ने देश के साथ ही विदेशों में भी लोगों की जान बचाई। वैक्सीन स्वदेशी की जीत थी। इस दौरान 200 पेपर पढ़े गए। संगोष्ठी में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, समाजशास्त्र विभाग के प्रो अरविन्द जोशी, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो डीआर साहू, प्रो अनूप सिंह आदि रहे।


कार्यक्रम में पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक नीलिमा कटियार व कुलपति प्रो. विनय पाठक ने किया विमोचन।

### सोने की चिड़िया नहीं दहाड़ता हुआ शेर

- संगोष्ठी में पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश सोने की चिड़िया नहीं जिसके पंख उखाड़कर उसपर कोई राज करने का प्रयास करे। आज देश दहाड़ता हुआ शेर है जिसके ऊपर नजर गड़ाने वाले को वह कभी नहीं छोड़ेगा।

### वैदिक परंपरा बहुत जरूरी

- संगोष्ठी में नई शिक्षा नीति से वैदिक परंपरा को दोबारा जीवित किए जाने का आह्वान किया गया। कहा गया कि दुनिया योग, आयुर्वेद जैसी परंपरा अपना रही है। ऐसे में तकनीक का आधुनिकीकरण अपनाना जरूरी है।

### यूपी बना सर्वोत्तम प्रदेश

- संगोष्ठी में यूपी को सर्वोत्तम प्रदेश बनने का आधार भी समझाया गया। यह कहा गया कि यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ रहा है। यही वजह है कि यहां पर निवेश सबसे अधिक आ रहा है। आज यूपी की डिजिटल लाइब्रेरी में 78 हजार लेक्चर रिकॉर्ड हैं। इन्हें लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया और आईआईटी जैसे संस्थान एमओयू कर रहे हैं। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय पाठक ने की। प्रतिकुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी व विधायक नीलिमा कटियार सहित अन्य मौजूद रहे।

### इन बिंदुओं पर हुआ मंथन

- एनईपी 2020 : संभावनाएं, चुनौतियां और कार्यान्वयन रणनीतियां
- **आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना :** एनईपी के माध्यम से भविष्य की चुनौतियों के लिए युवाओं का पोषण करना
- **स्थानीय आवाजों को मुखर बनाना :** सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के लिए एनईपी को अपनाना
- **वैश्विक युग में कौशल विकास :** अनिवार्यताएं और महत्व
- शैक्षणिक प्रशिक्षण में आईसीटी की भूमिका
- खोई हुई परंपराओं को पुनर्जीवित करना
- आधुनिक संदर्भ में भारतीय इतिहास और संस्कृति को पुनर्जीवित करना
- **स्वदेशी ज्ञान प्रणाली :** भारतीय शास्त्र और सामाजिक प्रासंगिकता

# आरटीई के दूसरे चरण के लिए आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पहले चरण से चूके अभिभावक अब कर रहे प्रयास**
- **पहले चरण के तहत निजी स्कूलों को भेजे गए पत्र**
- **428 स्कूलों को बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी किया पत्र**

**अमृत विचार।** आरटीई के तहत दूसरे चरण के आवेदन शुक्रंवार से शुरू हो गए। इस चरण में ऐसे अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन कर रहे हैं जो पहले चरण में प्रवेश से वंचित हो गए थे। उधर पहले चरण के तहत निजी स्कूलों को विभाग की ओर से पत्र भेजा जा चुका है। सोमवार से पहले चरण के प्रवेश निरजी स्कूलों में शुरू हो जाएंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को दूसरे चरण के तहत 49 आवेदन हुए। दूसरे चरण में आवेदन करने वाले वे अभिभावक शामिल हो रहे हैं जो पहली लॉटरी से बाहर हो गए थे। इसके अलावा आवेदनों के निरस्त होने और मनचाहा स्कूल न पाने वाले बच्चों के आवेदन भी दूसरे चरण में किए जा सकेंगे। उधर 26 को पहले चरण की लॉटरी जारी होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी 428 स्कूलों को पत्र जारी कर दिया गया है। इन पत्रों में स्कूल में प्रवेश पाने वाले बच्चों का विवरण व स्कूल को प्रवेश लेने का आदेश शामिल है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि आरटीई के तहत इस बार निजी स्कूलों में बच्चों का प्रवेश दिलाए जाने का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। इस बार शत प्रतिशत सीटों पर बच्चों का प्रवेश कराए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# कांग्रेस नेता ने दफ्तर में घुसकर भाजपा नेता को रिवॉल्वर से धमकाया, रिपोर्ट

## सीसीटीवी में कैद घटना का वीडियो वायरल, लाइसेंसी रिवाल्वर जब्त, हिरासत में आरोपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



ऑफिस में भाजपा नेता को रिवॉल्वर लेकर धमकाता कांग्रेस नेता अंबुज शुक्ला। (वीडियो ग्रेब) अमृत विचार

### कुर्सी में बैठाकर होती रही आवभगत

पुलिस ने वीडियो के दबाव में जैसे ही पूर्व विधायक के खास कांग्रेसी को गिरफ्तार किया। वैसे ही उनके समर्थकों ने लोगों को सूचना देना शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने थाना परिसर में कुर्सी डालकर बैठा दिया। वैसे तो किसी भी आरोप में पकड़ कर थाने लाए गए व्यक्ति को थाना कार्यालय या फिर लॉकअप में बैठाया जाता है। लेकिन कांग्रेसी नेता के रूआब के आगे पुलिस ने आंखे फेर लीं। कांग्रेसी नेता अंबुज शुक्ला कुर्सी पर पैर चढ़ाए सभी जगह फोन मिलाकर बात करता रहा। लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी ने नहीं टोका। इसका भी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में शुक्रवार शाम एक कांग्रेस नेता ने समर्थकों के साथ भाजपा नेता को दफ्तर में घुसकर रिवाल्वर से धमकाया। इसका वीडियो वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस एक्टिव हो गई। भाजपा नेता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांग्रेस नेता और उसके समर्थकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। लाइसेंसी रिवॉल्वर जब्त कर ली गई है। कांग्रेस नेता के पकड़े जाने की सूचना जैसे ही शहर के लोगों को हुई तो पुलिस के पास फोन घनघनाना शुरू हो गए।

कल्याणपुर बगिया क्रॉसिंग के पास रहने वाले भाजपा नेता भूपेश अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उनका पक्षी विहार लखनपुर में कंस्ट्रक्शन कंपनी का दफ्तर है। शुक्रवार दोपहर ऑफिस का कर्मचारी मनीष दिवाकर अपनी स्कूटी से अपने घर नवाबगंज ख्योरा किसी काम से जा रहा था। इस दौरान एक पूर्व विधायक के खास कांग्रेस नेता अंबुज शुक्ला के बेटे शुभम और सूर्यांश भी गाड़ी से निकल रहे थे। पहले निकलने को लेकर रास्ते में दोनों के बीच विवाद हो गया। मामला मारपीट तक पहुंच गया और दोनों वहां से एक-दूसरे को गाली-गलौज करते हुए निकल गए। कुछ देर बाद कांग्रेस नेता अंबुज शुक्ला अपने दोनों बेटों शुभम और सूर्यांश व समर्थकों के साथ दफ्तर में आकर धमके। भाजपा नेता ने बताया कि इस दौरान अंबुज शुक्ला ने गालीगलौज करते हुए रिवॉल्वर तान दी और कहा कि अपनी औकात में रहो। पीड़ित ने मारपीट का भी आरोप लगाया है। घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। देर शाम होते-होते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले की सूचना पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस ने मामले की जांच में आरोप सही पाए। जिसके बाद संयुक्त पुलिस आयुक्त कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि पीड़िता भाजपा नेता के कर्मचारी मनीष दिवाकर की तहरीर पर अंबुज शुक्ला, उनके दोनों बेटे सूर्यांश, शुभम और चालक नसीम खान के साथ ही एक अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने, रंगदारी, एससी एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। बताया कि फिलहाल कांग्रेस नेता को हिरासत में लेकर रिवॉल्वर जब्त कर ली गई है। लाइसेंस निरस्त करने के लिए जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। वहीं शहर के लोगों को जैसे ही कांग्रेस नेता के गिरफ्तार होने की जानकारी हुई तो उन्हें छुड़वाने के लिए थानेदार से लेकर आलाधिकारियों तक फोन घनघनाने लगे।

# छपरा-मथुरा चार को निरस्त नौ ट्रेनें बदले रास्ते से चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चार और पांच मार्च को प्रभावी रहेगी ट्रेन संचालन की नई व्यवस्था



**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के अधीन गोंडा-बुढ़वल रेल खंड में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए हो रहे इलेक्ट्रानिक इंटरलॉकिंग कार्य के कारण चार मार्च को 22531-22532 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। चार और पांच मार्च को नौ ट्रेनों का रूट भी बदला रहेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए अपना टिकट नियमानुसार निरस्त कराने या फिर अगली तिथि में टिकट का परिवर्तन कराने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं।

रेलवे प्रशासन के अनुसार 02563 बरौनी-नई दिल्ली एक्सप्रेस चार और पांच मार्च को छपरा, गोरखपुर, बाराबंकी, एशबाग, कानपुर सेंट्रल के स्थान पर छपरा, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, प्रयागराज, -कानपुर सेंट्रल के रास्ते गुजरेगी। 02564 नई दिल्ली-बरौनी एक्सप्रेस तीन और चार मार्च को कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर सिटी से छपरा होते जाएगी। 02569 दरभंगा-नई दिल्ली चार और पांच मार्च को छपरा, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, प्रयागराज से कानपुर सेंट्रल होकर चलेगी। 02570 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस चार व पांच मार्च को कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर सिटी से छपरा होकर जाएगी। 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस चार व पांच मार्च को छपरा, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल से होकर चलेगी। 12557 मुजफ्फपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस चार मार्च को मुजफ्फरपुर, छपरा, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल से आनंद विहार जाएगी। 12558 आनंद विहार टर्मिनल- मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस चार मार्च को आनंद विहार, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, छपरा से मुजफ्फरपुर जाएगी। इसी तरह 22537 गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस चार मार्च को गोरखपुर, भटनी, वाराणसी, प्रयागराज से कानपुर सेंट्रल और 22538 एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस चार मार्च को कानपुर सेंट्रल से प्रयागराज, वाराणसी, भटनी से होकर गोरखपुर रास्ते जाएगी।

# डॉ. प्रियरंजन की मदद करने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी के किसान बाबू सिंह की आत्महत्या का मामला

**अमृत विचार।** चकेरी के किसान बाबू सिंह की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। बाल संरक्षण आयोग के सदस्य एक लाख के इनामी डॉ प्रियरंजन की मदद करने वालों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। डॉ प्रियरंजन हाईकोर्ट से अंतरिम अग्रिम जमानत मिलने के बाद पूछताछ कर रही है।


किसान बाबू सिंह ने नौ सितंबर 2023 को डॉ प्रियरंजन अंशु दिवाकर और उसके साथियों पर साढ़े छह करोड़ की जमीन पर कब्जाने का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री के नाम सुसाइड नोट लिखकर ट्रेन के आगे लेटकर आत्महत्या कर ली थी। किसान की पत्नी बिटान देवी ने डॉ प्रियरंजन अंशु दिवाकर, राहुल जैन, मधुर पांडेय और शिवम सिंह चौहान, जितेंद्र यादव, बब्लू यादव के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। एक लाख के इनामिया बब्लू यादव फरार है। बाद में इस मामले में राजन वर्मा व अशोक गुप्ता का नाम बढ़ाया गया था जो भी फरार हैं।

घटना के मुख्य साजिशकर्ता डॉ प्रियरंजन हाईकोर्ट से अगली तारीख तक अंतरिम अग्रिम जमानत पर हैं। पुलिस ने गुरुवार को प्रियरंजन से करीब आठ घंटे पूछताछ की और दस्तावेज देखे थे।

# 1200 करोड़ बढ़ी शहर के निवेशकों की पूंजी

**ऑल टाइम हाई**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर





राजीव सिंह।

- सेंसेक्स और निफ़्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड
- जीडीपी आंकड़ों के दम पर उछला बाजार

**अमृत विचार।** वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त होने वाली तीसरी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर 8.4 फीसदी पर रहा। ये आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक के 6.5 प्रतिशत के अनुमान से कहीं ज्यादा बेहतर है। इसके चलते स्टाक मार्केट में हफ्ते की अंतिम ट्रेडिंग यानी शुक्रवार को निफ्टी ने 22353.3 का उच्चतम स्तर बनाया।

सेंसेक्स का उच्चतम स्तर 73819.21 बना। अंत में सेंसेक्स 1245.05 अंक की तेजी के साथ 73745.35 तो निफ्टी 355.95 अंक बढ़कर 22338.75 पर बंद हुआ। चौतरफा हुई खरीदारी से शहर के निवेशकों की पूंजी में 1200 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया जा रहा है। शेयर बाजार बढ़ने से शहर के म्यूचुअल फण्ड निवेशकों को भी जबरदस्त फायदा हुआ। शहर का म्यूचुअल फण्ड एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) करीब 28000 करोड़ रुपये है।

### चुनाव से पहले शेयर बाजार के और उड़ान भरने का अनुमान

कानपुर। लोकसभा चुनाव से पहले शेयर बाजार में बड़ी तेजी का अनुमान लगाया जा रहा है। आंकड़े भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं। बीते तीन लोकसभा चुनाव से तीन महीने पहले का रिटर्न और चुनाव के तीन माह बाद का रिटर्न इस प्रकार है...

| वर्ष | चुनाव से तीन माह पूर्व | तीन माह बाद |
|---|---|---|
| 2009 | 55.7% | 3.1% |
| 2014 | 19.1% | 8.2% |
| 2019 | 8.0% | 7.1% |

### आज विशेष ट्रेडिंग सत्र में अच्छे कारोबार की उम्मीद

**कानपुर।** आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर है। शानदार जीडीपी के आंकड़े इस ओर इशारा कर रहे हैं कि अर्थव्यवस्था की गाड़ी विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रही है। आगे भी अनुमान से अधिक तेज ग्रोथ देखने को मिल सकता है जो कि शेयर बाजार के लिए अच्छा है। शनिवार को आयोजित होने वाले विशेष ट्रेडिंग सत्र में कानपुर से भी अच्छे कारोबार की उम्मीद लगाई जा रही है।

# मरम्मत के नाम पर बिजली कटौती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मेंटीनेंस कार्य करते बिजली कर्मी।

### मेंटीनेंस माह खत्म पर जर्जर पोल मुंह चिढ़ा रहे

साकेत नगर स्थित नर्मदेश्वर मंदिर के पास लगा बिजली का खंभा पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इसी तरह नवाबगंज स्थित अमरूद मंडी के पास लगा बिजली खंभा भी जर्जर हो चुका है, जिन पर 24 घंटे करंट दौड़ रहे हैं। लेकिन केस्को का मेंटीनेंस माह बीतने के बाद भी इन खंभों पर किसी की नजर नहीं पड़ी है। जर्जर हो चुके खंभे कभी भी हादसे का सबब बन सकते हैं।

**अमृत विचार।** गर्मी शुरू होने से पहले ही बिजली का रोना शुरू हो गया है। शुक्रवार को मेंटीनेंस के नाम पर 10 सबस्टेशनों से जुड़े हजारों घरों व दुकानों की बिजली आपूर्ति पांच से छह घंटे तक बाधित रही।

शहर में केस्को के करीब सात लाख उपभोक्ता है, जिनको 93 सबस्टेशनों से बिजली आपूर्ति की जाती है। गर्मी के मौसम में लोगों को बिजली संकट का सामना न करना पडे, इसलिए केस्को ने फरवरी माह को मेंटीनेंस माह के रूप में मनाया, लेकिन केस्को के अधिकारी 29 दिनों में काम पूरा नहीं सके, जिस वजह से मार्च माह में भी उपकरणों व सबस्टेशनों में मेंटीनेंस कार्य किए जाएंगे। शुक्रवार को गंगाबैराज, दबौली, विश्व बैंक बर्रा, कर्रही, गुजैनी, हंसपुरम, रतनपुर बी-ब्लॉक व सर्वोदय नगर उपकेंद्र से जुड़े 25 मोहल्लों की बिजली आपूर्ति छह घंटे तक बाधित रही। केशवपुरम उपकेंद्र के नीलम मेमोरियल फीडर से जुड़े घर व दुकानों में बिजली सुबह 10:30 बजे से शाम छह बजे तक गुल रही। परेशान लोगों ने केस्को में शिकायत की। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि केशवपुरम में एचटी लाइन डालने के लिए शटडाउन लिया गया। गंगा बैराज, बर्रा विश्व बैंक व गुजैनी में ट्रांसफार्मर व उपकरण में मेंटीनेस किया गया। दबौली में ब्रेकर लगाने, कर्रही में जर्जर डबल पोल बदलने, हंसपुरम में 22केवी की नौबस्ता की लाइन को पुनजीवित किया गया है।

# पुरुष और महिला में होने वाले कैंसर की जांच कल होगी फ्री

**कानपुर।** यतीमखाना परेड में रविवार यानी कल बीआर सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेगा। वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ.वीके मिश्रा ने बताया कि शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, मूत्र परीक्षण, यूरोफ्लोमीटरी टेस्ट, हड्डी की ताकत की जांच, बीएमडी एवं पीएसए, पुरुष में होने वाले प्रोस्टेटे कैंसर, महिला के बच्चेदानी कैंसर, एफएनएसी, पीएपी, स्क्रैप साइटोलॉजी, आखों की जांच आदि सुविधा शिविर में निशुल्क होगी। इसके साथ ही एक्सरे, अल्ट्रासाउंड व खून की अन्य जांचों 40 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। शिविर में पंजीकृत मरीजों को ऑपरेशन में छूट मिलेगी।

# किसानों की फसल मवेशियों से बर्बाद होने से बचाई जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भारतीय किसान यूनियन का डीएम कार्यालय पर धरना

**अमृत विचार।** दिन-रात खेतों पर रखवाली करने के बाद भी किसान अपनी फसलें नहीं बचा पा रहे हैं। कहीं गोशालाएं नहीं हैं तो कई स्थानों पर जानवर गोशालाओं में बंद नहीं किए जा रहे हैं। किसानों को अपने खेत से मिट्टी खोदकर प्लाट में डालने का अधिकार दिया जाए। यह बात शुक्रवार को धरना-प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कही और मुख्यमंत्री को संबोधित 13 सूत्री ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

यूनियन के प्रदेश महासचिव अनूप सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार दोपहर किसान डीएम कार्यालय के सामने पार्क में एकत्र हुए और धरना देते हुए समस्याओं को लेकर नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि जानवरों से हो रहे नुकसान की भरपाई कराई जाए। प्रदेश महासचिव ने कहा कि बेसहारा जानवर किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। इससे किसानों को दोहरी मार पड़ रही है। पहली उनकी मेहनत बर्बाद दूसरा लागत का नुकसान हो रहा है। किसानों ने कहा कि वह ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि फसल बर्बाद कर रहे जानवरों को पकड़ कर गोशाला भिजवाया जाए। वहीं प्रदेश में किसानों की समस्याओं पर ध्यान दिया जाए। यूनियन के प्रदेश महासचिव ने कहा कि सिंचाई के लिए 18 घंटे बिजली दी जाए।

# इमरान हत्याकांड में शूटर का भाई हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हत्यारोपी अफ्फान कुरैशी व अंशु।

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में वर्चस्व को लेकर तीन दिन पूर्व हिंदू मुस्लिम एकता संगठन के महामंत्री मोहम्मद इमरान की सिर कूंचकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपियों ने शराब पीने के बाद नशे की गोलियां खाकर वारदात को अंजाम दिया था। मामले में् पुलिस ने मुख्य अभियुक्त मो शोएब उर्फ सिजारो और शुभम जायसवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। रेलबाजार पुलिस और कैंट पुलिस की संयुक्त टीम ने पिंटू सेंगर हत्याकांड के शूटर फैसल के भाई अफ्फान कुरैशी और अंशु सोनकर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर ली है।

28 फरवरी को मोहम्मद इमरान एक जन्मदिन कार्यक्रम में अपने मित्रों के साथ मौजूद थे। इसी दौरान अफ्फान कुरैशी ने फोन करके उन्हें बुला लिया था। इसके बाद अफ्फान, मो शोएब उर्फ सिजारो, शुभम जायसवाल, अंशु सोनकर ने एक्सप्रेस रोड से होते हुए जाजमऊ से फिर वापस में कार में देर रात तक नशेबाजी की थी। इसी दौरान इमरान के चाचा के घर के सामने ही चारों ने मिलकर ईंट-पत्थरों से कूंचकर हत्या कर दी थी।

**दंडवत यात्रा का स्वागत** गंगा की तरह मन को पवित्र बनाने से आता निर्मलता का भाव

# बिना गुरु कृपा के मोक्ष नहीं मिलता : करौली शंकर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



दंडवत यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करौली शंकर महादेव आश्रम की ओर से निकाली गई पांच दिवसीय दंडवत यात्रा के चतुर्थ दिवस सुजानपुर से यात्रा शुरू होकर मंगल बिहार पहुंची। वहां श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान हर- हर महादेव का उद्घोष वातावरण में होता रहा। जो भक्त दंडवत होकर चल रहे थे श्रद्धालुओं ने उनका फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह फल, प्रसाद आदि का वितरण किया गया।

आश्रम में करौली शंकर महादेव ने कहा कि गंगा की तरह ही अपने मन को भी पवित्र बनाना है। बगैर गुरु की कृपा के मोक्ष नहीं है। इस बात का सदैव स्मरण रखें। गुरु की कृपा से ही शरीर के अशुद्ध रस का नाश होता है और पवित्रता की अधिकता हो जाती है और आप धीरे- धीरे पावन हो जाते हैं। पावन का अर्थ है आप दोबारा अपवित्र नहीं होते हैं। किसी से ईष्या न करें। पड़ोसी अगर कार ले आता है तो हमारे मन में जलन होती है। अगर आप किसी से ईर्ष्या करेंगे तो आपसे भी लोग जलेंगे। इसलिए किसी के प्रति मन में बैर का भाव नहीं रखना है। जब दुसरों के सुख में सुख और दुसरों के दुख में दुखी होंगे तो निश्चित रूप से हर कोई आपके सुख दुख का साथी होगा। यदि आप किसी को भयभीत करेंगे तो आपको भी भयभीत होना पड़ेगा। इसलिए गुरु की एक बात गांठ बांध लें किसी के प्रति मन में बैर का भाव नहीं रखेंगे। दुसरों की प्रतिष्ठा से मन में जलन का भाव उत्पन्न नहीं करेंगे। इस अवसर पर शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुबोध चोपडा, महिला अध्यक्षा श्रीमती मीना द्विवेदी, विनय वर्मा, दुर्गेश मनी त्रिपाठी, आयुष द्विवेदी, मनोज तिवारी, पवन तिवारी, प्रकाश श्रीवास्तव, रमेश बाजपेई आदि रहे

## सार-संक्षेप



युग दधीचि सम्मान से सम्मानित किए गए देहदानी। अमृत विचार

### देहदानियों को दी श्रद्धांजलि, परिजन हुए सम्मानित

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को युग दधीचि देहदान महायज्ञ के तहत छह देहदानियों को श्रद्धांजलि देने साथ ही उनको युग दधीचि सम्मान समर्पित किया गया। देहदानियों ने अपनी देह चिकित्सा जगत को समर्पित की थी। मेडिकल कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. एसके कटियार ने कहा कि अभियान जिस ऊंचाई पर है,उसका श्रेय सेंगर दंपती को जाता है। यह सेंगर दंपती की त्याग व तपस्या का फल है। कल्यानपुर विधायक नीलिमा कटियार ने देहदानियों के परिजनों को माला व अंगवस्त्र समर्पित किया। कहा कि महर्षि दधीचि की परंपरा में खुद को राष्ट्र हित में समर्पित करने वाले युगों-युगों तक याद रखे जाएंगे। अभियान के संस्थापक अध्यक्ष मनोज सेंगर ने बताया कि बीते दो माह में डॉ. बद्री नारायण तिवारी, निर्मल देवी कटियार, प्रभात कुमार अग्रवाल, राम स्वरूप उत्तम, देवेंद्र प्रकाश गुप्त व मदन लाल ऐलावादी की देह चिकित्सा जगत को समर्पित की गई है। देहदानियों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही उनके परिजन विजय नारायण तिवारी मुकुल, क्रांति कुमार कटियार, ऋषि अग्रवाल, अरुणकुमार उत्तम, विनोद कुमार गुप्त व सुरेश कुमार ऐलावादी को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान कैप्टन जगतवीर सिहं द्रोण, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रदीप दीक्षित, डॉ.उमेश पालीवाल, अभियान के संस्थापक अध्यक्ष मनोज सेंगर, महासचिव माधवी सेंगर, रविकांत तिवारी, रूक्मणी तोमर, प्रकाश धवन, एनाटमी विभाग से डॉ.अलका समेत अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।



स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण। अमृत विचार

### समूह की 50 महिलाओं को जल परीक्षण प्रशिक्षण

**कानपुर।** डे-एनयूएलएम व अमृत 2.0 की ओर से शुक्रवार को बेनाझाबर स्थित प्रयोगशाला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व सुपरवाइजर को जल परीक्षण के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जलकल की प्रयोगशाला में भारत सरकार से स्वीकृत पांच परियोजनाओं में शहर के 50 वार्डों के लिए चयनित 50 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, सुपरवाइजर को जल परीक्षण के लिए प्रशिक्षण किया गया। चिह्नित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को परियोजना में छह माह तक कार्य किए जाने का कार्य आदेश भी जलकल विभाग की ओर से दिया जाएगा। डे-एनयूएलएम व जलकल विभाग से चिह्नित महिलाओं को किट भी दी जाएगी। इस परियोजना का औपचारिक शुभारंभ पांच मार्च को राष्ट्रपति की ओर से किया जाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जलकल विभाग के केमिस्ट स्मिता वाजपेई, अधिशासी अभियंता आर के यादव ,मोहम्मद शमीम, शुभम गुप्ता, चंद्र विश्वकर्मा, रुचि गुप्ता, निशा अंसारी, लक्ष्मी राजपूत, निशा सिंह , रानी शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### यूपी और मुंबई के खिलाड़ियों ने की नेट प्रैक्टिस

**कानपुर।** अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी के सेमीफाइनल मुकाबले के लिए शुक्रवार को ग्रीनपार्क में यूपी और मुंबई की टीमों ने जमकर पसीना बहाया। रविवार से शुरू होने वाले इस अहम मुकाबले के लिए दोनों ही टीमों के खिलाड़ी खुद को तैयार कर रहे हैं। यूपी के खिलाड़ी काली मिट्टी से बनी पिच को अच्छी तरह पहचानते हैं, जबकि मुंबई की टीम ने शुक्रवार को प्रैक्टिस के साथ पिच को समझा। तीन बार खिताब जीत चुकी मुंबई फिर ट्राफी पाना चाहती है, वहीं दूसरी बार जीत के लिए यूपी टीम भी तैयार है। यूपी टीम के कप्तान समीर रिजवी और कोच मो. आमिर के नेतृत्व में शुक्रवार को खिलाड़ियों ने वार्मअप, फिटनेस संबंधी अभ्यास कर नेट पर खूब पसीना बहाया। टीम के बल्लेबाज स्वास्तिक चिकारा, आराध्य यादव, आदित्य शर्मा, पार्थ जैन और कप्तान ने गेंदबाजों का डटकर सामना किया। वहीं कुणाल त्यागी, रितुराज शर्मा, विपराज निगम ने अपनी गेंदबाजी को धार दी।



पसीना बहाते खिलाड़ी। अमृत विचार



उत्पाद देखते सांसद सत्यदेव पचौरी। अमृत विचार

### सुगंध क्षेत्र में कारोबार की बहुत संभावना

**कानपुर।** सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र में चल रहे सुगंध व सुरस निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को प्रमाण पत्र वितरित हुए। इस दौरान वक्ताओं ने प्रशिक्षण में शामिल युवाओं को कारोबार के महत्व के बारे में बताया। कहा कि यह क्षेत्र काफी विस्तृत है। ऐसे में इस क्षेत्र में विश्वस्तरीय कारोबार की संभावनाएं प्रबल हैं। समारोह के दौरान सांसद सत्यदेव पचौरी ने उत्पाद देखे। उन्होंने इस दौरान कहा कि विश्व में कई ऐसे देश हैं जहां पर सुगंध व सुरस से संबंधित कारोबार की अपार संभानाएं हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को खुद का कारोबार करने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही है। युवाओं को इन योजनाओं से लाभ लेकर अपने कारोबार को आगे बढ़ाना चाहिए। समारोह के दौरान केंद्र प्रभारी डॉ भक्ति विजय शुक्ला ने युवाओं को इस कारोबार के क्षेत्र और उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। कहा कि यदि कोई युवा इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहता है तो उसे मेहनत के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। कार्यक्रम में गुंजन धर गुप्ता, सुखदेव सिंह गौतम, डॉ नागेन्द्र सिंह ,डॉ रविन्द्र नाथ सिंह, अरमान अग्रवाल, मृदुषि शुक्ला, लव गेरा, पीयूष चतुर्वेदी सहित अन्य मौजूद रहे।

### यूपीसीए ने खिलाड़ियों के पंजीकरण की तिथि बढ़ाई

**कानपुर।** यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के 2024-25 सत्र के लिए विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों का पंजीकरण शुरू है। केसीए सचिव कौशल कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ी यूपीसीए की वेबसाइट पर आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र से पंजीकरण करा सकते हैं। वेबसाइट पर फार्म भरने के बाद उसका प्रिंट केसीए कार्यालय चुन्नीगंज में पंजीकरण राशि 400 देकर जमा कर सकते हैं। फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 10 मार्च कर दी गई है।

### दौड़ और लंबी कूद में बहाया पसीना

**कानपुर।** ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन जवाहर नगर और न्यू आजाद नगर का संयुक्त वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त, कर्नलगंज महेश कुमार ने झंडारोहण और दीप जलाकर किया। प्रतियोगिता में पीजी से लेकर नवम-एकादश के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। गणित दौड़ प्रतियोगिता में छात्र अनमोल त्रिपाठी ने प्रथम, हृदयांश ने द्वितीय व हिमांशु सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा छह के छात्र अर्णव कनौजिया, कक्षा पांच की अनन्या, कक्षा आठ की आयुषी त्रिपाठी ने प्रथम स्थान पाया।

# गैंगरेप के बाद ईंट भट्टे में पसरा सन्नाटा

## दोनों किशोरियों के शव पेड़ पर लटके मिलने से खौफ, झोपड़ियां खाली कर गांव पलायन कर गए मजदूर

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली के एक ईंट भट्टे में किशोरियों के साथ गैंगरेप और फिर पेड़ में उनकी लाशें लटकी मिलने के बाद भट्टे में सन्नाटा पसरा है। भट्टे में काम करने वाले सभी मजदूर झोपड़ियां खाली कर अपने गांव पलायन कर गए हैं। एहतियात के तौर पर पुलिस और पीएसी तैनात है। इस मामले में पुलिस के अफसर कोई भी बात करने से कतरा रहे हैं।

ईंट भट्टे में किशोरियों को जबरन बीड़ी और शराब पिलाने, फिर उनके साथ गैंगरेप करने, दूसरे दिन बेर के पेड़ में दोनों किशोरियों की लाशें लटकी मिलने के सनसनीखेज मामले में पुलिस नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी कर दबाने का पूरा प्रयास कर रही है। भट्टे में यह वारदात उस समय हुई थी, जब किशोरियों के परिवार वाले हफ्ते भर के पारिश्रमिक का भुगतान होने के बाद गृहस्थी का सामान लेने बाजार गए थे। मामला सामने आने के बाद तो पुलिस ने तेजी से सक्रियता दिखाई, मगर अब सवालों का जवाब देने से बच रही है।

### खामोशी छाई

- एहतियात के तौर पर ईंट भट्टे में पुलिस-पीएसी तैनात
- घटना के बारे में कोई बात करने से कतरा रहे अफसर


वारदात के बाद वीरान हुए ईंट भट्टे में शुक्रवार को सन्नाटा पसरा रहा। अमृत विचार

### शासन को भेजा गया सीलबंद लिफाफा

यह सनसनीखेज मामला प्रदेश शासन तक पहुंच चुका है। यही वजह है कि थाने से लेकर सर्किल के पुलिस अफसर इस मामले में कोई भी जानकारी देने से बच रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बारे में भी कुछ जानकारी नहीं दी जा रही है। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह का सिर्फ इतना ही कहना है कि तीन डॉक्टरों के पैनल से दोनों किशोरियों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में शासन को भेजा गया है। उधर, इस मामले के विवेचना अधिकारी खुर्शीद अहमद का कहना है कि जांच की जा रही है। मामला ऊपर तक गया है, इसलिए बड़े अधिकारी ही कोई जानकारी दे सकते हैं।

भट्टे में दो किशोरियों के साथ गैंगरेप और फिर उनकी लाशें मिलने के बाद मजदूरों में इस कदर खौफ समाया कि गुरुवार को ही सभी भट्टा मजदूर झोपड़ियां खाली कर अपने परिवारों के साथ गांव पलायन कर गए। अलबत्ता, भट्टे में पुलिस और पीएसी तैनात है, मगर मजदूरों को अपनी सुरक्षा का कतई यकीन नहीं रहा। शायद यही वजह है कि सभी परिवार भट्टा छोड़कर चले गए और अब भट्टे में पूरी तरह सन्नाटा पसरा हुआ है। भट्टे के मुनीम, बेलदार और पथेड़ा मजदूर सबके सब पलायन कर चुके हैं।

### कहीं हत्या के बाद तो नहीं लटकाए गए शव!

किशोरियों को जबरन बीड़ी, शराब पिलाने और फिर गैंगरेप की क्रूर सच्चाई आने के बाद परिवार वालों ने आरोपियों से शिकायत की थी। शिकायत पर उनके साथ गालीगलौज और मारपीट की गई थी। इस बात का जिक्र एफआईआर में भी किया गया है, मगर सवाल उठता है कि जब समझाने-बुझाने के बाद किशोरियां खेलने-कूदने के लिए निकली थीं तो उन्होंने फांसी क्यों लगा ली? लोगों का कहना है कि संभव है कि गैंगरेप का खुलासा होने और मारपीट करने के बाद आरोपियों को इस बात का भय था कि कहीं मामला पुलिस तक न पहुंच जाए, इससे बचने के लिए किशोरियों की हत्या कर पेड़ पर लटकाया गया हो। बेरी के पेड़ पर फांसी लगाने की बात किसी के गले नहीं उतर रही है।

### घाटमपुर कांड की बाल आयोग में की गई शिकायत

**कानपुर।** घाटमपुर में गैंगरेप से आहत किशोरियों के जान देने के मामले में सेंट्रल बार एसोसिएशन ने मामले की शिकायत बाल आयोग से की है। एसोसिएशन ने आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए कठोर सजा दिलाने की मांग की है। बीती 27 फरवरी को घाटमपुर में दो किशोरियों को जबरन शराब पिलाकर ईंट भट्टा ठेकेदार रामरुप के बेटे रज्जू व भांजे संजय ने गैंगरेप किया था। आरोपियों ने किशोरियों का अश्लील वीडियो भी बनाया था। पीड़िता के परिजनों ने आरोपियों के परिजनो से शिकायत की तो उन्होंने मारपीट कर दी थी। घटना से आहत किशोरियों ने आत्महत्या कर ली थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रामरुप, रज्जू व संजय के खिलाफ गैंगरेप, आत्महत्या के दुष्प्रेरित करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर ने बाल आयोग को पत्र लिख घटना से अवगत कराया। महामंत्री ने कहा कि मारपीट के बाद पीड़ित परिवार ने घाटमपुर पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# गांव में अंतिम संस्कार, गूंजती रहीं चीखें

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** घाटमपुर के ईंट भट्टे में गैंगरेप का शिकार हुईं दोनों किशोरियों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद शुक्रवार सुबह दोनों शवों को सिसोलर थाना क्षेत्र के पैतृक गांव लाया गया तो एक बार फिर चीखें गूंज उठीं। पोस्टमार्टम हाउस से गांव आने और फिर अंतिम संस्कार के समय घाटमपुर पुलिस के साथ सिसोलर पुलिस मुस्तैद रही। वजह साफ थी कि कहीं गुस्सा न भड़क जाए और बवाल की नौबत आए।

ईंट भट्टे में ठेकेदार के पुत्र और भांजे ने जिस तरह 14 और 16 वर्षीया किशोरियों को जबरन शराब पिलाई और फिर गैंगरेप किया। मोबाइल में अश्लील वीडियो भी बनाया, उसे लेकर गांव वालों में जबर्दस्त गुस्सा है। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को जब दोनों किशोरियां शव गांव पहुंचे तो गांव का माहौल गमगीन हो गया। घाटमपुर पुलिस कानपुर से ही साथ चल रही थी। इधर, सिसोलर पुलिस भी गांव पहुंच गई। पुलिस ने अपने सामने ही दोनों किशोरियों का अंतिम संस्कार कराया।

एक किशोरी के पिता ने बताया कि पिछली दीपावली के बाद ठेकेदार उन्हें परिवार के साथ मजदूरी करने के लिए बरौली घाटमपुर के भट्टे ले गया था। वहां सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन ठेकेदार और उसके लड़के ने एक झटके में सब कुछ बर्बाद कर दिया। वह बाजार गया था, तभी ठेकेदार रामरूप के पुत्र रज्जू व उसके भांजे संजय ने पहले दोनों बेटियों को जबरन शराब व बीड़ी पिलाई और फिर उनके साथ दुष्कर्म किया। उनका अश्लील वीडियो भी बनाया। 14 साल की किशोरी गांव के परिषदीय स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा थी, जबकि दूसरी 16 वर्षीय किशोरी कक्षा आठ पास कर चुकी थी।

### पुलिस रही मुस्तैद

- दोनों किशोरियों के शव गांव में पहुंचते ही मच गया कोहराम
- अंतिम संस्कार के दौरान मुस्तैद रहा दो थानों का पुलिस बल


गांव में किशोरियों के घर के बाहर गमगीन खड़े ग्रामीण। अमृत विचार

### पहले मजदूरों को कौशांबी ले जाता था ठेकेदार

सिसोलर थाना क्षेत्र के एक छोटे से डेरा में करीब 75 परिवार रहते हैं। इन परिवारों में ज्यादातर मजदूर तबके के हैं और निषाद बिरादरी के हैं। यह मजदूर गांव के ही ईंट भट्टा ठेकेदार रामरूप निषाद के अंडर में काम करते हैं। मजदूरों ने बताया कि ठेकेदार पहले गांव के करीब 20 परिवारों को कौशाम्बी ले जाता था, लेकिन इधर दो साल से घाटमपुर के ईंट भट्टे में काम करवाता था।

# बिल्हौर में व्यापारी से लूट

संवाददाता, बिल्हौर

- ईशन नदी पुल पर पंचर होने पर बदल रहे थे पहिया

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों अपराधी बेखौफ हैं। लूटपाट की घटनाएं आम हो गई हैं। ताजा मामला गुरुवार की देर रात 10 बजे का है, जब कानपुर के नौबस्ता से फर्रुखाबाद की ओर जा रहे व्यापारी के साथ नए कोतवाली भवन के सामने लूट हो गई। लुटेरे नकदी और मोबाइल लूट कर बाइक से फरार हो गए।

नौबस्ता के रहने वाले कमलेश कुमार एक कांस्ट्रक्शन कम्पनी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात हैं। 29 फरवरी की रात 10 बजे वह अपनी गाड़ी से नौबस्ता से फर्रुखाबाद की ओर जा रहे थे। उनके साथ उनका ड्राइवर शानू अहमद था। बिल्हौर कस्बे से दो किलोमीटर दूर हाईवे पर ईशन नदी पुल पर उनकी गाड़ी का पहिया पंचर हो गया। इसके बाद ड्राइवर गाड़ी से उतरकर पहिया खोल रहा था, तभी बिल्हौर कस्बे की ओर पहुंचे तीन युवकों ने उनसे पानी मांगा। पानी नहीं होने पर तीनों वहां से चले गए।


बिल्हौर कोतवाली पहुंचे पीड़ित।

बताते हैं कि कुछ दूर जाने के बाद फिर लौटकर पहुंचे। इस बीच कमलेश अपनी गाड़ी का सामान चेक कर रहे थे, तभी तीनों युवक उनके साथ मारपीट करने लगे। लात-घूंसा और डंडों से जमकर पीटा और उनकी जेब से 24 हजार रुपये व मोबाइल फोन छीन लिया। ड्राइवर के शानू अहमद की जेब से भी आठ हजार रुपये और मोबाइल छीन लिया, फिर गाड़ी में रखे कागजात, लाइसेंस और पैनकार्ड लेकर फरार हो गए।

सुपरवाइजर कमलेश कुमार ने लुटेरों के भाग जाने के बाद दूसरे फोन से घटना की सूचना डायल 112 में दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी दूरी तक छानबीन की, लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ। घटनास्थल पर पहुंचे एडीसीपी विजेंद्र द्विवेदी ने सुपरवाइजर से घटना की जानकारी ली और तहरीर के आधार पर अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# जिंदगी-मौत से जूझते मधु की थम गईं सांसें

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई मधु 24 घंटे तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करती रही। आखिर उसकी सांसें थम गईं। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सजेती कस्बा निवासी संतोष कुमार तिवारी की पत्नी मधु (46) अपने बेटे प्रद्युम्न तिवारी और भतीजी खुशी के साथ छाझा रायपुर से शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर सजेती वापस जा रही थी, तभी स्योदी ललईपुर गांव के सामने भूसा भरे ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी, जिससे स्कूटी चला रहे प्रद्युम्न तिवारी के साथ मधु तिवारी और खुशी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था, जहां खुशी और प्रद्युम्न का इलाज किया जा रहा है, वहीं मधु की हालत गंभीर होने पर हैलट कानपुर रेफर किया गया था। 24 घंटे तक जिंदगी-मौत से जूझने के बाद आखिर शुक्रवार को मधु की इलाज के दौरान मौत हो गई। मधु की मौत से कोहराम मच गया।


मधु तिवारी।

# हादसे में युवक की मौत, दो घायल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** घाटमपुर थाना क्षेत्र के गजनेर रोड पर गुरुवार की रात तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। तीनों युवक शादी समारोह में शामिल होने के बाद एक ही बाइक से गांव लौट रहे थे। मौत से परिवार में कोहराम मचा रहा।


रामजी।

नंदना चौकी क्षेत्र के हथेही गांव के रहने वाले कमलेश पांडेय का पुत्र रामजी पांडेय अपने गांव के ही दिनेश साहू पुत्र स्व. जगदीश साहू और निहुरापारा गांव के रहने वाले अपने साले दिव्यांशु के साथ गांव के ही चन्ना साहू की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए गजनेर के एक गेस्ट हाउस गए थे। शादी में शामिल होने और दावत खाने के बाद तीनों एक ही बाइक से हथेही गांव लौट रहे थे, तभी गजनेर रोड पर एक गेस्ट हाउस के ठीक सामने ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।


रोती-बिलखती रहीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

ट्रक की टक्कर लगने के बाद तीनों युवक सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में माती जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां रामजी पांडेय (28) की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दिनेश साहू और दिव्यांशु का इलाज चल रहा है। इन दोनों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। रामजी की मौत के बाद उसकी पत्नी दीक्षा और परिवार की अन्य महिलाएं बिलख पड़ीं। बाकी परिजनों का भी रो-रो कर बुरा हाल रहा।

# भागवत कथा सुनने से मिल जाता मोक्ष

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** भूतेश्वर महादेव के शिव हरि धाम बिच्छीपुर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के प्रथम दिन राजा परीक्षित की कथा सुनाते हुए कथा व्यास कमल नयन शरण जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सुनने से व्यक्ति को मोछ की प्राप्त होती है। राजा परीक्षित को श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सुनकर मोक्ष की प्राप्ति हुई थी।

क्षेत्र की महिलाओं एवं पुरुषों ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया। कार्यक्रम के संयोजक शिवकुमार द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कथा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 7 दिन चलेगी जिसमें सभी भक्त लोग आकर भागवत कथा का श्रवण करें। और भागवत कथा के अंतिम दिन विशाल भंडारे व शिव बारात शिव बारात का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजक शिवकुमार द्विवेदी ने बताया कि इस शिव धाम मंदिर में हर सोमवार को श्री शिव धाम मंदिर में भंडारे का आयोजन होता है, जिसमें आसपास के क्षेत्रीय भक्त आकर भगवान शिव के दर्शन कर भोजन भंडारा प्रसाद ग्रहण करते हैं।


कथा सुनने पहुंचीं महिलाएं।

# बच्चों को स्कूल से ले जाने का आरोप

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के धौकलपुर निवासी युवक ने घर छोड़कर भागी पत्नी पर अब बच्चों को भी स्कूल से बहला-फुसला कर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धौकलपुर निवासी प्रेम कुमार शर्मा ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके दो जुड़वां बच्चे सत्यम और शिवम हैं। 16 फरवरी को दोनों गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने गए थे, जहां से घर नहीं लौटे। काफी खोजबीन करने के बाद पता चला कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उसे छोड़ कर भागी पत्नी शांति तीसरे पुत्र को लेकर गुजरात में एक युवक के साथ रहती है। वही इन दोनों बच्चों को भी ले गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने कहा कि जानकारी मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अंडरपास के लिए हुआ मुआयना

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** मरियानी गांव के सामने हाईवे पर अंडरपास की मांग को लेकर चल रहे बेमियादी धरना-प्रदर्शन के बीच शुक्रवार को एडीएम सिटी के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची और अंडरपास की संभावनाओं का तलाशा। टीम ने मौका मुआयना किया। टीम जल्द ही पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी।

मरियानी गांव के सामने हाईवे पर अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीण हफ्ते भर से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों से समस्या का समाधान कराए जाने की बात दोहरा रहे हैं, वहीं क्षेत्रीय सांसद अशोक रावत ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया है। दूसरी ओर क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने भी जिलाधिकारी को भेजे पत्र में समस्या का बिंदुवार जिक्र करते हुए निदान शीघ्र कराने की बात कही है।


मरियानी में अंडरपास के लिए मुआयना करती अफसरों की टीम। अमृत विचार

बेमियादी धरना-प्रदर्शन शुरू होने के बाद शुक्रवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने चार सदस्सीय टीम गठित कर मौका मुआयना कर रिपोर्ट भेजने के आदेश दिए थे। शुक्रवार को एडीएम सिटी राजेश कुमार के निर्देश पर पीडी एनएचआरआई, एसीपी बिल्हौर अजय त्रिवेदी, एसीपी ट्रैफिक व एआरटीओ ने एसडीएम रश्मि लांबा के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया। टीम ने ग्रामीणों से वार्ता कर अंडरपास को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। एसडीएम रश्मि लाम्बा ने बताया कि टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी।

# किसानों के लिए योगी सरकार संजीदा: सिंह

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचारः** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह शुक्रवार को महाराजपुर पहुंचे। ग्रामीण परिक्रमा यात्रा के तहत यहां टीकेश्वर धाम परिसर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार द्वारा लगातार किसानों के हितों के लिए चिंतन किया जा रहा है। इसी के क्रम में ग्रामीण परिक्रमा यात्रा के जरिए पूरे प्रदेश के किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके सुझावों को पार्टी के एजेंडे में शामिल करना एवं प्रदेश के किसानों की समस्याओं को दूर करना ही उनकी पार्टी की प्राथमिकता है। गोवंशों के संरक्षण के लिए अस्थाई और स्थाई स्थलों और उनके भरण पोषण की व्यवस्था की गई है। यहां प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह, सहकारिता क्रय विक्रय चेयरमैन राहुल सिंह, जिला मंत्री विनय मिश्रा, हरिहर भदौरिया, विनय प्रताप सिंह, रज्जन शुक्ला, अमन सिंह, रवि भदौरिया आदि रहे।


पत्रकारों से वार्ता करते कामेश्वर सिंह।

### नव मतदाता सम्मेलन

पं. आरके कॉलेज ऑफ लॉ पहुंचे राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा

# देश का भविष्य युवाओं के हाथ : दिनेश शर्मा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** युवा देश का भविष्य है। उनके द्वारा किए गए मतदान से देश की दिशा व दशा बदलेगी। नए मतदाताओं को चाहिए कि वह आगामी चुनाव में अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। यह बातें शुक्रवार को अमिलिहा गांव के पं आरके शुक्ला कॉलेज ऑफ लॉ में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राज्यसभा सदस्य एवं प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहीं। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नमो ऐप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

नमो नव मतदाता सम्मेलन में दोपहर करीब डेढ़ बजे पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ.दिनेश शर्मा ने सबसे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद संबोधन में उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। अच्छी शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे युवा ही देश की दिशा व दशा तय करते हैं। इस दौरान उन्होंने नमो ऐप के बाबत महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए बताया कि इस ऐप के जरिए महत्वाकांक्षी योजनाओं व उपलब्धियां के बारे में जानकारियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने नव मतदाताओं से मत की अहमियत समझने व इसका सही जगह इस्तेमाल किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा नये मतदाताओं को पार्टी से जोड़कर लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें हासिल करेगी।


कार्यक्रम की शुरुआत करते पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा। अमृत विचार

इसके पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला मंत्री अवध बिहारी मिश्रा, संस्थान के चेयरमैन व कार्यक्रम आयोजक विनोद शुक्ला ने मुख्य अतिथि का फूल माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक बीपी ओझा, शिक्षक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीन गुप्ता ने किया।

# लूट के दोषी को चार साल का कारावास

**कानपुर देहात।** शिवराजपुर क्षेत्र में वर्ष 2017 में सराफा दुकान से अंगूठियों का डिब्बा लूटने के मामले में आरोपी के अपना अपराध स्वीकार करने पर कोर्ट ने चार साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर तीन हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा व विकास सिंह ने बताया कि शिवराजपुर कस्बे में आभूषण की दुकान से 19 मई 2017 को ग्राहक बनकर पहुंचे दो बदमाशों ने दूसरा सामान दिखाने का चकमा देकर 50 ग्राम अंगूठियों वाला डिब्बा लूटा था। दुकानदार हरिश्चंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए बिठूर क्षेत्र के गांव पारा प्रतापपुर निवासी कमल कुमार सविता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# बच्चों के साथ खाया मिडडे मील

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचारः** सरसौल विकास खण्ड के तुसौरा प्राथमिक विद्यालय का शुक्रवार को डीडीओ ने औचक निरीक्षण कर जमीनी हकीकत परखने की कोशिश की। उन्होंने बच्चों के साथ पंगत में बैठकर मिडडे मील भी खाया।

डीडीओ गजेंद्र सिंह ने विद्यालय भवन की स्थिति, स्टोर और किचेन शेड सहित मिडडे मील की भी जांच की। स्कूल के बच्चों की शिक्षा कैसी चल रही है, यह जानने के लिए बच्चों के साथ संवाद किया और कक्षाओं में जाकर बच्चों से सवाल किए। उन्होंने सवालों के जवाब भी समझाए। तीन से पांचवीं कक्षा के बच्चों से हिंदी और अंग्रेजी की किताबें पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। इस दौरान गजेंद्र सिंह ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि कमजोर बच्चों पर फोकस कर उन पर अधिक ध्यान दें। मिडडे मील की गुणवत्ता और इसे पकाने में साफ सफाई का विशेष ध्यान देने का भी निर्देश दिया। एक पखवाड़े पहले सरसौल स्टेशन स्थित एक एडेड जूनियर स्कूल में मिड डे मील खाने के बाद लगभग एक दर्जन से ज्यादा बच्चे बीमार हो गए थे उसके बाद से ही प्रशासन विकास खण्ड क्षेत्र में मिडडे मील को लेकर काफी सतर्कता बरत रहा है। डीडीओ ने तुसौरा के ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर समस्याएं सुनीं और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी ली। ग्रामीणों के राशन कार्ड, पेंशन योजनाओं और पेयजल आपूर्ति के विषय के चर्चा की। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी निशांत राय, पंचायत सचिव मनीष कुमार, ग्राम प्रधान उर्मिला देवी के अलावा ग्रामीण मौजूद रहे।


बच्चों के साथ पंगत में बैठकर मिडडे मील खाते डीडीओ। अमृत विचार

# अनियंत्रित कार ने चार कांवड़ियों को रौंदा, एक की मौत व 3 घायल

## अजगैन कोतवाली अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर देर रात हुआ हादसा

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव



संतोष कुमार।

- पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजने के साथ शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत पक्षी विहार के सामने तेज रफ्तार कार की टक्कर से जलाभिषेक को जा रहे चार कांवड़िए घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची सभी को सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने एक कांवड़िये को मृत घोषित कर दिया। जबकि, तीन का इलाज चल रहा है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव इकघरा सिकंदरपुर निवासी 35 कांवड़ियों का जत्था लोधेश्वर (बाराबंकी) में शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिये गुरुवार शाम गांव से निकला था। वहां से सभी जाजमऊ स्थित गंगातट पहुंचे। जहां स्नान के बाद गंगाजल लेकर सभी लोधेश्वर महादेव मंदिर जा रहे थे। अजगैन कोतवाली अंतर्गत पक्षी विहार के सामने हाईवे पर देररात एक बजे अनियंत्रित कार ने जत्थे में चल रहे दिव्यांग मनीष पुत्र श्याम कुमार निवासी गौरी सलोनेपुर हसनगंज कोतवाली, संतोष (45) पुत्र कल्लू निवासी इकघरा सिकंदरपुर कोतवाली अजगैन, अनीश पुत्र बबलू व धनलाल पुत्र मन्नू को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने संतोष को मृत घोषित कर दिया। जबकि, अन्य तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी में इलाज न होने पर कांवड़ियों ने जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने किसी हंगामे से बचने के लिये रात में ही शव को मोर्चरी भेज दिया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसएचओ अवनीश कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। इसलिये रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार का पता लगाने में जुटी है।

### अलग-अलग हादसों में दो युवक घायल

सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवासी गांव निवासी आशीष सिंह व अनिकेत सिंह बाइक से लखनऊ हाईकोर्ट जा रहे थे। अजगैन कोतवाली अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर अजगैन मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वे सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अनियंत्रित होकर बाइक फिसली, युवक जख्मी

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के अतरधनी गांव निवासी कैफ (22) पुत्र रिजवान शुक्रवार को बाइक से कस्बा बांगरमऊ जा रहा था। लखनऊ मार्ग पर सुरसेनी गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें कैफ गंभीर घायल हो गया। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### बाइक की टक्कर से दो छात्राएं घायल, रेफर

बांगरमऊ। फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव दशहरी निवासी स्वामी (15) पुत्री राजेंद्र कुमार व गांव रंजीत खेड़ा निवासी नेहा (15) पुत्री रामस्वरूप दोनों छात्राएं गांव हफीजाबाद स्थित कोचिंग पढ़कर साइकिल से घर लौट रही थीं। तभी संपर्क मार्ग पर नगहरी गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। इससे दोनों छात्राएं सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों ने छात्राओं को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाज़ुक देख जिला अस्पताल भेज दिया।

# नारकोटिक्स की दवा देते समय आधार कार्ड जरूर लें

**नवाबगंज उन्नाव।** दवा दुकानदार उद्यम रजिस्ट्रेशन के साथ नारकोटिक्स की दवा मरीज को देने पर उसका आधार कार्ड और चिकित्सक का पता अपने पास जरूर रखें। हर माह इसकी रिपोर्ट भेजें। साथ ही जो भी मेडिकल स्टोर किराये पर हो उसका रजिस्टर्ड किरायानामा कराकर कार्यालय में जमा करायें।

यह जानकारी केमिस्टों की बैठक में औषधि निरीक्षक अशोक कुमार ने मेडिकल स्टोर संचालकों को दी। उन्होंने बताया कि दवा का व्यवसाय सेवा का व्यवसाय है। मरीज को दवा देने के साथ उसे दुकान का पर्चा भी दें। किसी भी मरीज को यदि नारकोटिक्स दवा लिखी गई है तो उसके पर्चे की फोटोकापी और आधार कार्ड भी अपने रजिस्टर में अंकित कर लें। बताया कि सभी लोग उद्यम रजिस्ट्रेशन बनवा लें। इसके साथ जो भी मेडिकल स्टोर किराये पर चल रहे हैं उनका किरायानामा बनवाकर जमा करा दें। बताया कि दुकान में साफ-सफाई के साथ मेडिकल स्टोर का लाईसेंस भी टांग दें।

# 400 पार के नारे को सच साबित करेंगे युवा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कहा गांव-गांव जाकर युवाओं की टोलियां भाजपा प्रत्याशियों के लिये मांगेंगी वोट
- घर-घर जाकर सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे



जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत करते भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कुश सिंह।

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पार करेगी। इसके लिए युवाओं ने एक बार फिर कमर कस ली है। गांव-गांव जाकर युवाओं की टोलियां वोट मांगेंगी और सरकार की नीतियों पर चर्चा करेंगी। साथ ही भ्रामक प्रचार करने वाले विपक्ष को मुंहतोड़ जवाब भी देंगी।

यह बात शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने बीघापुर ब्लाक सभागार में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कुश सिंह के संयोजन में आयोजित युवा चौपाल में कही। 400 पार विषय पर आयोजित चौपाल में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं में वह शक्ति होती है जो एक बार ठान लें तो करके ही छोड़ते हैं। इस बार युवाओं ने 400 का आंकड़ा पार करने की ठानी है।

भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा सरकार युवाओं के लिए टैबलेट व लैपटाप योजना से लेकर उन्हें रोजगार तक का प्रबंध कर रही है। ऐसे में अब युवाओं की बारी है कि भाजपा के 400 सीटें जीतने के मिशन को पूरा करने में अपनी पूरी ऊर्जा के साथ लगें और मिशन सफल बनाएं। चौपाल संयोजक कुश सिंह ने कहा कि एक बार फिर देश में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इसके लिए युवा मोर्चा के साथी पूरे उत्साह के साथ जनता के बीच जा रहे हैं। हम सभी सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवा साथी मतदाताओं के घर घर संपर्क सीधे संपर्क करके इस अभियान को और तेज करेंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनुराग अवस्थी, मंडल अध्यक्ष बीघापुर अतुल पटेल, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो अनुराग अवस्थी, भोले सिंह, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष संजय शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख बीघापुर प्रतिनिधि पवन पासवान, हिमांशु सिंह, मोना प्रधान, नाना प्रधान सहित सैकड़ों युवा मौजूद रहे। संचालन नमन बाजपेई ने किया।

# पत्नी की हत्या करने वाले को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



- फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने की थी हत्या
- पत्नी की हत्या करने के बाद शव नहर में फेंककर फरार हो गया था पति

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत दहेज की मांग पूरी न होने पर पति द्वारा पत्नी की हत्याकर शव नहर में फेंकने के केस की सुनवाई पूरी होने के बाद एफटीसी कोर्ट ने आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर जुर्माना भी लगाया।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के निवहरी कल्यानपुर गांव निवासी बालेंद्र सिंह पुत्र रामपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया था कि उसने अपनी बेटी की शादी फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सुक्खा खेड़ा मतलबपुर गांव निवासी नरेंद्र सिंह से 10 फरवरी-2019 को की थी। दहेज देने के बाद भी दामाद पांच लाख रुपये की मांग कर रहा था। इसके लिए वह बेटी को आएदिन प्रताड़ित करता था। उसने बताया कि 7 मई-2020 को बेटी की चचेरी ननद शालिनी ने उसे बेटी के साथ पति द्वारा मारपीट की जानकारी दी।

अगले दिन वह बेटी की ससुराल पहुंचा तो उसकी बेटी की हत्याकर शव नहर में फेंककर दामाद फरार हो गया था। पुलिस ने 8 मई-2020 को रिपोर्ट दर्ज की और आरोपी पति को गिरफ्तार के जेल भेजा था। तत्कालीन सीओ बांगरमऊ एमपी शर्मा ने केस की छानबीन कर साक्ष्य एकत्र कर कोर्ट में 31 मई-2020 को चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से फास्ट ट्रैक कोर्ट-1 में केस विचाराधीन था। शासकीय अधिवक्ता यशवंत सिंह की दलीलों और पेश किए गए सबूतों के आधार पर एडीजे स्वतंत्र प्रकाश ने शुक्रवार को आरोपी पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास के साथ 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी जमा करने के निर्देश दिये।

# छेड़छाड़ का आरोप लगा कर महिला बनी 'वीरू'

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- फतेहपुर चौरासी नपं के अफसर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत क्षेत्र में बनी कान्हा गोशाला में भूसा आपूर्ति करने वाले युवक की पत्नी ने नगर पंचायत के एक अफसर पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। अफसर पर कारवाई की मांग को लेकर महिला पानी की टंकी पर चढ़ गई थी।

पुलिस को दिये शिकायती पत्र में महिला ने बताया कि उसके पति गोशाला में देखरेख का कार्य करने के साथ भूसा आपूर्ति करने का काम करते हैं। अधिक कमीशन की मांग न पूरी करने के कारण बीते कई महीनों से उनका भुगतान नहीं किया गया है। जिसकी जानकारी लेने को वह नगर पंचायत कार्यालय पहुंची थी। पीड़िता का आरोप है कि रात करीब 8 बजे कार्यालय के अफसर ने उसे जान बूझकर अपने कमरे में बुलाया। आरोप है कि अफसर ने अर्धनग्न अवस्था में उसे दबोच लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर रौब दिखाते हुए उसका घर गिरवाने की धमकी भी दी। साथ ही उसे रुपये का लालच भी दिया। घटना ने आहत महिला आत्महत्या के इरादे से पानी की टंकी पर चढ़ गई। जिसकी सूचना पर पुलिस पहुंची और आश्वासन देकर उसे नीचे उतारा।

# सड़क हादसों में तीन घायल

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ मार्ग स्थित गांव रघुबर खेड़ा में शुक्रवार देरशाम तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इससे साइकिल सवार कमलेश (32) व बाइक सवार रामू (32) सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में संडीला मार्ग स्थित गांव संभर खेड़ा के पास तेज रफ्तार बाइक आगे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी। इसमें बाइक सवार अमित (25) गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डाक्टर ने हालत नाजुक देख अमित को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। बाकी का इलाज जारी है।

# उधार रुपये न देने पर पेचकस से किया हमला

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



जिला अस्पताल में भर्ती युवक।

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत किला चौकी क्षेत्र के मोहल्ला कासिफ अली सरांय में किराना दुकानदार ने रुपये उधार देने से मना किया तो आरोपी युवक ने उस पर पेचकस से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कासिफ अली सरांय निवासी मुकीम (26) घर में ही किराना दुकान चलाते हैं। शुक्रवार देरशाम वह घर के पास खड़ा था। तभी पड़ोसी युवक शानू उससे 100 रुपये उधार मांगने लगा। रुपये देने से इंकार करने पर उसने जेब से पेचकश निकालकर उसके पेट व पीठ पर कई वार कर दिए। आरोप है कि युवक ने सिर पर ईंट भी मारी है। गंभीर घायल मुकीम को परिजन जिला अस्पताल लाए। वहीं घायल के परिजनों व मोहल्ला वासियों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।



विद्यालय का निरीक्षण करते एएसपी व एसएचओ। अमृत विचार

# एएसपी ने देखे फोर्स के रुकने के इंतजाम

**नवाबगंज उन्नाव।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए शुक्रवार को एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद्र ने जिले में निर्वाचन संबंधी ड्यूटी हेतु आने वाले अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस कर्मियों, होमगाड्र्स के ठहरने को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चिह्नित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नवाबगंज, राजकीय इंटर कालेज चमरौली, दयानंद दीनानाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, एबीसी इंटर कालेज का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिये।

कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि विद्यालयों का निरीक्षण कर वहां के प्रधानाचार्य से मिलकर शौचालय आदि की व्यवस्था सही कराने को कहा गया है। साथ ही अन्य जो आवश्यकताएं हैं उसे भी सही कराने की बात कही है।

# सीओ के निरीक्षण में पिकेट व पीआरवी मिली मुस्तैद

**पुरवा।** गुरुवार को रात्रि चेंकिंग करने निकलीं सीओ सोनम सिंह ने पिकेट, पीआरवी व गश्त को जांचा। जहां सभी मातहत डयूटी पर मुस्तैद मिले। गुरुवार देररात सीओ पुरवा ने बीघापुर सर्किल के थानों अचलगंज आजाद चौराहा, बदरका, मुहीद्दीनपुर, पुरवा में बस स्टेशन, मिर्री चौराहा, मौरावां बाजार, अकोहरी चौराहा, कालूखेड़ा चौराहा, असोहा, कांथा, भल्ला फार्म व सोहरामऊ में चेकिंग की। इस दौरान पिकेट व पीआरवी अपने स्थान पर मुस्तैद मिली। जबकि पुरवा से लेकर बार्डर तक ढाबों के पास रोड किनारे वाहन खड़े मिलने पर नाराजगी जताते हुए ढाबा संचालकों को हिदायत दी कि वाहनों को बेवजह न खड़े होने दें।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना फर्जीवाड़ा मामले में सचिव निलंबित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- जांच के बाद सीडीओ प्रेम प्रकाश के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुये फर्जीवाड़ा के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। मामले में शादीशुदा जोड़े का विवाह कराने के मामले में सचिव रजनीश यादव को निलंबित कर दिया गया है। जांच के लिए ग्राम विकास अधिकारी सिकंदरपुर सरोसी को नामित किया गया है। आरोप है कि सचिव ने जांच के बाद भी अपात्र जोड़े को पात्र बनाकर सामूहिक विवाह कराया था।

बता दें कि बीघापुर ब्लाक परिसर में बीती 17 फरवरी को सुमेरपुर क्षेत्र के गांव जगतपुर निवासी विवाहित जोड़े का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 35 हजार रुपये नकद व 10 हजार के सामान के लालच में दोबारा कराया गया था। जबकि रेखा पुत्री देवदत्त का विवाह एक वर्ष पूर्व कुंभी अकबरपुर के जितेंद्र पुत्र मक्खनलाल के साथ हो चुका था। इसके बाद भी जिम्मेदारों से साठगांठ कर दोबारा उसकी शादी रचा दी। मामला सुर्खियों में आने के बाद सचिव ने आनन-फानन विवाहित जोड़े से सामान की वापसी कराई थी। मामले को संज्ञान में लेकर बीडीओ संध्यारानी ने सचिव रजनीश यादव से स्पष्टीकरण तलब किया था। जिसमें जांच के बावजूद विवाहित जोड़े को पात्र घोषित करने वाले सचिव को दोषी मानते हुए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी गई थी।

सीडीओ प्रेम प्रकाश के निर्देश पर मामले में लापरवाही बरतने, सरकारी धन का दुरुपयोग करने आदि मामलों में दोषी मानते हुये सचिव को डीडीओ संजय पांडेय ने निलंबित कर दिया है। वहीं सीडीओ ने पूरे मामले में बताया कि सामूहिक विवाह मामले में एक शिकायत मिली थी। इसमें एक व्यक्ति ने दोबारा शादी करने का प्रयास किया था। फर्जी दस्तावेज व फर्जी सत्यापन के आधार पर इस पूरी शिकायत पर जांच करवाकर कर्मचारी के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की गयी है।

## सार-संक्षेप

### मंदिर के पास बच्ची के शौच करने पर दो पक्ष भिड़े

**उन्नाव।** मंदिर के पास बच्ची के शौच करने पर पड़ोसियों में हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। इसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आईं। सूचना पर हसनगंज कोतवाली पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल लाई। दोनों ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के कुरौली गांव निवासी शिवमूरत शर्मा और हामिद पड़ोसी हैं। हामिद के घर की दो वर्षीय बच्ची शुक्रवार सुबह मंदिर के पास शौच चली गई। राममूरत ने इसका विरोध किया। इस पर हामिद के घर की महिलाएं बाहर निकल आईं और गालीगलौज करने लगीं। शोर सुन दूसरे पक्ष की महिलाएं भी बाहर आईं और गालीगलौज का विरोध किया। इसी दौरान बात बिगड़ी और दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। ग्रामीणों ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों के लोगों को शांत कराया। दो समुदाय के लोगों में मारपीट की सूचना पर हसनगंज पुलिस पहुंची और घायलों को सीएचसी लाई। जहां से हामिद व दूसरे पक्ष से गायत्री व पूजा की हालत गंभीर देख डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर हिंदू संगठन से जुड़े लोग कोतवाली पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

### डंपर की टक्कर से साइकिल सवार किशोर गंभीर

**पुरवा।** क्षेत्र के गांव निहालखेड़ा निवासी हरिशंकर का 12 वर्षीय बेटा अंकुश साइकिल से मिर्री कला बाजार जा रहा था। तभी मिर्रीकला के पास पुरवा से मौरंग लादकर आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। वहीं ग्रामीणों ने डंपर चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। डंपर चालक नरेंद्र पाल निवासी दीपापुर कानपुर नगर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सम्मान समारोह — 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित, निपुण छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

# अभिभावक बच्चों को नियमित स्कूल भेजें : बीईओ

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



अधिकारियों के साथ मौजूद सम्मानित बच्चे। अमृत विचार




निपुण छात्र को पुरस्कृत करते अफसर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें प्राइमरी स्कूल के निपुण बच्चों व आंगनबाड़ी बाल वाटिका के बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षाधिकारी देवेंद्र सिंह पटेल ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि वे बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। क्योंकि प्रदेश सरकार बच्चों को बुनियादी स्तर पर शिक्षित करने पर जोर दे रही है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह कनौजिया ने कहा कि वहीं आंगन अच्छा है, जिसमें बच्चों की किलकारी हो और खेल-खेल में बच्चे शिक्षा ग्रहण करें। इसमें बाल विकास परियोजना अधिकारी स्नेहलता, एआरपी रमेश चंद्र, अखिलेश कनौजिया, अमित पटेल, वंदना पाल, छत्रपाल, रजनीश कटियार, सुधीर यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह, ठाकुर प्रसाद, अजय पाल, संदीप, सुभाष चंद्र, कमलेश कुमार, विमलेंदु सिंह, विनीता रानी, गंगा प्रसाद, इरशाद, संजय कुमार, खेमराज यादव, अजय सिंह, आशाराम, धीरज यादव आदि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी और आंगनवाड़ी कार्यकत्री व अभिभावक मौजूद रहे।

**वहीं पाटन में** मानव संसाधन केंद्र सुमेरपुर में शुक्रवार को आयोजित हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में निपुण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। बीडीओ संध्या रानी ने ब्लॉक अंतर्गत 15 न्याय पंचायतों में निपुण हुए पांच-पांच छात्र-छात्राओं को शैक्षिक अधिगम सामग्री देकर उत्साह वर्धन किया।

बीईओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि बाल वाटिका में बालक का प्रवेश 3 वर्ष की आयु में होता है तथा 6 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाता है। उन्हें बाल वाटिका व प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक संयुक्त रूप से सतत प्रयास करते हुए शासन व विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप निपुण छात्र बनाते हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सभी 75 छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पुरस्कृत छात्र-छात्राओं में पीएस सुमेरपुर से श्रुति अवस्थी, कंपोजिट स्कूल पाटन से शिवानी, अनामिका, मो. वसीम, आर्यन, लक्ष्मी, न्याय पंचायत बिहार से अनमोल, अभिजीत, प्रिया, गौरी, अर्पित, न्याय पंचायत साहिल से कृष्ण, अनामिका, अस्मिता, आयुष पाल, आकाश, न्याय पंचायत गौरा से पीहू, संयोगिता, आयुष, कश्यप, रौनक, तृषा सिंह, न्याय पंचायत सिधौली से सूरज, अंश, क्रांति, अभय, सूरज आदि रहे। इस दौरान एडीओ पंचायत हरिओम, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर संगीता, मंजू, मंजुलता, एआरपी लोकेश मिश्रा, आशेंद्र रहे।

# पुरानी बीमारी है पेपर लीक कराना ठीक किया जा रहा है : सांसद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सांसद साक्षी महाराज ने कहा-पिछली सरकारों में लीक होते थे पेपर
- अभी भी लोगों की आदत वही बनी हुई है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा



साक्षी महाराज।

**अमृत विचार।** पेपर लीक कराने की बीमारी बहुत पुरानी है। पिछली सरकारों में पेपर लीक होते थे। धीरे-धीरे पुरानी आदतों को सुधारा जा रहा है। योगी सरकार इस मामले में गंभीर है। धरने पर बैठने वाले किसान नहीं हैं। यह बातें उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने कहीं।

अपने बयानों से अक्सर चर्चा में रहने वाले उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज शुक्रवार को कृषि विभाग व नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में कृषि सूचना तल के सुदृढ़ीकरण योजनांतर्गत एग्रोक्लाइमेटिक जोन के तीन दिवसीय विराट किसान मेला प्रदर्शनी व नाबार्ड शरद मेला में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। वहां पत्रकारों के पेपर लीक मामले के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये बीमारी बहुत पुरानी है। पिछली सरकारों में इसी प्रकार से पेपर लीक होते थे। नकल माफिया नकल कराकर पैसा कमाते थे। इतनी पुरानी आदत को धीरे-धीरे सही किया जा रहा है। इसे लेकर योगी सरकार गंभीर है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। किसानों के धरने को लेकर साक्षी महाराज ने कहा कि जो धरना दे रहे हैं वे किसान नहीं हैं। वो धरना प्रायोजित है। मैं सबको जानता हूं। किसानों से मिलना है तो बागपत, मेरठ व गाजियाबाद चले जाइये। जो धरना दे रहे हैं वह पंजाब से भेजे गये हैं। 22 जनवरी के कारण जो ग्राफ बढ़ा है, उस ग्राफ को नीचे कैसे लाया जाये यही उनकी मंशा है।

# चार युवकों पर युवती की हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप

## पुलिस ने भाई की तहरीर पर चार के विरुद्ध दर्ज की हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता पुरवा उन्नाव

● दुष्कर्म की आशंका के चलते बनाई गई स्लाइड, जांच के लिये भेजी जायेगी

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय युवती का शव घर से 300 मीटर दूर नीम के पेड़ में चुनरी के फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गये। सूचना पर पहुंची सीओ व फोरेंसिक टीम ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। भाई ने गांव के चार लोगों पर बहन की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सूत्र बताते हैं कि रिपोर्ट में युवती के शरीर में कई गंभीर चोटें मिली हैं। वहीं दुष्कर्म की आशंका के चलते स्लाइड बनाई गई है।


पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती घर से सुबह करीब छह बजे खेत गई थी। काफी देर तक वह वापस नहीं लौटी तो परिजन उसकी तलाश करने निकले। इसी दौरान घर से 300 मीटर दूर माइनर किनारे युवती का शव पेड़ से लटका देख उनके होश उड़ गये। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और मामला संदिग्ध देख सीओ सोनम सिंह को सूचना दी। भाई सहित अन्य परिजनों ने गांव के चार युवकों पर युवती की हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सीओ ने सभी को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल के आसपास साक्ष्य जुटाए। इसी बीच एसडीएम रनवीर सिंह भी पहुंचे और युवती के परिजनों को समझाया। मृतका के भाई रामसुमेर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 फरवरी की शाम सात बजे बहन शौच के लिए खेत गई थी तभी श्यामू पुत्र शिवमोहन, शैलेंद्र पुत्र कृष्ण कन्हैया, गोलू पुत्र राजकुमार व अंकुश पुत्र कृष्ण मुरारी ने उससे अश्लील हरकत कर मारपीट की थी। इसमें बहन को चोटें आई थीं। शुक्रवार सुबह बहन शौच के लिये खेत गई तभी उन चारों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी और शव नीम के पेड़ से लटका दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के विरुद्ध हत्या की धारा में मामला दर्ज कर लिया है। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि गुरुवार को युवती की तहरीर पर श्यामू के विरुद्ध मारपीट की धारा में एनसीआर दर्ज हुई थी। जहां मृतका के भाई की तहरीर पर श्यामू समेत चार आरोपियों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं सूत्र बताते हैं कि पैनल से हुए पोस्टमार्टम में युवती के शरीर में कई गंभीर चोटें मिली हैं। साथ ही दुष्कर्म की आशंका के चलते स्लाइड भी बनाई गई है। जिसे जांच के लिये लैब भेजा जाएगा।

### कमरे में कुंडे के सहारे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**उन्नाव।** अचलगंज थानांतर्गत एक गांव में एक युवक दुपट्टे का फंदा बनाकर कमरे में लगे कुंडे से लटक गया। खाना देने पहुंची पत्नी ने उसे लटका देख कर शोर मचाया। शोर सुन पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच करने के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं युवक के आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या की चर्चा रही। अचलगंज थानाक्षेत्र के चपरी शाहपुर गांव निवासी विनय सिंह (37) गुरुवार शाम बाहर से लौटकर आया और अपने कमरे में चला गया। पत्नी पूजा ने उसे खाने के लिए आवाज दी लेकिन वह बाहर नहीं आया। इस पर खाना लेकर वह कमरे में पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। शोर सुन पड़ोसी पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर गए। जहां युवक का शव छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे लटका देख सबके होश उड़ गए। पति का शव देखते ही गर्भवती पत्नी अचेत हो गई। ग्रामीणों से मिली सूचना पर एसओ संजीव कुशवाहा व बेथर चौकी इंचार्ज दुर्ग पाल सिंह पहुंचे और जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर मोर्चरी भेजा। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। चर्चा रही कि दिवंगत युवक खेती करता था और आर्थिक तंगी से परेशान था। इसी से ऊबकर उसने आत्मघाती कदम उठाया है।



विनय सिंह।



आनंदेश्वर मंदिर में होता रंगरोगन। अमृत विचार

# शिवालयों में शुरू हुई साफ-सफाई व रंगरोगन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● शिवरात्रि को देखते हुये शिवालयों में हो रही हैं तैयारियां
● श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी तैयारियां जोरों पर

**अमृत विचार।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। शिवरात्रि को देखते हुये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में साफ सफाई शुरू हो गई है। वहीं कुछ मंदिरों में रंग रोगन का कार्य भी कराया जा रहा है।

नगर के राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर, बालूघाट स्थित गायत्री मंदिर में शिवरात्रि पर भारी भीड़ उमड़ती है। जिसे देखते हुये मंदिर के व्यवस्थापकों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं बालूघाट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा राम नगर स्थित पुत्ती लाल शिव मंदिर, कन्हई मंदिर, दुर्गा मंदिर, देवारा स्थित वीरभद्रेश्वर मंदिर, नित्येश्वर मंदिर गोपीनाथ पुरम, चंपापुरवा शिव मंदिर में साफ सफाई का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा लोधेश्वर धाम में गंगाजल से जलाभिषेक करने के लिये श्रद्धालु गंगा तट पहुंचकर जल भरते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर घाटों पर भी तैयारियां की गई हैं।

## सार-संक्षेप

### जान से मारने की धमकी देने की पुलिस को दी तहरीर

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पलिया निवासी एक महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी ने रंजिशन कार से उसके बेटे की साइकिल में टक्कर मार दी। विरोध करने पर उसने बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी है। पलिया गांव निवासी टिकाल पत्नी टेनी ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि उसका पड़ोसी कन्हैया पुत्र ज्ञानेश उसके परिवार से रंजिश मानता है। शुक्रवार सुबह उसका बेटा गौरव साइकिल लेकर घर के बाहर खड़ा था। तभी पड़ोसी कन्हैया ने कार बैक करते समय बेटे की साइकिल में टक्कर मार दी। विरोध करने पर कन्हैया गालीगलौज करने लगा। जिस पर पीड़िता ने अपने बेटे को डांटकर शांत कराया। कुछ देर बाद गौरव साइकिल से बांगरमऊ जा रहा था। तभी रास्ते में सहदानी चौराहे के पास कन्हैया ने एक अज्ञात साथी के साथ उसके बेटे को घेर लिया और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर कन्हैया ने गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।



गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर खड़ी गोरखपुर यशवंतपुर एक्सप्रेस। अमृत विचार

### मेमो के आगे जाने से तीन मिनट रुकी गोरखपुर यशवंतपुर

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर शुक्रवार दोपहर डाउन लाइन से मेमो को रवाना किया गया। चार मिनट बाद गोरखपुर यशवंतपुर एक्सप्रेस आ गई। रूट क्लीयर न होने के कारण ट्रेन तीन मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही। दोपहर करीब 12 :40 बजे कानपुर से उन्नाव की ओर जा रही मेमो को गंगाघाट रेलवे स्टेशन से सिग्नल दिया गया। जिस पर वह आगे की ओर रवाना हो गई। कुछ देर बाद 12 :44 बजे डाउन लाइन पर गोरखपुर यशवंतपुर एक्सप्रेस स्टेशन पर आ गई। रूट क्लीयर न होने के कारण ट्रेन को सिग्नल नहीं मिला। जिस पर ट्रेन आउटर पर खड़ी हो गई। तीन मिनट बाद रूट क्लीयर होने पर ट्रेन को सिग्नल देकर रवाना किया गया।

### प्रज्ञा बनीं पुरवा की नायब तहसीलदार

**पुरवा।** लखीमपुर से स्थानांतरित होकर आईं प्रज्ञा अग्निहोत्री को पुरवा का नायब तहसीलदार बनाया गया है। वे सन-2016 बैच की नायब तहसीलदार हैं और मूलत: सीतापुर की निवासी हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही महिला फरियादियों को राजस्व संबंधी मामलों के लिये तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### बांगरमऊ पुलिस ने वांछित को दबोचा

**बांगरमऊ।** कोतवाली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक वांछित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार नगर के मोहल्ला नसीमगंज निवासी नसीम पुत्र रईस के विरुद्ध कोतवाली में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है। वह काफी दिनों से फरार था। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को पुलिस ने उसे मऊ रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### टेंपो में महिला से टप्पेबाजी, पब्लिक ने एक को दबोचा

**बिंदकी।** नगर के ललौली चौराहे के पास कुंवरपुर रोड स्थित टेंपो स्टैंड में शुक्रवार को महिला अर्चना देवी निवासी अजमतपुर अपनी ससुराल अजमतपुर से मायके मलवां के मदारीपुर खुर्द जाने के लिए टेंपो में बैठी थी, तभी पांच लोगों ने टेंपो को घेर लिया और महिला और उसके भाई से बोला गया कि अब टेंपो नहीं जाएगी। महिला के अनुसार जब वह दूसरे टेंपो के पास गई तो उसे टेंपो में भी नहीं बैठाला गया। महिला ने पर्स खोला तो पर्स में सोने की मांग बेंदी व रुपए नहीं थे। इस पर उसने भाई को यह बात बताई। भाई ने टेंपो को घेर कर खड़े पांच लोगों में से एक को शोर मचाकर अन्य लोगों के सहयोग से दौड़ा कर पकड़ लिया।

### मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत हुआ वर्चुअल लोकार्पण

**धाता।** नगर पंचायत धाता में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत 226 लाख के कार्यों का नगर विकास मंत्री ने वर्चुअल लोकार्पण किया है। नगर पंचायत में इन कार्यों का नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज ने लोकार्पण किया है। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभी सभासद व सभासद प्रतिनिधि मौजूद रहे। कुल 13 कार्य कराए जाने हैं। जिनका लोकार्पण किया गया है। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी, राजू, सरोज, गुलाब सिंह, विजय नामदेव, मोहम्मद कलीम, सत्येन्द्र पासवान, मनीष पासवान, उत्कर्ष जायसवाल सहित सभासद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# केंद्रीय कृषि मंत्री से मिले किसान नेता

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** ट्रांस गंगा सिटी में किसानों की हक की लड़ाई लड़ने वाले किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक नई दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही कृषि में सुधार को लेकर भी जानकारी दी।

किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ नई दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। किसान नेता ने सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर मिलने वाली किसानों की सुविधाओं के विषय में बताया। साथ ही किसानों के हित में लाभदायक योजनाओं के संबंध में भी वार्ता की। इस दौरान अजय अनमोल ने बताया कि उन्होंने किसानों की समस्याओं के बारे में केन्द्री मंत्री को जानकारी दी है। जिस पर उन्होंने समस्याओं के निवारण के लिये आश्वासन भी दिया है।



केन्द्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ खड़े किसान नेता अजय अनमोल व अन्य।

● दिल्ली में कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा से उनके आवास पर जा कर की मुलाकात, मिला आश्वासन

# नवागत बीडीओ ने मातहतों को दिये निर्देश

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

● कहा, अपने-अपने क्षेत्र में शुरू कराएं रुके हुए काम

**अमृत विचार।** विकासखंड मुख्यालय सभागार में नवागत खंड विकास अधिकारी ने सभी ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, पंचायत मित्र, कम्प्यूटर आपरेटर के साथ जेई च टीए की एक संयुक्त बैठक की। इसमें काम की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और एक सप्ताह में सभी गावों में मनरेगा के काम शुरू कराने के निर्देश के साथ शासन की सभी योजनाओं में प्रगित लाने के निर्देश दिये।

खंड विकास अधिकारी अर्पणा ने बताया कि गांव में मनरेगा कार्य की प्रगति बहुत धीमी है औऱ वित्तीय वर्ष का यह आखिरी माह है। इसलिये सभी लोग अपने-अपने गांव में काम शुरू कराएं। जिससे गांव के लोगों को रोजगार मिल सके। गांव में जो भी विकास के कार्य रुके हैं उनमें तेजी लायें। साथ ही आवास व शौचालय जो भी अवशेष पड़े हैं उन्हें भी पूरा कराया जाये। उनमें कार्य की गुणवत्ता भी सही रखी जाये। कोई शिकायत मिली तो कार्यवाही की जायेगी। बताया कि एक सप्ताह में सभी कर्मचारी अपनी प्रगित में तेजी लायें। कोई दिक्कत हो तो कार्यालय को जानकारी दें। बैठक में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भूमि विवाद में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा कलां में रहने वाले एक युवक से वहीं के रहने वाले दबंग ने जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करते हुये धमकी दी। जिस पर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। देवारा कलां निवासी रामकिशोर ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 28 फरवरी को वह अपनी आटा चक्की पर था, तभी गांव का रहने वाला कमलेश वहां आया और भूमि विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

# खुलासा: अज्ञात युवक के साथ हुई थी जहरखुरानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार सुबह गंगाघाट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक अज्ञात युवक का शव मिला था। पहचान न होने पर जीआरपी ने शव को 72 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया था। जहां शुक्रवार को उसका पीएम हुआ। पीएम में जहर से मौत होने की पुष्टि हुई है। जिससे साबित हो गया कि जहारखुरानों ने ही युवक के साथ जहरखुरानी की थी।

मंगलवार सुबह करीब छह बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव औंधे मुंह पड़ा यात्रियों ने देखा था। सूचना पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी ने शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जिस पर पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया था। शव के मुंह से झाग निकलने और चेहरा काला होने पर जहरखुरानी की आशंका व्यक्त की जा रही थी । शुक्रवार को डॉक्टरों ने शव का पीएम किया। जहां पीएम रिपोर्ट में जहर मिला। जिस पर विसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं कयास लगाये जा रहे हैं कि युवक जहरखुरानी का शिकार हुए युवक के पास कोई कागज, बैग के अलावा अन्य सामान नहीं मिला।

# घर से निकला युवक लापता

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर निवासी एक युवक घर से निकला, जिसके बाद वह लापता हो गया। उसकी खोजबीन की कई लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका, जिससे परिजन परेशान रहे।

जिस पर पुलिस को सूचना दी गई है। चंदन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वह सही से बोल नहीं पाता है। शुक्रवार सुबह वह आजाद नगर स्थित कल्लू गुप्ता की दुकान जाने के लिये निकला था। वह आजाद मार्ग बाबा कुटी के पास से गायब हो गया। जिस पर दुकान मालिक ने इसकी जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के अंतर्गत हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित एक दूध डेरी के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थानाक्षेत्र के सराय अख्तियारपुर गांव के मजरा भोड़ी खेड़ा निवासी गया प्रसाद उर्फ बब्लू को महमदपुर गांव जाते समय पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर मौत गई। उसकी मौत से पत्नी गीता सहित पांच बेटी और इकलौता बेटा रो-रोकर बेहाल है।

# बाइक सवार ने छात्रा को मारी टक्कर, घायल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● कोचिंग पढ़कर घर जा रही थी छात्रा तभी बाइक सवार ने दुर्घटना को दिया अंजाम

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के साकेतपुरी निवासी एक हाईस्कूल की छात्रा शुक्रवार शाम कोचिंग पढ़कर घर जा रही थी, इस दौरान अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गई। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने बाइक सवार की धुनाई कर दी।

राजधानी मार्ग साकेतपुरी निवासी सुरेश की बेटी अनिष्का शर्मा हाईस्कूल की छात्रा है। पेपर चलने के कारण वह शुक्रवार को कोचिंग पढ़ने गई थी। जहां शाम करीब पांच बजे कोचिंग से घर जा रहा थी। इस दौरान मां वैंष्णों इलेक्ट्रानिक के सामने सड़क पार करने लगी, इस दौरान उन्नाव की ओर से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और बाइक सवार को पकड़ लिया। उसके नशे में होने पर उसकी धुनाई कर दी और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक और चालक करे हिरासत में लिया है।

# अगवा कर दुष्कर्म के दोषी को दस साल का कारावास

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-विशेष न्यायाधीश अनिल कुमार ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी करार दिया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि थरियांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी का पांच फरवरी 2015 को रमवां गांव का चुनकू अपहरण कर ले गया था। खोजबीन के किशोरी के पिता ने चुनकू के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया था। किशोरी ने कोर्ट में आरोपी द्वारा दुष्कर्म का आरोप लगाया। मामले में आठ गवाह पेश हुए। कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई की। सुनवाई के बाद दोषी चुनकू को अपहरण, दुष्कर्म के मामले में दस साल की कैद और आठ हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।



समस्या | पालिका प्रशासन के निर्देश पर नालियों के पत्थर हटाकर कराई जा रही है साफ-सफाई

# फोरलेन का नाला चोक होने से गलियों में भरा गंदा पानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** फोरलेन के नाले की सफाई न होने के कारण जगह-जगह से चोक हो गया है। जिस कारण वार्ड 2 की कई गलियों में नाले का गंदा पानी भर रहा है। जिसकी शिकायत क्षेत्रीय लोगों ने सभासद से की, जिस पर पालिका प्रशासन के निर्देश पर नालियों के पत्थर हटाकर साफ सफाई कराई गई।

फोरलेन के नाले पर भवन स्वामियों और दुकानदारों ने अपनी सुविधा के अनुसार नाले पर कब्जा कर पत्थर रखने के साथ पक्का फर्श बना लिया है। जिस कारण पालिका नालों की साफ सफाई नहीं करा पा रही है। जिससे फोरलेन का नाला जगह-जगह से चोक हो गया है। जिस कारण आदर्श नगर मोहल्ले समेत जगनी खेड़ा, आंशिक गांधी नगर मोहल्ले का पानी मुख्य मार्ग नाले तक नहीं पहुंचा पा रहा है और गलियों में पानी भर रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने सभासद उर्मिला गौतम से शिकायत की। अध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सफाई नायक और सफाई कर्मचारियों ने सुबह नाला सफाई करने के लिये दुकान के बाहर रखे पत्थर को हटवाया, जिसके बाद नाले की साफ सफाई हो सकी। वहीं अभी भी कई जगहों पर नाला चोक है। जिससे निचले इलाकों का पानी गलियों में भर रहा है। इस बाबत पालिकाध्यक्ष ने बताया कि फोरलेन के नाले की साफ सफाई कराई पूरी तरह से और बहुत ही अच्छी तरह से कराई जायेगी।



फोरलेन के नाला सफाई के लिये पत्थर हटाते सफाई कर्मी। अमृत विचार



पलटे ई-रिक्शा को सीधा करते राहगीर। अमृत विचार

### बैराज मार्ग के गड्ढे में पलटा ई-रिक्शा, तीन लोग हुए घायल

**शुक्लागंज उन्नाव।** बैराज मार्ग पर आरओबी का काम होने के कारण दोनों ओर जानलेवा गड्ढे बने हुये हैं। गड्ढों के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। शुक्रवार दोपहर एक ई रिक्शा का पहिया गड्ढे में जाने से वह बीच सड़क पर पलट गया। जिससे उसमें बैठे तीन लोग घायल हो गये। शुक्रवार दोपहर करीब सवा दो बजे एक ई रिक्शा चालक अपने दो साथियों के साथ ई रिक्शे में भूसा लादकर बैराज मार्ग की ओर जा रहा था, जैसे ही वह नई सरैयां रेलवे क्रासिंग को पार कर आगे बढ़ा, तभी बैराज मार्ग पर बने गड्ढे में ई रिक्शा का पहिया चला गया और ई रिक्शा पलट गया। उसमें बैठे तीनों युवक घायल हो गये। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े। जहां घायलों को किसी तरह बाहर निकला। जिसके बाद ई रिक्शे को सीधा कराया। चोटें आने पर घायलों को पास के डॉक्टर के पास ले जाया गया।

# सब स्टेशन पर दस एमवीए का ट्रांसफार्मर न लगने से गर्मी में लोगों को होगी परेशानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर की बिजली व्यवस्था को सुचारु रखने के लिये बिजली विभाग ने पिछले वर्ष शुक्लागंज सब स्टेशन पर एक और 10 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव भेजकर स्वीकृत कराया था। अभी तक कार्यदायी संस्था ने सब स्टेशन पर दस एमवीए का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया है। ऐसे में गर्मी के दिनों में लोगों को बिजली की समस्या होगी।

नगर की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए बिजली विभाग पिछले वर्ष दिसंबर माह में सब स्टेशन में एस एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही क्षेत्र में नये ट्रांसफार्मर लगाये जाने को प्रपोजल भेजा था। स्वीकृत मिलने के बाद नगर के विभिन्न क्षेत्रों में करीब 25 ट्रांसफार्मर, 2500 मीटर एबीसी केबिल, एक दर्जन से अधिक पोल को लगाया जा चुका है लेकिन सब स्टेशन पर रखे 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर अभी तक नहीं लगा है। ऐसे में गर्मी के मौसम में नगर की बिजली व्यवस्था एक बार फिर दगा दे सकती है। जिसे देखते हुये बिजली विभाग के अधिकारियों के माथे पर चिंता की लकीरें देखने को मिल रही हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में नये ट्रांसफार्मर लगाये जा चुके हैं। ऐसे में सब स्टेशन पर लोड पड़ेगा और गर्मी में समस्याउत्पन्न हो सकती है।



सब स्टेशन पर रखा दस एमवीए का ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

क्षेत्र में नये ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही पोल और केबिल डालने का काम हो चुका है। जल्द ही 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर सब स्टेशन पर लगवाया जायेगा। कार्यदायी संस्था को रिमाइंडर भेजा गया है।

-राजेन्द्र प्रसाद, उपखंड अधिकारी शुक्लागंज सब स्टेशन

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्म-नियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारा हितैषी और आत्मा ही हमारा शत्रु है।

## संपादकीय

# रूस में फंसे भारतीय

रूस में फंसे करीब 20 भारतीय नागरिकों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक भारतीय एजेंट द्वारा रूसी सेना के लिए 'सेना सुरक्षा सहायक' के रूप में भर्ती किए जाने के बाद अनुमानित 20 लोग अभी भी रूस में फंसे हुए हैं। बताया जाता है कि इन लोगों को यूक्रेन में लड़ने के लिए भेजा गया है। इन सभी को अच्छी नौकरी के बहाने रूस बुलाया गया था। हर एक से तीन लाख रुपये तक लिए गए। ये तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात राज्यों से बताए गए हैं। उनमें से कुछ को यूक्रेन के खिलाफ रूस की ओर से युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया गया है। कुछ ने भर्ती के समय वादा की गई राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की है जिससे उन्हें मदद के लिए सरकार के पास पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विदेश मंत्रालय इस मामले पर भारत और रूस के अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बारे में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की स्थिति स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि भारत इस मुद्दे का समाधान चर्चा, कूटनीति और निरंतर संपर्क के माध्यम से चाहता है। गौरतलब है कि दो साल पहले रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। अब तक उसके हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं। युद्ध थमने के फिलहाल कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं, बल्कि हाल के दिनों में रूस ने हमले और तेज कर दिए हैं। विश्लेषक कहते हैं कि भारत से भर्ती किए गए ये लोग रूस के दुनियाभर से सैनिक भर्ती करने के अभियान का हिस्सा भर हैं अन्य कई देशों के लोगों को रूसी सेना में भर्ती करके यूक्रेन में मोर्चे पर भेजा गया है। इससे पहले बहुत से नेपाली लोगों के रूस जाकर यूक्रेन में लड़ने की भी खबरें आई थीं। अब भारत सरकार इन लोगों को लेकर चिंतित नजर आ रही है। भारत कोशिश कर रहा है कि उन्हें रूसी सेना की सेवा से मुक्ति देकर वापस भेज दिया जाए। सरकार को संघर्षरत देशों में जाने वालों के लिए अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए। 'उत्प्रवास जांच आवश्यक' देशों की सूची को अद्यतन करना चाहिए ताकि ऐसे काम के लिए विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के अनुबंधों की अधिक गहनता से जांच की जा सके, उन्हें बेहतर सलाह दी जा सके और सुरक्षा भी प्रदान की जा सके। साथ ही सरकार को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के नेटवर्क की भी जांच करनी चाहिए, जो काम की प्रकृति को पूरी तरह से बताए बिना विदेश में नौकरी चाहने वाले भारतीयों से मोटी रकम वसूलते हैं।

# 'भौतिक संस्कृति' ने बदल दी लोगों की जीवनशैली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया, बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए, ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन हर पांच वर्ष के अंतराल से 'हाउस-होल्ड कंजम्प्शन एॅक्स्पेंडीचर सर्वे' करता है। इस बार के 69 राउंड में संगठन के सर्वेयर्स ने अपनी कार्यनीति (मेथडॉलॉजी) में बदलाव लाकर आंकड़े एकत्र किए हैं जिससे पिछली और इस बार के निष्कर्षों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हुई। चूंकि 69 वें दौर के सर्वेक्षण को 11 साल के अंतराल से पेश किया गया इसलिए जाहिराना दौर से दोनों सर्वेक्षणों में अनेक मदों में अधिक मात्रात्मक बदलाव दिख रहा है। अंतराल होने से फायदा और निहितार्थ, दोनों नजर आए हैं, जो कि रोचक भी हैं और ऐसा गांभीर्य लिए हैं, जो व्यक्तियों, परिवारों, उत्पादकों, स्वास्थ्य डिलीवरी और मेडिकल रिसर्च तंत्र, व्यवसायिक और व्यापारिक तंत्र जैसे कि अस्पताल, मार्केटिंग प्रोफेशनल्स, बैंक, उपभोक्ताओं और नीति निर्माताओं को सोचने पर मजबूर करेगा। रिपोर्ट में हर पन्ने पर पर्याप्त संकेत हैं कि भारत के लोगों की जीवन शैली बदल गई है। न देहात अछूता है, न शहरी लोग। देहात के लोग शहरी लोगों की जीवनशैली की नकल तेजी से कर रहे हैं। पलायन की स्थिति यह है भारत की आबादी का अधिकांश अब शहरों में रहने लगा है।

समझने का नुक्ता यह कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस, बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं। आमदनी के हिसाब से सबसे जरूरी मदों के लिए ही विवेक के आसरे पैसा पहले खर्च किया जाता है। औसत आमदनी वाला एक परिवार सबसे पहले रोटी का जुगाड़ करेगा, फिर कपड़ा, घर या झुग्गी, दूध, दवा, काम-पर आने जाने के लिए किराया-भाड़ा, बिजली, पानी पर खर्च करेगा। तत्पश्चात आकस्मिक सामाजिक रीति-रिवाज पर खर्चा होता है। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड खरीदने पर और शिक्षा पर बाद में। उपभोग व्यय पर जारी की गई उक्त रिपोर्ट में यह दर्ज नहीं है कि किस तरतीब से विभिन्न आय-वर्ग के परिवारों में खर्चा किया जाता है। ऐसा लिखा है कि परिवारों में खाद्य सामग्री में जिन वस्तुओं पर खर्चा किया जाता है, प्रतिशत में उनके अनुपात की तरतीब क्या है। अंकों में व्यक्त

समझने का नुक्ता यह है कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस, बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं।

प्रतिशत से गणितीय रूप से मात्रात्मक भाव तो प्रकट होता है और आनुपातिक रूप से खर्चों को प्रकट करते समय मद भी बताया गए हैं, परंतु इससे खर्च-मदों के बारे में वैज्ञानिक आंकलन अनुसार 'प्रभाव' की डिटेल्स मालूम नहीं होती हैं, अनुमान भर लगाया जा सकता है। जैसे कि मौसम के अनुसार फल और सब्जियों की खरीदारी पोषक मान के हिसाब से नहीं की जाती, भाव और जेब देखकर भी नहीं, बल्कि अधिकतर परिवार के लोगों के स्वाद के हिसाब से ही की जाती है। पीले रंग का कद्दू या पेठा, लौकी, तोरी फाइबर युक्त और अधिक पोषक सब्जियां हैं, लेकिन लोग भिंडी, शिमला मिर्च या बैंगन लेना चाहेंगे। पीले रंग के कद्दू में विटामिन-बी अथवा राइबोफ्लेविन की अधिक मात्रा मौजूद रहती है और यह अपेक्षाकृत सस्ता भी पड़ता है, जबकि दूसरी सब्जियों का भाव तेज होता है। रईसों के मुकाबले में यह आश्चर्यजनक लगता है, क्योंकि ये लोग डायटीशियन्स रखते हैं और इनकी राय से उन्हें कद्दू खाना पड़े तो चूं भी नहीं करेंगे।

उपभोग व्यय की रिपोर्ट से अधिक चिंताजनक सूत्र यह है कि दस सालों में देहात और शहर में और दोनों ही स्थानों पर रहने वाले लोग जब भी घर से बाहर ड्यूटी पर जाने के लिए या दूर यात्रा पर निकलते हैं तो घर पर बने हुए भोजन को बांधकर नहीं ले जाते, बल्कि रास्ते में दूकानों और स्टेशनों से इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड फूड के पैकेट्स खरीदना सुविधाजनक मानते हैं। इनमें जीरो फाइबर, कॉमन साल्ट की बनिस्पत मोनोसोडियम ग्लूटामेट (एक तरह का नमक) का प्रयोग, सैचुरेटेड फैट होने से ये अधिक ऊर्जा देने वाले खाद्य होते हैं। विगत में पूरी, सरसों के तेल में बनाया हुआ करेला, आलू की सूखी सब्जी जिसमें मेथी के दाने और करी पत्ता मिला होता था। गेहूं के मोटे पिसे हुए आटे या बाजरे की मोटी रोटियों को मसलकर देसी घी में बनाया हुआ चूरमा लेकर जाते थे। अब इसे पिछड़ापन और गंवई व्यवहार मानते हैं। गरीब लोग चने का आटा मिली मिस्सी रोटी, प्याज, अचार और गुड़ साथ लेकर चलते थे और इसे ही यात्रा के दौरान खा लिया करते। अधिक पैसे वाले लोग सूजी में मेवा मिलाकर, देसी घी में भूनकर लड्डू बनाकर ले जाया करते। पोषक मान के हिसाब से पारंपरिक खाद्य उत्पाद, फास्ट-फूड से कहीं श्रेष्ठ रहे हैं। इन दस सालों में खाद्य सामग्री में दालों और अनाज, खासतौर से मोटे अनाजों, पर होने वाले वाले खर्च के घटने का अर्थ यह नहीं है कि लोग भूखे रहते हैं, इनका कम प्रयोग करते हैं या कुछ परिवारों में दाल की खपत कम या बंद कर दी गई है, बल्कि यह कि आमदनी बढ़ने से वैकल्पिक रीति से तैयार मंहगी आइटम्स पर अधिक पैसा खर्च होता है या आनुपातिक रूप में अधिक। सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया, बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए, ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

रिपोर्ट तो एक स्टेटिस्टिकल स्टेटमेंट है जिसकी स्ट्रक्चर में इसके 'पश्चात' या 'पार्श्व-प्रभाव' और संबद्ध विभिन्न पक्षों पर व्याख्या करने की गुंजाईश नहीं होती। मसलन, फास्ट फूड इंडस्ट्री इससे अवश्य यह संकेत लेगी कि भविष्य में उनके लिए कोई संकट नहीं है, क्योंकि ट्रेंड यह बताता है कि फास्ट फूड की कंजम्प्शन देश के लोगों में बढ़ रही है। इसी तरह मध्य और उच्च आय वर्ग के (रईस नहीं) परिवारों में आमदनी बढ़ने से या एकाधिक लोगों के कमाऊ हो जाने से संयुक्त रूप से नेट-इनकम बढ़ गई है जिससे वे अच्छा घर बनाने और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स खरीदने की स्थिति में हैं। अब तो उच्च-मध्य वर्गीय परिवारों में घर के हर कमरे में टीवी, ज्यादातर के पास लैपटॉप्स, कार, महंगे वस्त्र और घुमक्कड़ी लायक खूब पैसे होते हैं। बढ़ी हुई आमदनी में से खर्च लायक धनराशि अधिक हो जाने से लोग खुद को जिस शाहखर्च अंदाज में खुद को अभिव्यक्त करते हैं, यह उक्त रिपोर्ट से साफ जाहिर होता है। 'पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण' की ताजा रिपोर्ट से भारत में इंडस्ट्रियल उत्पाद बनाने या लाकर बेचने वाली देसी-विदेशी कंपनियों, हमारे स्वास्थ्य शोधतंत्र, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यावरण और लोगों की सेहत पर क्या और कैसा असर पड़ेगा, उक्त रिपोर्ट में दर्ज संकेतकों की व्याख्या करने से देश के लोगों और व्यवस्था एवं बाजार को किस-किस तरह की चुनौतियों से दो-चार होना होगा, यह अभी से ही स्पष्ट है। सबसे अधिक प्रभावित होने वाला वर्ग बच्चे और युवा होंगे। वे परिवार खासतौर से जिनमें 'नॉलेज बेस' औसत से भी कम है। नेशनल हेल्थ इंटेलिजेंस ब्यूरो की और आईसीएमआर की वे रिपोर्ट्स जरूर देख लेनी चाहिए जिनमें देश की पॉपुलेशन में नॉन-इन्फेक्शियस और मेटाबोलिक डिसऑर्डर्स और हृदयवाहिकीय विकार से पीड़ितों की मौजूदा संख्या के ब्यौरे के अलावा संभावित पीड़ितों की संख्या की भविष्यवाणी की गई है। जाहिर है अधिकांश रोगकारक जीवनशैलीगत हैं और इनमें से भी फास्ट फूड ही चिह्नित किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक सर्वे में शामिल परिवारों को बीस श्रेणियों में बांटा गया था और आंकलन के बाद मालूम हुआ कि गांव में रहने वाले एक व्यक्ति का मासिक खर्चा सन् 2010 में अगर रु.1373 था तो वह अब रु.3773 हो गया है। शहर में रहने वाले परिवार सन् 2011 में प्रतिव्यक्ति अगर रु.3773 खर्च रहे थे तो अब 6459 खर्च रहे हैं। यह दोगुना से भी अधिक हुआ। मान लिया आमदनी बढ़ी है, लेकिन यह नहीं कह सकते कि गरीबी कम हुई है, क्योंकि गरीबी तय करने की स्टेटिस्टिकल एनालिसिस जैसी कवायद में यह सिर्फ 0.5 प्रतिशत ही कम हुई है अर्थात् रुपये में सिर्फ पचास पैसे। यह 'स्टैटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' भी प्रतीत नहीं होता। रिपोर्ट से पैदा हुई उलझने या 'इम्प्लीकेशंस' और निहितार्थ के दूरगामी अर्थ को समझने से चिंता अधिक पैदा हुई है। संतुष्ट भाव कम, लेकिन रिपोर्ट पढ़कर समझने से एक बात स्पष्ट हुई कि आंदोलनरत किसान वास्तव में ही अभावग्रस्त है।

## प्रसंगवश

# बड़े-बड़े बीबियों से लड़े

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है, ये झगड़े आदि काल से हैं।

सृष्टि का विकास दांपत्य जीवन से ही हो पाता है जिसके मूल में कहीं न कहीं प्रेम की अनिवार्यता होती है। फिर भी ऐसा पाया जाता है कि आपस में झगड़े भी होते हैं। जब ये झगड़े बड़े जोड़ों के बीच हों तो इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाते हैं। यहां देखते हैं कि कुछ महान विभूतियों के पत्नी से कलह प्रसंग कैसे रहे? अमेरिका के एक अच्छे माने जाने वाले राष्ट्रपति थे अब्राहम लिंकन। उनकी शादी 'मेरी टाड' से बेमन ही हुई थी। वे जानते थे कि यह शादी विनाशकारी होगी, लेकिन मेरी की जिद के चलते विवाह हो गया। बीबी का जीवन कलह पूर्ण रहा। हाथापाई भी होती थी। वे लिंकन का सार्वजनिक अपमान भी करती थीं। यहां तक कि राष्ट्रपति बहुधा रात को अपने कार्यालय में ही सो जाते थे।

पुस्तक 'लिंकन स मेलनकली' (लिकन का विषाद) में उनके अवसादमय वैयक्तिक जीवन के किस्से उल्लिखित हैं। महात्मा गांधी का कस्तूरबा जी से बाल विवाह हुआ था। उस समय गांधीजी केवल यह जानते थे कि शादी में अच्छे कपड़े पहने जाते हैं। उम्र बढ़ी प्रेम तो बढ़ा, किंतु कलह भी बहुधा हुई। एक बार तो गांधी जी ने बा को एक विदेशी मेहमान की 'टायलट' साफ करने का दुरूह आदेश दे डाला। पत्नी ने विरोध किया। झगड़ा बढ़ा। गांधीजी पत्नी को हाथ पकड़ कर घर के बाहर निकाले दे रहे थे। बा भी जोर-जोर से चिल्ला रहीं थीं, 'शर्म करो। तुम्हें लज्जा नहीं आती। लोग क्या कहेंगे?' अंततः गांधीजी रुक गए और बाद में पश्चाताप किया। दोनों रोये। महात्मा जी ने अपनी आत्मकथा में इस घटना का उल्लेख किया है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रोमन बादशाह जूलियस सीजर ने अपनी पत्नी 'पोम्पिया' को बेकसूर होते हुए तलाक दिया। सीजर जब वहां के मुख्य पादरी चुने गए तो पत्नी ने महिलाओं की विशाल दावत आयोजित की। उसमें 'पब्लियस क्लोडियस प्लूचर' नामक एक धूर्त छद्म वेष में घुस आया और पाम्पिया से बातें करने लगा। बस इतने पर सीजर ने पाम्पिया को इस आधार पर तलाक दे दिया कि, "सीजर की पत्नी संदेहों से परे होनी चाहिए"। बाद में और अब तक अंग्रेजी का यह वाक्य एक मुहावरा बन गया है। रोमन सामंत और योद्धा ब्रूटस ने पत्नी 'क्लाउडिया' को सिर्फ इसलिए तलाक दिया, क्योंकि उसे 'पोर्शिया' पसंद आ गई थी। हालांकि बात पोर्शिया से भी नहीं बनी। महाभारत सीरियल के श्रीकृष्ण (नीतीश भारद्वाज) के पौराणिक जीवन में भले ही उन पर तमाम गोपियां लट्टू रहती थीं, किंतु व्यक्तिगत जीवन में बीबियों से आजिज हैं। पहली पत्नी मोनिषा पाटिल से झगड़ा करके तलाक हो चुका, दूसरी आईएएस अफसर स्मिता से अदालतों में मुकदमें चल रहे हैं। नीतीश ने भोपाल कोतवाली में मानसिक प्रताड़ना की एफआईआर लिखवाई है।

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है, ये झगड़े आदि काल से हैं। संसार के सृजक ब्रह्मा बाबा से भी उनकी पहली पत्नी सावित्री नाराज होकर छिटक गईं थीं और उन्हें शाप दे दिया था जिससे वे आज तक सिवाय पुष्कर के कहीं नहीं पूजे जाते हैं। अंग्रेजों ने तो बीच का रास्ता निकालकर एक मुहावरा बना लिया है "बिकरिंग्स ऑफ लव आर दि रिन्यूवल्स ऑफ लव" यानी "प्यार की झड़पें प्यार का नवीनीकरण" होती हैं। लड़ाइयां होती तो हमारे घर में भी थीं, किंतु हम उनका उल्लेख नहीं कर रहे, क्योंकि हम इतिहास पुरुष नहीं हैं और छिपाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हम हर बार हार जाते थे।

# भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है संस्कृति



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से।

आज संस्कृति एक संवेदनशील विषय है। चारों तरफ संस्कृति एक रणभूमि बनी हुई है। हमें इस विषय के महत्व को समझना चाहिए। मेरी दृष्टि में भारतीय संस्कृति को समझने में दो बड़ी बाधाएं हैं उच्छेदवाद और शुद्धतावाद। हम जब अपनी हजारों साल की परंपराओं को पूरी तरह नकारते हैं या संस्कृति की एकरेखीय शुद्धतावादी-श्रेष्ठतावादी धारणा रखते हैं तो ये दोनों चीजें ही सांस्कृतिक उन्मूलन की ओर ले जाती हैं, बल्कि ले जा रही हैं। ये प्रवृत्तियां हमें हमारी जीवंत साझी विरासत से विच्छिन्न कर देती हैं।

सामासिक संस्कृति का अर्थ है दो या दो से अधिक संस्कृतियों के मिलने से बनी एक नई संस्कृति। भारतीय संस्कृति को सामासिक संस्कृति इसलिए कहा जाता है कि हजारों साल से इस देश में आर्य-द्रविड़ जातियों के अलावा कई जातियां रही हैं और आपस में संवाद करती रही हैं। यह कई प्रादेशिक भाषाओं, कई धर्मों, कई विश्वासों और स्थानीय संस्कृतियों का देश है। इस देश की संस्कृति के चार स्वाभाविक गुण हैं: निरंतरता, परंपरा की पुनर्रचनात्मकता, मिश्रणशीलता और नवोन्मेष। हमारे देश में संस्कृति प्राचीन काल में बन चुकी या सैकड़ों साल पहले ही सुनिर्धारित की जा चुकी चीज नहीं है। संस्कृति में सुधार और नवोन्मेष होते रहे हैं, वह अतीत की कैदी नहीं है।

सामासिक संस्कृति में 'मुख्य धारा' नाम की कोई चीज नहीं होती, 'मेन स्ट्रीम' एक प्रभुत्ववादी और विघटनकारी धारणा है। बहुत सी संस्कृतियां आपस में संवाद करती हैं, अपनी विशिष्टता की रक्षा करती हैं और 'साझा जीवन-साझी संस्कृति' का भी निर्माण करती हैं। हमारा समय दोहरी दुर्घटना का साक्षी है: संस्कृति में राजनीति घुसती जा रही है और राजनीति से संस्कृति निकलती जा रही है। इधर वसुधैव कुटुंबकम की बात बहुत हो रही है, पर इसके लिए जैसी मनोभूमि की जरूरत इस श्लोक में बताई गई है, उससे हम कोसों दूर हैं। इसका पूरा श्लोक है ( सुधार कर पढ़ें): अयम निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम/ उदारचरितानाम तु वसुधैव कुटुंबकम्। अर्थात् निज और पर की गणना करने वाले छोटे चित्त के व्यक्ति हैं, जो उदार चरित्र का है, उसी के लिए यह वसुधा एक कुटुंब की तरह है। आज वसुधैव कुटुंबकम् की बात ज्यादा वे करते हैं, जो पड़ोसी से ही झगड़ा करते हैं या अपने ही भाई से लड़ते हैं या कलीग/बंधु को ही नीचा दिखाने में लगे रहते हैं।

तुलसी ने यही कहा था, 'मैं अरु मोर तोर तैं माया'। माखनलाल चतुर्वेदी एक राष्ट्रवादी कवि थे। वे कहते हैं: जब चांद मुझे नहलाता है/सूरज रोशनी पिन्हाता है/ क्यों दीपक लेकर कहते हो/ यह तेरा है यह मेरा है। संस्कृति का कोई अर्थ बताने के लिए कहे तो एक वाक्य में कहा जा सकता है, जो कुछ मन को विशाल बनाए और छोटे चित्त से बाहर निकाले, वह संस्कृति है। कुछ हमारे सौंदर्यबोध, विचारशक्ति और सृजनात्मकता में उत्थान लाए, वह संस्कृति है। आज संस्कृति-संस्कृति के शोर में संस्कृति ही वस्तुतः नदारद है। आज यह समझना जरूरी है कि अंग्रेजी राज ने 'भिन्नता' की अपनी औपनिवेशिक राजनीति द्वारा भारत की सांस्कृतिक समझ को किस तरह विभाजित और प्रदूषित कर दिया। आज भी उस राजनीति के नए-नए बौद्धिक संस्करण बन रहे हैं और 'खंड खंड पाखंड' छाया है। यह सब भारत के स्वभाव के विरुद्ध है।

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से। कुम्भनदास ने कहा था, 'संतन को कहा सीकरी सो काम'। लोक के साहित्य के भीतर से ही 'ढाई आखर प्रेम का' की धारणा आई। जायसी पदमावत में कहते हैं, 'बहुत पढ़े पर नेह न जाना। रैदास कहते हैं, 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। तुलसी कहते हैं, 'पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'। जिस संस्कृति में ये भावनाएं नहीं हैं, उसे संस्कृति कैसे कहा जाए? भारत भिन्नताओं से भरा देश है, पर इन भिन्नताओं को शत्रुता तक पहुंचाया जाए, यह जरूरी नहीं है। इसलिए भारत जैसे देश में संस्कृति भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है। आज संस्कृति धार्मिक रूप से भी पॉप नाच- गानों और बाह्य आडंबर की भौतिक वस्तुओं में सीमित हो गई है या राजनीतिक चिन्हों में। यह बाहर से अमेरिकी आधुनिकता और भीतर से अतीत की कूपमंडूकता की जुगलबंदी है।

## सोशल फोरम

# खुला आसमान चुनौती तो लाता है

आप जहां फिट हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आप सही जगह पर हैं। हममें से ज्यादातर लोग जहां फिट बैठ जाते हैं, उसी जगह को अपने लिए बनी हुई जगह मान लेते हैं, जबकि आपकी खूबियां आपकी बनावट की सरहद में बंधी हुई नहीं हैं। मेरा एक दोस्त था, उसकी म्यूजिक पर जबरदस्त पकड़ थी।

वह कितने ही तरह के इंस्ट्रूमेंट्स पर अपने हाथ और समझ का हुनर रखता। यही नहीं लौकी और कद्दू के सूखे हुए कवर से वह गजब का संगीत पैदा करता। हमने तो उसे सेठे-बांस-नरकुल से उपजे संगीत में झूमते हुए देखा था। उसने संगीत में पढ़ाई भी की मगर अचानक उसके पिता, जो सरकारी अध्यापक थे, गुजर गए।



हफीज किदवई
लेखक

घर में कई भाइयों के बीच उसे बड़े होने की वजह से अनुकंपा में वह नौकरी मिल गई। मैं भी उस वक्त था, जब यह फैसला चल रहा था कि नौकरी कौन करे। मेरा दोस्त नौकरी करने के लिए पूरे मन से तैयार था। जबकि हमें लगता था कि उसके अंदर जो संगीत है, उसे एक खुला आसमान चाहिए और खुला आसमान चुनौती तो लाता है, लेकिन मेरा दोस्त वह चुनौती लेने को तैयार नहीं था। बहुत साल बाद हम उसके स्कूल गए। वह हिंदी का अध्यापक था और साथ में स्कूल की सभी एक्टिविटी में शामिल रहता था। बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तैयारियों में मदद करता। मुझसे बात करता हुआ, अपने कलम से मेज को बजाते हुए कह रहा था।

भाई, हम तो यहां फिट हो गए। सुबह से शाम तक बच्चे, फिर घर परिवार और क्या ही चाहिए! वह बोल रहा था और मेरी नजर में नौशाद दौड़ रहे थे। वह नौशाद जिन्हें उनके वालिद एक सुकून भरी जिंदगी में फिट ही तो कर रहे थे। बड़े घर से होने के बावजूद, तमाम पाबंदियों को तोड़कर नौशाद ने कहीं भी फिट होना ही तो नहीं चुना और घर के दरवाजे से मुंह मोड़कर संगीत का एक संसार रच दिया।

हो सकता है मेरा दोस्त नौशाद न बन पाता, मगर उस रास्ते पर चलता हुआ बिखर जाता। अब वह सिमटा हुआ है और उस जगह फिट है, जो जगह शायद उसके लिए नहीं थी। हम सब अक्सर वहीं फिट हो जाते हैं, जहां हमारा आकार तो आ जाता है, मगर विचार मर जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# जनसंख्या और संसाधन के अंतर्संबंध



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए, विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है, वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो।

भारत में जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और हर छोटा-बड़ा गांव, कस्बा, शहर इसमें सहभागी बन रहा है। जनसंख्या का सही आकड़ा तो भारत की राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही प्राप्त हो सकेगा। प्रथम स्थान पर आना अच्छी बात सम्मान जनक है, पर जनसंख्या के मामले में भारत का प्रथम स्थान पर आना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं माना जा सकता। क्योंकि भारत जैसे राष्ट्र के लिए अपने शत-प्रतिशत नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा रोजगार, अच्छा वातावरण, अच्छा रोटी-कपड़ा-मकान उपलब्ध कराना, अच्छी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करना उस समय भी मुश्किल था जब भारत जनसंख्या में चीन से पीछे था और आज जब भारत चीन से जनसंख्या में आगे है तो कितना मुश्किल होने वाला है?

अनुमान लगाया सकते हैं। कारण स्पष्ट हैं, जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ रही है, उस अनुपात में संसाधन नहीं बढ़ रहे हैं। अपितु या तो कम हो रहे हैं या दूषित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत का क्षेत्रफल सीमित है, साथ ही उपलब्ध जल, जंगल, जमीन तथा नॉन-रिन्यूएबल संसाधन भी सीमित हैं। रिन्यूएबल संसाधनों का शतप्रतिशत रिन्यूएबल भी नहीं हो पा रहा है। भविष्य में जलवायु तथा विकास के लिए आवश्यक अन्य परिस्थितियों तथा वस्तुओं के हमेशा अनुकूल रहने की कोई गारंटी भी नहीं है। ऐसे में केन्द्र की सरकार तथा राज्यों की सरकारों का विवेक पूर्ण धारीय विकास करना, संसाधनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतना, गांव, कस्बों, शहरों, मेट्रोपोलिटन शहरों में बढ़ते जनसंख्या के दबाव को ध्यान में रखते हुए आम-आदमी की आवश्यकताओं और पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास करना पहले भी कठिन था, वर्तमान में भी कठिन हो रहा है और भविष्य में भी कठिन रहने वाला है। विकास की बात करते समय, योजना बनाते समय, उन्हें क्रियान्वित करते समय ऐसे देखने में आता है कि चुनी हुई सरकारें और जनप्रतिनिधि गण अपने पसंद के स्थानों, शहरों, राज्यों को ध्यान में रखकर विकास की बात करते हैं और काम करते हैं। इससे विकास तो होता है, पर कहीं कम और कहीं अधिक। जबकि होना यह चाहिए कि स्थान विशेष की वर्तमान और भविष्य की जनसंख्या के आकड़ों तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से विकास होना चाहिए।

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए, विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है, वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में बदलते संस्कार और संस्कृति जिसमें एकल परिवार संयुक्त परिवार का स्थान ले रहे हैं, परिवार की संपत्ति बंटवारे का दंश झेल रही हैं। अवसर सीमित होते जा रहे हैं, महंगाई बढ़ रही है, रहन-सहन, खान-पान, शिक्षा- स्वास्थ्य का खर्च उठाना सामान्य परिवार के लिए मुश्किल होता जा रहा हैं। इतना ही नहीं अध्ययन के निष्कर्ष इस ओर इशारा कर रहे हैं कि उचित लालन-पालन, देख-रेख, शिक्षा-दीक्षा के अभाव में बच्चों के बिगड़ने की संभावनाएं अधिक हैं और कोई भी दंपति अपने बच्चों का भविष्य बिगड़ते हुए नहीं देखना चाहती है। ऐसे में बच्चें को जन्म देने पर गहन चिंतन और मनन के बाद ही निर्णय लेना चाहिए तभी परिवार और देश के हित संभव है।

# देह और आत्मा

आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है, जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत, सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है।

आज सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। आज विश्व बाजार के चैनल चौबीसों घंटे उपभोग और उपभोग का संदेश दिखा-सुना रहे हैं कि जीवन का प्रयोजन है-उपभोग और उपभोग।

विश्व बाजार की नजर में आदमी आदमी नहीं, उपभोक्ता है-कंज्यूमर। उसकी नजर में विराट प्रकृति उपभोग्य सामग्री है। विश्व बाजा रकी नजर में-उपभोग आनंद है और यह आनंद एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनंद स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनंद और अधिक पैसा अधिक आनंद। ये बता रहे हैं कि देह सुख और इंद्रिय आनंद ही जीवन का पुरुषार्थ है, जीवन का प्रयोजन है। जब मैंने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिला वात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था, उसकी एक पंक्ति भारतीय संस्कृति ही नहीं, विश्वसंस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है-आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देनाम नुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है, जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत, सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है। अवधारणाएं समष्टिजीवन की प्रेरणा होती हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# फसल चौपट होने के सदमे में किसान ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता, बबेरू-बांदा

**अमृत विचार** : बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से फसल चौपट हो जाने से परेशान किसान ने कमरे के अंदर छत के छल्ले से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के साथी गांव निवासी सर्वेश उर्फ भोला (45) पुत्र राजकुमार ने शुक्रवार की शाम कमरे के अंदर छत के छल्ले में रस्सी से फंदा लगा लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची पत्नी गायत्री ने देखा तो दरवाजे बंद थे। उसने कुंडी खटखटाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। सीढ़ी पर चढ़कर भोला का शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ी। शोर सुनकर लोग भी मौके पर पहुंचे और फंदा काटकर नीचे उतारा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चाचा बाला प्रसाद ने बताया कि वह परचून की दुकान किए था। उसके आठ बीघा जमीन है। बाला प्रसाद ने आशंका जताई है कि बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से उसकी मसूर की फसल चौपट हो गई थी, जिसको लेकर वह बीते चार दिनों से सदमे में था। इसी के चलते उसने यह घटना अंजाम दी। मृतक के दो पुत्र हैं।

## ब्रेक-शू जाम, ढाई घंटे खड़ी रही मालगाड़ी

**कंचौसी, औरैया।** इटावा से कानपुर आ रही मालगाड़ी के शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे चार वैगन के ब्रेक-शू जाम होने की जानकारी होते ही लोको पायलट ने मालगाड़ी को कंचौसी स्टेशन व रेलवे क्रॉसिंग के बीच रोक दिया। लाइन पर मालगाड़ी खड़ी होने के कारण लगभग ढाई घंटे तक चले मरम्मत कार्य के बाद मालगाड़ी को आगे रवाना किया गया। दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर मालगाड़ियों के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर डीएफसी बना है। शुक्रवार को इटावा से कानपुर जा रही मालगाड़ी के चार वैगन के पहियों के ब्रेक-शू जाम होने पर पायलट ने मालगाड़ी को रेलवे फाटक और मेन लाइन के बीच रोक दिया।

# प्रत्याशियों को मिलेगी ऑनलाइन नामांकन की सुविधा

अमृत विचार विशेष

लोकसभा चुनाव 2024

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशियों को अब रिटर्निंग अधिकारी के दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों के लिए 'सुविधा' वेब पोर्टल लांच किया है, जिसमें नामांकन की स्थिति और रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भेजे गए निर्देशों को देख सकेंगे। साथ ही किसी जनसभा, बैठक या लाउडस्पीकर की अनुमति भी प्राप्त कर सकेंगे। इस पोर्टल के माध्यम से प्रत्याशी अपनी शिकायत को भी दर्ज करा सकेंगे।

लोकसभा चुनाव के दौरान इस बार प्रत्याशियों को कई सहूलियतें होंगी। 'सुविधा' वेब पोर्टल के अलावा कैंडिडेट एप्लीकेशन भी प्रत्याशियों को दिया जाएगा। ऑनलाइन नामांकन करने की इस पोर्टल पर सुविधा मिलेगी, लेकिन उसकी हार्ड कॉपी रिटर्निंग ऑफीसर के पास जमा करनी होगी। 'सुविधा' पोर्टल के दो मॉड्यूल बनाए गए हैं, जिसमें पहला नामांकन है, जिसके जरिए प्रत्याशी अपने नामांकन की स्थिति देख सकता है तथा शपथ पत्र सहित जमानत धनराशि को देखने का भी विकल्प है। दूसरा मॉड्यूल अनुमति का है, जिसमें प्रत्याशी किसी जनसभा, बैठक या लाउडस्पीकर की अनुमति ऑनलाइन ले सकता है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस पोर्टल पर सभी दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों का ब्योरा मिलेगा। नामांकन के बाद कैंडिडेट एप दिया जाएगा, जिसमें भी इसी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाएंगीं।




ई-सुविधा पोर्टल।

### 'सुविधा' वेब पोर्टल के फायदे

- बार-बार रिटर्निंग ऑफीसर कार्यालय आने से मुक्ति
- कहीं से भी ऑनलाइन लॉग-इन की सुविधा होगी
- कोई भी नागरिक इसे देख सकता है
- प्रत्याशी अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं
- शपथ पत्र या जमानत धनराशि की जानकारी
- जनसभा, बैठक या प्रचार वाहन की अनुमति
- शिकायत और उसके निस्तारण की आख्या
- चुनाव आयोग तथा आरओ के निर्देशों का अवलोकन
- लोकसभा क्षेत्र व मतदाताओं के बारे में पूर्ण जानकारी



'सुविधा' वेबपोर्टल लांच होने से प्रत्याशियों को ऑनलाइन नामांकन करने की सुविधा होगी तो किसी जनसभा, बैठक या प्रचार वाहन की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्याशियों को इसकी हार्ड कॉपी रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में जमा करनी होगी। इसमें कई और भी फीचर्स जोड़े गए हैं।

-विनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

# पंपासुर आश्रम से गदा-मुकुट के साथ चढ़ावा भी उठा ले गए चोर

## श्रद्धालुओं ने प्राचीन मंदिर से चोरी पर जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** देवांगना स्थित पंपापुर आश्रम में गुरुवार रात चोरों ने गदा, मुकुट और अन्य सामग्री चोरी कर ली। प्राचीन आश्रम में चोरी से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि एयरपोर्ट के पास स्थित इस मंदिर में चोरी होना पुलिसिया चौकसी पर सवालिया निशान लगाता है।

गौरतलब है कि एयरपोर्ट के पास पंपापुर आश्रम नाम से प्राचीन हनुमान मंदिर है। यहां महंत प्रेमदास तपशाली और उनका एक शिष्य ही रहते हैं। गुरुवार की रात चोरों ने यहां धावा बोला और हनुमान जी का गदा, मुकुट और अन्य सामान के साथ चढ़ावा चुरा ले गए। चोरों ने लोहे के दरवाजे को टेढ़ा कर दिया था। सुबह बाबाजी की नींद खुली तो वह सन्न रह गए। चोरी के संबंध में लोगों ने बहिलपुरवा पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। महंत प्रेमदास के शिष्य योगेश जैन, शंकर प्रसाद यादव आदि ने मंदिर में चोरी पर आक्रोश जताया। इनका कहना था कि पास में ही हवाई पट्टी होने के बाद भी चोरी होना पुलिस गश्त को चुनौती है।

योगेश ने बताया कि इसके पूर्व भी लगभग डेढ़ साल पहले यहां चोरी हुई थी। बताया कि बाबा पूरी तरह से सामाजिक जीवन से विरक्त हैं और वह रिपोर्ट आदि भी नहीं दर्ज कराते। बताया कि जब यहां जंगलों में डकैतों की चहलकदमी थी तो पीएसी की टुकड़ी रहती थी पर अब सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं है। श्रद्धालुओं ने मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था की मांग की।

### प्राथमिक विद्यालय से टाइल्स की चोरी

बरगढ़ थानांतर्गत प्राथमिक विद्यालय उसरी माफी से चोरों ने टाइल्स पार कर दिए। ग्राम प्रधान शैलेश शुक्ल ने इस संबंध में थाने में तहरीर देकर बताया है कि मजरा उसरी माफी के प्राथमिक विद्यालय से 25 फरवरी की रात चोरों ने 28 पेटी टाइल्स चुरा लीं। स्कूल में काम चल रहा है और ये टाइलें उसी के लिए रखी थीं। उसने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का पता लगाने की बात कही है।



इस तरह दरवाजा टेढ़ा कर मंदिर में घुसे चोर। अमृत विचार

## डंपर की टक्कर से मामा की मौत, भांजी घायल

**अमृतपुर-फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बाइक में डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मामा की मौत हो गई। भांजी गम्भीर रूप से घायल हो गई। मामा जिला शाहजहांपुर का रहने वाला था। घायल भांजी का इलाज लोहिया अस्पताल में चल रहा है।

शाहजहांपुर जिले के ग्राम पूरे बंडा जलालाबाद निवासी छत्रपाल अपनी भांजी को अपने घर से बहनोई के घर याकूतगंज छोड़ने जा रहा था। राजेपुर के ग्राम अलीगढ़ के पास फर्रुखाबाद की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार डंपर ने बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार छत्रपाल और उसकी भांजी गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी राजेपुर भेजा । ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने छत्रपाल को मृत घोषित कर दिया।

# खेती सीखने अल्मोड़ा गए 80 किसान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम योजना के अंतर्गत जनपद महोबा से 80 प्रगतिशील कृषक और 20 अधिकारियों और कर्मचारियों का एक्सपोजर विजिट प्रशिक्षण भ्रमण के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों कर्मचारियों और किसानों के लिए अल्मोड़ा भेजे जाने वाले वाहन को मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मालूम हो कि उत्तराखंड में किस तरह की खेती होती है इसका प्रशिक्षण लेने के लिए जिले से 80 प्रगति सेल किसानों को अधिकारियों के साथ भेजा गया यह प्रगतिशील किसान 3 मार्च तक प्रशिक्षण लेने के बाद वापस मोहम्मद जनपद लौटेंगे वहां से ट्रेनिंग हासिल करने के बाद जिले के किसानों को भी नई तकनीक से फसल की पैदावार करने और अधिक उत्पादन बढ़ाने की गुरु भी सिखाएंगे जिससे उत्तराखंड की तरह बुंदेलखंड में भी अधिक पैदावार हो सके और नई-नई फसलों की शुरुआत कराई जा सके इसी गरज से यहां से उत्तराखंड के अल्मोड़ा भ्रमण के लिए किसानों की टीम भेजी गई है। जिले के किसान विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा उत्तराखंड में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। जनपद से भ्रमण पर गये किसानों को अल्मोड़ा में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा कृषि से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा।




किसानों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ। अमृत विचार

- मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम योजना के तहत किसान गये उत्तराखंड

## नाबालिग छात्रा के अपहरण, दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

**औरैया।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम मनराज सिंह ने थाना अजीतमल क्षेत्र से करीब दो वर्ष पूर्व 14 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म के दोषी हर्षित उर्फ अंशू को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। र 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक जितेन्द्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि उक्त मामले में पीड़िता के पिता ने थाना अजीतमल में दर्ज कराया। वादी ने लिखा कि 21 दिसम्बर 2021 को अपरान्ह तीन बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री जो कक्षा आठ की छात्रा थी। वह दर्जी के पास जाने की बात कहकर घर से सहेलियों के साथ गई। घर वापस न आने पर खोज की गई तो पता चला ग्राम बिरूहूनी अजीतमल निवासी हर्षित उर्फ अंशू उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। वादी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने विवेचना करने के बाद अभियुक्त के विरूद्ध पॉक्सो, दुष्कर्म व अपहरण की धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया।

## 30 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गए खंड शिक्षा अधिकारी

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी को शुक्रवार को विजिलेंस टीम द्वारा 30 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी की गिरफ्तारी के बाद बिधूना कोतवाली में भारी संख्या में शिक्षक नेता अधिकारी के समर्थन में पहुंच गए। कोतवाली से बैरंग वापस लौटना पड़ा। बताया गया कि शिक्षक के विकल्प पत्र को अग्रसारित करने के नाम पर 30 हजार रुपये मांगे गए थे।

जुबेर व राजन रावत की विजिलेंस टीम द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी बिधूना पुष्पेंद्र जैन को शुक्रवार को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया है। विजिलेंस टीम द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी को गिरफ्तार किए जाने और बिधूना कोतवाली ले जाए जाने की भनक लगते ही भारी संख्या में शिक्षक नेताओं के साथ शिक्षक कोतवाली पहुंच गए और उन्हें साजिश के तहत फंसाए जाने की बात कह कर छोड़ने की बात कही। शिक्षकों की कोतवाली में जमा भारी भीड़ को गंभीरता से लेते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक कुमार सिंह व विजिलेंस टीम के अधिकारियों ने शिक्षकों को समझा बुझाकर कोतवाली से वापस भेजा। कोतवाली में खंड शिक्षा अधिकारी के बचाव में आए शिक्षकों का घंटों हुजूम जमा रहा। शाम को विजिलेंस की टीम गिरफ्तार किए गए खंड शिक्षा अधिकारी को कानपुर लेकर चली गई।

# प्रेमी युगल ने खाया जहर, युवती की मौत

संवाददाता किशनपुर (फतेहपुर)

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के बरगद का डेरा नरौली मजरे गढ़ा गांव में प्रेमी जोड़े ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसमें से प्रेमिका की मौत हो गई जबकि प्रेमी की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बरगद का डेरा गांव निवासी छेद्दू की पुत्री का थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी रामस्वरूप के बेटे कामता से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे शादी कर एक साथ रहना चाहते थे। दोनों के परिजनों को भी बढ़ रही प्रेम कहानी की जानकारी हो गई थी। परिजनों की जानकारी के बाद दोनों की मिलने पर पाबंदियां लगने लगी। दोनों के परिजनों ने शादी से भी इंकार कर दिया। इसके बाद गांव से कुछ ही दूरी पर जंगल में दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद दोनों अपने अपने घर पहुंचे।

देर रात युवती को उल्टियां शुरू हो गई और हालत बिगड़ते लगी। इसपर दोनों के परिजन इलाज के लिए ले गए। जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। वही प्रेमी कामता की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की।



युवती के दरवाजे पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- युवक को बेहद गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया

## बार अध्यक्ष ने तहसील प्रशासन पर लगाये भ्रष्टाचार के आरोप

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** कालपी बार संघ अध्यक्ष एड. गयादीन अहिरवार ने अधिवक्ताओं की शिकायतों पर जांच कराने के बाद आमसभा की मीटिंग हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लेने के बाद जहां सभी अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। वहीं विभिन्न भ्रष्टाचार के मामलों की तथ्यात्मक शिकायतें राजस्व परिषद, राजस्व मंत्री समेत मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है।

भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए बार संघ कालपी ने शिकायतों में कहा है कि तहसील कालपी में तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार हरदीप कालपी कदौरा के विवादित नामांतरण मुकदमों में बिना रिश्वत लिए कोई कार्य नहीं करते। आलम यह है कि विवादित तो छोड़ो अविविवादित मुकदमों में तहसीलदार अभिनव तिवारी व नायब तहसीलदार हरदीप द्वारा बिना धन लिए आदेश पारित नहीं किये जा रहे हैं। जिस पर अधिवक्ता एसोसिएशन कालपी के सदस्यों ने अध्यक्ष को भी प्रार्थना पत्र दिया। समस्त अधिवक्ता 20 फरवरी सेहड़ताल पर हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पंजीकृत बैनामों में बिना 1000 धनराशि की रिश्वत लिए तहसीलदार और नायब तहसीलदार हरदीप के न्यायालय में नामांतरणवाद स्वीकार नहीं किये जा रहे हैं। जिसमें रिश्वत नहीं मिलती है वह नामांतरण वाद साक्ष्य के अभाव में खारिज कर दिए जाते हैं।

## हत्यारे पति को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** पत्नी की गोली मार कर हत्या करने वाले पति को अदालत ने दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता महेश द्विवेदी ने बताया कि जिला जालौन के चुर्खी थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी संतोष कुमार ने 25 मार्च 2011 को मौदहा कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि उसने पुत्री रजनी (26) की शादी 21 मई 2004 को अरतरा गांव निवासी अरुण कुमार से की थी। शादी के बाद दहेज की मांग को लेकर पति व देवर रुस्तम तथा फूफा मोतीलाल बेटी को प्रताड़ित करते थे। 21 मार्च 2011 को दामाद अरुण मायके से रजनी को अपने घर ले गया। अगले दिन 25 मार्च को सूचना मिली कि बेटी को अरुण ने बन्दूक से गोली मार हत्या कर दी है।

सरकारी आदेश

अब डॉ . भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नाम से जाना जाएगा

# आखिर बदला गया राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

**अमृत विचार।** शासन ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का फिर से नाम बदल दिया है। अब इसे डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नाम से जाना जाएगा। इसका आदेश भी जारी हो गया है। दूसरी ओर पत्र आने के बाद प्राचार्य ने बोर्ड व कागजों में नया नाम लिखाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। खास बात यह है कि आंबेडकर के पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल था। नए नाम में उनके नाम का भी जिक्र है।

तीन फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने संबोधन कर मुख्यमंत्री से राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर डॉ. भीमराव आंबेडकर करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने उसी दौरान ऐलान कर दिया था कि मेडिकल कॉलेज का नाम जल्द बदल दिया जाएगा। उसी के तहत शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा सचिव पवन कुमार ने आदेश जारी कर दिया। इसमें कहा गया है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम परिवर्तित कर डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज किया जाता है।




मेडिकल कॉलेज का गेट। अमृत विचार

- तीन फरवरी को समाज कल्याण मंत्री की मांग पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था ऐलान

### इस तरह चला नाम बदलने का सिलसिला

सपा सरकार ने वर्ष 2005 में तिर्वा तहसील क्षेत्र के बहादुरपुर-नुनारी गांव के पास खाली पड़ी सरकारी व किसानों की जमीन अधिग्रहित करके राजकीय मेडिकल कॉलेज खोलने का काम शुरू किया था। उस दौरान मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थी। करीब पांच सौ बीघा जमीन पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू हुआ। सपा सरकार जाते ही बसपा सरकार आई। तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज कर दिया। वर्ष 2012 में सपा फिर से सत्ता में आई और नाम बदलकर राजकीय मेडिकल कॉलेज कर दिया। अब फिर से नाम बदल गया है।

### दलित वोट बैंक पर है भाजपा की नजर

दरअसल, राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने को लेकर राजनैतिक विश्लेषकों का तर्क है कि यह महज दलित वोट बैंक की राजनीति है। जनप्रतिनिधियों को नाम बदलने की बजाय मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं बढ़ाना चाहिए। उस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### जनप्रतिनिधि परिजनों का नहीं कराते इलाज

नेता जनसभाओं में तो बड़ी-बड़ी बातें व सुविधाएं होने का दावा करते हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर परिजनों व रिश्तेदारों को बाहर के जिलों या नर्सिंगहोम में इलाज कराते हैं। अगर मेडिकल कॉलेज में बेहतर सुविधाएं हैं तो जनप्रतिनिधि या नेता खुद या परिजनों का इलाज यहीं कराएं।

## मशीन आई मरीजों को मिलेगा कलर अल्ट्रासाउंड

**तिर्वा, कन्नौज।** डिजिटल अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को हो रही परेशानियों को देखकर कॉलेज प्रशासन ने शासन को प्रस्ताव भेज कर मशीनो की मांग की थी। शासन की मंजूरी के बाद मशीन आ गई है। अब मरीजों को कलर अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी। यहां आने वाले मरीजों को अच्छा उपचार मिल सके इसके लिए कॉलेज प्रशासन हर प्रयास मे जुटा हुआ है। अभी तक मरीजों को डिजिटल अल्ट्रासाउंड के साथ एक्सरा न मिल पाने से बाहर भेजना पड़ता था। इससे मरीजों को परेशानी के साथ जेब पर भी बोझ पड़ जाता था। कॉलेज प्रशासन ने समस्या के निदान के लिए डिजिटल अल्ट्रासाउंड के साथ एक्सरा सुविधा के लिए शासन को करीब एक माह पहले प्रस्ताव भेज कर मशीन की मांग की। शासन ने कालेज को कलर अल्ट्रासाउड की मशीन दे दी है। प्राचार्य डाक्टर सीपी पाल ने बताया कि कलर अल्ट्रासाउड व एक्सरा की मशीन की मांग की थी। शासन से मंजूरी के साथ मशीन आ गई है। जल्द ही मशीन को शुरू कराकर मरीजों को लाभ दिलाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

# वायरल ऑडियो का सांसद की आवाज से किया जाएगा मिलान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** फरवरी के दूसरे हफ्ते में वायरल हुए कथित तौर पर सांसद के ऑडियो को आवाज की पुष्टि के लिए फॉरेंसिक लैब लखनऊ भेजा गया है। मामले में राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अधिकार सेना अमिताभ ठाकुर ने प्रकरण में सांसद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी।

बता दें कि 15 फरवरी की रात पर एक दुर्घटना में दो कारें आपस में टकरा गईं थीं। एक कार में सांसद व दूसरे में कन्हैया दीक्षित के समर्थक बताए गए थे। मौके पर झगड़े की नौबत भी आई थी, जिसमें कन्हैया के पहुंचने के बाद पुलिस को कार उठाने दी गई थी। घटना के बाद दोनों पक्षों में तनातनी हो गई थी। इसके बाद ही 17 फरवरी को मोबाइल फोन पर बातचीत का 1.14 मिनट का ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें कथित तौर पर सांसद सुब्रत पाठक ने भाजपा नेता आलोक दीक्षित कन्हैया के सहयोगी सजल गुप्ता के बीच गालीगलौज तथा हिंदू देव बजरंगबली के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था। प्रकरण में सांसद द्वारा सफाई दी गई थी कि 'लोकसभा चुनाव आने वाले हैं, जिस पर विरोधी सक्रिय हो गए हैं।

सोशल मीडिया पर फेक ऑडियो वायरल किया गया है, जिसमें एआई तकनीक से मेरी आवाज को बनाया गया है। मेरी छवि व लोकप्रियता को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।' उन्होंने किसी के प्रति आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग नहीं किया है। वहीं कन्हैया ने इतना भर कहा था कि 'कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, उनके लिए अपशब्दों का प्रयोग करना गलत है। मैं पार्टी में साधारण कार्यकर्ता हूं। सांसद को भी सोचना चाहिए कि लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और जनता में इसका क्या संदेश जाएगा। जनप्रतिनिधि का रवैया इस तरह आक्रामक नहीं होना चाहिए।' मामले के चर्चा में आने के बाद अमिताभ ठाकुर ने आईजीआरएस में शिकायत कर सांसद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी।



सांसद सुब्रत पाठक।

- अमिताभ ठाकुर की मांग पर पुलिस ने फॉरेंसिक लैब भेजा ऑडियो
- 15 फरवरी को हुआ था वायरल, भाजपा नेता समेत भगवान के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग



अमिताभ ठाकुर।

# काशी और मथुरा में बनेगा भव्य मंदिर : उमा भारती

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने रामलला का दर्शन-पूजन कर लिया आशीर्वाद

अयोध्या कार्यालय



रामलला व हनुमानगढ़ी पर दर्शन कर लौटतीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो रहा है। अब काशी और मथुरा में मंदिर निर्माण का इंतजार भी जल्द खत्म होगा। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली साध्वी उमा भारती ने कहीं। वे शुक्रवार को यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंची थीं। उन्होंने रामजन्मभूमि मंदिर के अलावा हनुमानगढ़ी व कनक भवन में भी दर्शन किया। काशी और मथुरा के मामले पर उन्होंने कहा कि इसकी सुनवाई कोर्ट में है। लेकिन मथुरा और काशी में मंदिर बनना बहुत जरूरी है। मेरी आस्था मेरे दिल में है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी भी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी नहीं निभाई है। विपक्ष का काम आलोचना करना ही नहीं, बल्कि देश के प्रति कुछ जिम्मेदारी भी होती है। विपक्ष को जो मुख्य मुद्दे उठाए जाने थे, उसे नहीं उठाया। उन पर बोलना अपना अपमान समझते थे। इसलिए अब वोट उन लोगों के खिलाफ पड़ना है। आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 15 से 20 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी।


पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की खुलकर प्रशंसा। कहा- जल्द ही अयोध्या नगरी विश्व का सबसे बड़ी पर्यटन स्थल बनने जा रही है। आने वाले समय में मुस्लिम के सबसे बड़े धार्मिक स्थल मक्का मदीना को भी पीछे छोड़ देगी और यहां प्रशासन को व्यवस्थाओं में भी बड़ा परिवर्तन करना पड़ेगा।

### आज रामलला का दर्शन करेगी गुजरात कैबिनेट

रामलला के दर्शन के लिए शनिवार को गुजरात कैबिनेट रामनगरी पहुंचेगी। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचेगा। जहां उनका स्वागत सरकार की तरफ से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व संगठन की तरफ शैलेंद्र कोरी करेंगे। वहीं चार मार्च को मध्य प्रदेश की कैबिनेट भी रामनगरी पहुंचेगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में उनकी कैबिनेट रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लेगी।

### रामलला के गर्भगृह में एक पक्षी के उड़ने का वीडियो वायरल

**अयोध्या :** रामलला के गर्भगृह में एक पक्षी के उड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर इसके वायरल होते ही लोग इसे आस्था से जोड़कर देख रहे हैं। परिक्रमा कर रहे पक्षी को लोग गरुण देव बता वायरल कर रहे हैं। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद कई ऐसे दृश्य सामने आ रहे हैं, जिसे देख लोग आश्चर्य मानने के साथ ही उसे वायरल भी कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले हनुमान जी के स्वरूप माने जाने वाले बंदर के रामलला के दर्शन का वीडियो वायरल हुआ था। उस वीडियो को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने खुद वायरल किया था। अब इस पक्षी के वीडियो ने तहलका मचा दिया है। वीडियो में परिक्रमा के बाद पक्षी रामलला के मुकुट पर जाकर बैठता भी दिखाई दे रहा है। रामलला के सहायक पुजारी संतोष कुमार ने बताया कि यह पक्षी स्वत: गर्भगृह में आ गया था। सीआरपीएफ के जवानों ने इसे बाहर करने की बहुत कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। अंत में रात्रि शयन-आरती के बाद पक्षी स्वत: गर्भगृह से निकल गया। उनका कहना है कि यह वीडियो छह से सात दिन पुराना है।



वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट।

## शासन ने हटाये तीन साल से एक जिले में जमे अफसर

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से अफसरों के तबादले को लेकर रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दी गई है। आयोग ने पिछले दिनों प्रदेश समेत देश के सभी राज्यों को निर्देश जारी कर एक ही जिले में तीन से अधिक समय से जमे अफसरों को हटाने व गृह जिले में अफसरों को संबंधित संसदीय क्षेत्र से हटाने के निर्देश दिये थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और अयोध्या के नगर आयुक्त, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ, यमुना अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और भूमि अध्याप्ति अधिकारी बलराम सिंह के लिए तबादला नीति में शिथिलता देने का आग्रह किया।

## शताब्दी समारोह में हुआ देव यज्ञ

अयोध्या कार्यालय



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सांसद बृजभूषण शरण व अन्य।

**अमृत विचार :** रामपथ स्थित निशुल्क गुरुकुल महाविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय शताब्दी समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार के कार्यक्रमों की शुरुआत देव यज्ञ और वेदोपदेश से हुई। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शताब्दी समारोह के दूसरे दिन सुबह 8 से 10 बजे गुरुकुल परिसर में आचार्य उमा दयाल मिश्र के नेतृत्व में यज्ञ हवन का आयोजन हुआ। जिसमें यजमान के रूप में लघु उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, एकता अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, विनय मनूचा, सत्यभानु, शंकरदयाल मिश्र व पं. दीनानाथ शास्त्री रहे। संस्था के मंत्री भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करने के बाद कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि वैदिक व्यवस्था में गौ का विशेष महत्व रहा है। आज भी गौ संरक्षण की विशेष जरुरत है। इसके लिए सरकार की ओर से अनेक योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के लाभ का विस्तार से वर्णन करते हुए लोगों से स्वदेशी को अपने जीवन का अंग बनाने की अपील की।

इसके बाद नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं की दशा-दिशा और उनके योगदान पर चर्चा हुई। कार्यक्रम संयोजक पं.दीनानाथ शास्त्री व भानुप्रताप सिंह ने सभी का स्वागत व अभिनन्दन किया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी अंजनी गर्ग उपाध्याय, महेशचंद्र तिवारी, इंद्रदेवदास आचार्यगण वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, राम प्रकाश चौबे, श्रवण कुमार मिश्र, राजेन्द्र कुमार तिवारी, राजेश तिवारी, दया शंकर शुक्ल,बृजमोहन भार्गव व अरुण शास्त्री, रघुनन्दन मिश्र आदि ने अपने विचार रखे।

## 50 साल चला 1200 रुपये गबन का मामला, कोर्ट ने किया बरी

**बदायूं :** बिसौली की साधन सहकारी समिति लिमिटेड पर सचिव रहे पोशाकी लाल पर 1200 रुपये के गबन में लगभग 50 साल पहले रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शुक्रवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम रिचा शर्मा ने मुकदमा का निस्तारण किया। साक्ष्य व संदेह के आधार पर तत्कालीन सचिव को दोषमुक्त कर दिया गया है। न्याय पाने के लिए सचिव को 50 साल की लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। अभियोजन पक्ष के अनुसार 1974 में बिसौली की साधन सहकारी समिति के एडीओ ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। कहा कि उन्होंने 22 जून 1973 को पूर्वी साधन सहकारी समिति लिमिटेड जाकर जांच की थी। उस दौरान कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव चंदपुरा निवासी पोशाकी लाल समिति के सचिव थे। समिति के राजस्व अंकन में 1200 रुपये कम मिले थे। जांच के दौरान बताया गया कि 1200 रुपये 22 जून 1973 को सहकारी बैंक की बिसौली शाखा में जमा कराए गए हैं लेकिन समिति के पास बैंक की रसीद या बाउचर नहीं था। बैंक जाकर जांच की तो पता लगा कि रुपये जमा नहीं कराए गए थे। जांच में पाया गया कि समिति के सचिव पोशाकी लाल ने समिति के 1200 रुपये का गबन कर लिया है। कोतवाली बिसौली पुलिस ने विवेचना करने के बाद आरोपी के खिलाफ चार्जशीट लगाई। जिसके बाद लगभग 50 साल से मामला कोर्ट में विचाराधीन चल रहा था। कोर्ट ने 14 गवाहों के बयान दर्ज किए। लंबी बहस चली। अभियोजन पक्ष मुकदमा साबित नहीं कर सका।

## रोजगार के बड़े केंद्र बनेंगे अयोध्या, काशी व मथुरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में हिंदु समाज के आस्था के सबसे बड़े केंद्र अयोध्या, काशी और मथुरा अब रोजगार के भी बड़े केंद्र में शुमार होने जा रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से इन तीनों स्थानों पर 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने की शुरुआत हो चुकी है। इस निवेश के जरिए व्यापक स्तर पर यहां रोजगार के द्वार खुल रहे हैं। इन तीनों स्थलों पर जो टॉप-5 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं, अकेले उनके माध्यम से यहां पर करीब 14 हजार लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है।

इन स्थलों पर खासतौर पर टूरिस्ट्स फैसिलिटी सेंटर, वेलनेस सेंटर और होटल्स की शुरुआत हो रही है, जिसमें व्यापक स्तर पर लोगों की आवश्यकता होगी।

### अयोध्या में करीब 13 हजार करोड़ की योजनाएं

अयोध्या में करीब 13 हजार करोड़ के कुल 372 प्रोजेक्ट्स की शुरुआत होने जा रही है। वाराणसी की बात करें तो करीब 19250 करोड़ की निवेश राशि से 277 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं। इसमें टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। वहीं, मथुरा में करीब 16,600 करोड़ रुपए से 415 प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हुई है।

### बरेली में करोड़ों के प्रोजेक्ट्स

प्रयागराज, चित्रकूट, नैमिषारण्य और बरेली के जरिए भी 77,312 करोड़ रुपए के कुल 902 प्रोजेक्ट्स धरातल पर उतर रहे हैं। इसके माध्यम से लोगों को हजारों रोजगार मिलने की संभावना है। इन चारों धार्मिक स्थलों में होने जा रहे टॉप-5 प्रोजेक्ट्स के जरिए यहां 12,500 से ज्यादा रोजगार प्रदान करेंगे।

## धोखाधड़ी और गबन के आरोपियों के खिलाफ ईडी ने दिए जांच के आदेश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- नोएडा में लोटस 300 परियोजना का मामला

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा में लोटस 300 परियोजना के फ्लैट खरीदारों को धोखा देने के लिए मैसर्स हैसिंडा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड व मैसर्स श्री सी यूनिवर्सल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटरों/निदेशकों निर्मल सिंह, सुरप्रीत सिंह सूरी और विदुर भारद्वाज को दोषी माना है। इन पर धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत प्रवर्तन निदेशालय को उन सभी निदेशकों/अधिकारियों तथा अन्य संस्थाओं के खिलाफ कार्यवाही करने का भी निर्देश दिया है, जिनमें हैसिंडा प्रोजेक्ट्स ने गबन का पैसा लगाया है। कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे बैंक ने हैसिंडा प्रोजेक्ट्स को 33 करोड़ रुपए का ऋण दे दिया? साथ ही कंपनी के खिलाफ दिवालिया याचिका दाखिल करने से पहले बैंक द्वारा निदेशकों की व्यक्तिगत गारंटी का उपयोग क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर को एक विशेष रियायत दी थी। क्योंकि भूमि का आवंटन करते समय कोई अग्रिम राशि नहीं ली गई थी। अग्रिम राशि घर खरीदारों द्वारा जमा की गई बुकिंग राशि से भुगतान की जानी थी। तीनों निदेशकों ने 236 करोड़ रुपए और 636 करोड़ रुपए के कुल कोष में से 190 करोड़ रुपए का गबन करके सभी को धोखा देने की बड़ी साजिश के एक हिस्से के रूप में इस्तीफा दे दिया। देनदारी से बचने के लिए छोटे कर्मचारी को कंपनी का कठपुतली निदेशक बना दिया। दरअसल, हेसिंडा प्रोजेक्ट्स कंपनी ने स्टोर कीपर आनंद राम को निदेशक के रूप में नियुक्त कर दिया। यह धोखाधड़ी स्पष्ट रूप से बैंक और जनता के साथ-साथ राज्य के साथ की गई है। कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया। क्योंकि चूक का अंदाज़ा होने के बावजूद 2014 से पट्टे को रद्द करने या डिफॉल्ट राशि की वसूली के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। नोएडा प्राधिकरण ने प्रमोटरों को कंपनी के सभी फंडों को हड़पने और कंपनी को पूरी तरह से दिवालिया स्थिति में छोड़ने के लिए पर्याप्त समय दिया। अंत में कोर्ट ने प्राधिकरण को ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट/पार्ट कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने और एक महीने के भीतर फ्लैट खरीदारों के पक्ष में त्रिपक्षीय समझौते और पंजीकृत डीड को निष्पादित करने का निर्देश दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने पारित किया।

## एयरपोर्ट पर बस में मिला 98.41 लाख का सोना

**सरोजनीनगर (लखनऊ)।** राजधानी स्थित चौधरी सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को रनवे से आगमन हाल तक यात्रियों को छोड़ने वाली बस में करीब 98.41 लाख रुपये का सोना बरामद किया गया। सोने को जब्त कर अधिकारी मामले की छानबीन कर रहे हैं।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को शारजाह से आने वाली इण्डियो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-1424) सुबह 7 बजे चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंची। विमान से उतरे यात्रियों को रनवे से आगमन हाल तक बस से लाया गया। यात्रियों के उतरने के बाद अधिकारियों ने बस की जांच की। बस की एक सीट के नीचे 1533 ग्राम सोना बरामद हुआ। सोने की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 98.41 लाख रुपये बताई जा रही है।

## रोगियों को खोजेगी 'मोबाइल कैंसर डिटेक्शन यूनिट'

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- केजीएमयू से चलेगी मोबाइल कैंसर डिटेक्शन यूनिट बस

**अमृत विचार।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि अन्य व्यय के बजाए सर्वाइकल कैंसर निवारण वैक्सीनेशन में व्यय करना बहुत जरूरी है। क्योंकि एक महिला की मृत्यु हो जाने से उसका परिवार बर्बाद हो जाता है। केन्द्र सरकार ने इस साल के बजट में सर्वाइकल कैंसर से बचाव में वैक्सीनेशन के लिए बजट दिया है।

राज्यपाल, शुक्रवार को राजभवन से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की 'मोबाइल कैंसर डिटेक्शन यूनिट' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद बोल रही थी। उन्होंने बताया कि सी-डेक द्वारा तकनीकि रूप से तैयार की गई भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की बस में हर प्रकार के कैंसर की जांच संभव है, इसके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि महिलाओं में कैंसर रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन हेतु लोहिया संस्थान में एक अकाउंट भी बनवाया हुआ है, जिसमें प्राप्त डोनेशन से बालिकाओं का वैक्सीनेशन भी किया गया।

### गांव में ही मिलेगी कैंसर जांच व इलाज की सुविधा

केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि अर्ली डिटेक्शन से कैंसर की प्रभावी इलाज संभव है, ये मोबाइल यूनिट सहयोग करेगी। इसमें इलेक्ट्रानिक मेडिकल रिकार्ड सिस्टम और डैशबोर्ड है। डिजिटल एक्स-रे, कैंसर का आकलन, विभिन्न बायोमार्कर और ट्यूमर मार्करों की माप, कैंसर का डिटेक्शन, अल्ट्रासाउण्ड से स्तन, पेट, प्रजनन अंगों में ट्यूमर की पहचान, ईसीजी आदि की सुविधा होगी।

## चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निर्वाचन आयोग ने मंडल व जिला स्तर पर की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को मंडल व जिला स्तर के निर्वाचन अफसरों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने अफसरों से कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जायं। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता जागरूकता के लिए 'कॉफी टेबल बुक' का विमोचन किया। आयोग दो मार्च को मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक करेगा।

सूत्रों ने बताया कि आयोग ने सभी अधिकारियों से प्रदेश में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिये। ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाय। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अलावा निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, उप निर्वाचन आयुक्त हृिदेश कुमार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा आदि अधिकारी शामिल हुए

### कॉफी टेबल बुक में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम की झलकियां

कॉफी टेबल बुक में आयोग के कार्यक्रमों, सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन व इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन प्रोग्राम (स्वीप) की झलकियों को प्रदर्शित किया गया है। स्वीप के जरिये युवाओं व नये मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से धरातल पर संचालित की गईं गतिविधियों को भी फोटोग्राफ के माध्यम से दिखाया गया है। पोस्टर प्रतियोगिताओं, मेहंदी सेशन व नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम भी दर्शाए गए हैं।

## पुलिस विभाग में प्रमोशन और पोस्टिंग में मनमानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** पुलिस विभाग में प्रमोशन और पोस्टिंग में मनमानी किए जाने का मामला सामने आया है। एक तरफ जहां नियमों को दरकिनार कर जिले के सशत्र पुलिस को पीएसी में स्थानान्तरित किया गया है, वहीं प्रमोशन में नियम विरूद्ध कार्यवाही हुई हैं।

पुलिस अधिनियम की धारा 2 के अंतर्गत भर्ती और उप्र पुलिस मुख्य आरक्षी पदोन्नति स्थानांतरण नियमावली 2008 के अंतर्गत परीक्षा देकर 429 जनपदीय सशस्त्र पुलिस के जवान, मुख्य आरक्षी बने थे। शासनादेश के तहत वर्ष 2015 में सभी मुख्य आरक्षियों को नागरिक पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस को जनपद में ग्रेड पे 2800 देकर एक साथ एक स्टार लगाया गया और हेड कांस्टेबल प्रोन्नत वेतनमान पद दिया गया, लेकिन 2016 नवंबर में नियमावली को दरकिनार कर नागरिक पुलिस के सभी 1600 मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति और ग्रेड पे 4200 दे दिया गया।

## सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाया जाए

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- आईआईए द्वारा आयोजित ग्रीन एनर्जी बिजनेस कॉन्क्लेव संपन्न

**अमृत विचार।** ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने उद्यमियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर और वायो एनर्जी हाइब्रिड ऊर्जा उत्पादन सयंत्र स्थापित करें। इससे बिजली पर निर्भरता खत्म होने के साथ ही व्यापार में सम्भावनाएं मिलेंगी।

एसीएस, शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित कार्यालय में इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा मरकॉम इण्डिया व यूपीनेडा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीन एनर्जी बिजनेस कॉन्क्लेव का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि प्रथम चरण में प्रदेश के 15 औद्योगिक क्षेत्रों में सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित किये जायेंगे। इसके लिए उद्यमियों को कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा। कंपनियों को डीकार्बोनाइज बनाने के लिए कार्बन केडिट का लाभ दिलाया जायेगा। उद्यमियों को आकर्षित करने के लिए उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं की तरह सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सब्सिडी देने की मांग की है। बताया कि नई सौर ऊर्जा नीति अंतर्गत मिलने वाले प्रस्तावों में लगभग 16 प्रतिशत प्रस्ताव मूर्तरूप ले चुके हैं।

### कानपुर समेत सात जिलों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित

नीरज सिंघल ने कहा कि शामली, कानपुर, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, हापुड व सहारनपुर, सात औद्योगिक क्षेत्र में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। अभी तक 28 मेगावाट के उत्पादन को संयत्र स्थापित किये जायेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यूपीसीडा के 154 औद्योगिक क्षेत्र हैं। इनकी 46660 एकड़ भूमि के 25 प्रतिशत क्षेत्र पर सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए हमें 11000 एकड़ क्षेत्रफल मिलेगा।

गोपनीयता भंग | परीक्षा समिति के सदस्य ने जताई मूल्यांकन केंद्र बनाने में भ्रष्टाचार की आशंका

## मदरसा बोर्ड के मूल्यांकन केन्द्रों पर छिड़ी रार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बोर्ड रजिस्ट्रार बोलीं- सब ठीक, मुझे है विशेषाधिकार

**अमृत विचार :** उप्र मदरसा बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन केन्द्र को लेकर रार छिड़ गई है। बोर्ड सदस्यों का आरोप है कि सब कुछ गुपचुप तरीके से हुआ है। मूल्यांकन केंद्र बनाने में भ्रष्टाचार की आशंका है। उधर, बोर्ड रजिस्ट्रार आरोप को एक सिरे से खारिज करते हुए कहती हैं कि उनके पास विशेषाधिकार है। मूल्यांकन केन्द्रों का निर्धारण अब तक गोपनीय तरीके से ही होता आया है।


उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षा के लिए एक लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थियों ने आवेदन किये थे। इसमें एक लाख 15 हजार से अधिक ने मुंशी, मौलवी, आलिम, फाजिल और कामिल की परीक्षाएं दीं। कई अभ्यर्थियों ने एकल परीक्षा भी दी। उत्तर पुस्तिकाओं के समायोजन के बाद बोर्ड ने 30 मूल्यांकन केन्द्रों का चयन किया है।

चयन प्रक्रिया पर परीक्षा समिति के सदस्य ने आपत्ति की है। बोर्ड सदस्य कमर अली का कहना है कि परीक्षा समिति में अध्यक्ष के अलावा सदस्य भी हैं। नियम है कि मूल्यांकन केन्द्रों के आवंटन से पहले समिति द्वारा एक बैठक करके प्रस्ताव पारित कराया जाता है। इस बार सबकुछ गुपचुप तरीके से हुआ है, भ्रष्टाचार की आशंका है।

> मूल्यांकन केन्द्रों के निर्धारण की प्रक्रिया गोपनीय तरीके से होती है। विभागीय विशेषाधिकार भी हैं। केन्द्रों का निर्धारण पारदर्शिता से किया गया है।
>
> – प्रियंका अवस्थी, रजिस्ट्रार, उप्र मदरसा बोर्ड

### अभी भी जारी है मदरसों की जांच

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे रीभा ने मदरसों से जुड़े संचालक, शिक्षण सहित अन्य मामलों को लेकर जांच के निर्देश दिये थे। हालांकि, बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने इसका विरोध किया था, लेकिन जांच का क्रम जारी रहा। सूत्रों के अनुसार गहराती जांच के बीच कई चर्चित मदरसा संचालकों पर गाज गिरने की चर्चा हाल फिलहाल जोरों पर है।



## बिजली चोरी रोकने के लिए विजिलेंस टीम जल्द होगी बॉडी वॉर्न कैमरे से लैस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कॉरपोरेशन का नियंत्रण कक्ष करेगा मॉनिटरिंग

**अमृत विचार।** बिजली चोरी रोकने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की विजिलेंस टीम जल्द बॉडी वॉर्न कैमरे से लैस होगी। जांच टीम का ऑडियो-वीडियो लोकेशन रिकॉर्ड होगा। कॉरपोरेशन का नियंत्रण कक्ष इसकी मॉनिटरिंग करेगा।

कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य अमित श्रीवास्तव की ओर से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत सभी वितरण कंपनियों को पत्र लिखा गया है। भेजे गये पत्र में कहा गया है कि विभागीय व विजिलेंस टीमों की ओर से छापे के दौरान किसी घटना के घटित होने, भ्रष्टाचार को रोकने व छापे की कार्रवाई को रिकार्डिंग करने के लिए बॉडी वार्न कैमरा क्रय करने का निर्णय लिया गया है। सभी कंपनियों के लिए तीन सौ बॉडी वार्न कैमरे किये जाने हैं।



सभी कंपनियों के लिए कैमरे की खरीद के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को अधिकृत किया गया है। निदेशक वाणिज्य ने इस सिलसिले में मध्यांचल निगम के प्रबंध निदेशक को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में कॉरपोरेशन ने 300 बॉडी वॉर्न कैमरों की खरीद करेगा। इसकी सफलता के बाद कॉरपोरेशन आगे इसे बढाने पर विचार करेगा। वर्तमान में पूरे प्रदेश की बिजली कंपनियों मे लगभग 88 विजिलेंस टीमें है। 392 वितरण खंड व 120 परीक्षण खंड हैं। इसमें सफलता मिलने के बाद सभी खंड में अनिवार्य रूप से चेकिंग पर जाने के पहले बॉडी वार्न कैमरा पहनना अनिवार्य होगा। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कॉरपोरेशन के इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा।

## प्रदेश में असुरक्षित हैं बेटियां : ममता चौधरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि प्रदेश में बेटियां असुरक्षित हैं। प्रदेश में औसतन हर घंटे महिलाओं से सम्बन्धित आठ अपराध हो रहे हैं। प्रदेश महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में पूरे देश में एक नंबर पर है। वह शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश गैंगरेप, दहेज हत्या व महिला अपहरण में एक नंबर पर है। रात में महिलाओं के अकेले निकलने का दावा करने वाली प्रदेश सरकार की स्थिति ये है कि दिन में भी प्रदेश की बेटियां घर से निकलने में डरती हैं। कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पंच न्याय में एक न्याय महिला न्याय है।

## एक नजर

### मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा

अमृत विचार,लखनऊ : लोकसभा चुनाव के पहले बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे केंद्र सरकार का 'तोहफा' बताया जा रहा है।केंद्र सरकार ने धमकियों और खतरे को लेकर आकाश आनंद को यह सुरक्षा दी है। बताया गया है कि मायावती के उत्तराधिकारी घोषित होने के बाद से ही उन पर खतरा बढ़ गया था। हाल ही में राज्यसभा चुनाव में बसपा के एक मात्र विधायक उमा शंकर सिंह भाजपा के साथ खड़े नजर आये थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। इस पर कांग्रेस ने बसपा को भाजपा की 'बी' टीम बताया था। सपा और इंडिया गठबंधन के नेता मायावती को पहले ही भाजपा व केंद्र सरकार की सहयोगी बताते रहे हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी बसपा इंडिया गठबंधन मे शामिल न होकर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। ऐसे में आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने पर विपक्ष के आरोपों को बल मिला है।

### पूर्व राज्यपाल के निधन पर जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को आघात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। अजीज कुरैशी उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड व मिजोरम के भी राज्यपाल रहे।

### डॉ. कन्हैया के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साहित्यकार डॉ. कन्हैया सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक रहे डॉ. कन्हैया सिंह के बेटे चित्रसेन सिंह को मुख्यमंत्री ने पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिता का निधन किसी भी पुत्र के लिए अत्यन्त दुखदायी होता है।

# जिलों में तीन साल से तैनात अधिकारियों को हटाया गया

## शासन की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपी गई रिपोर्ट



कॉफी टेबल बुक का विमोचन करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल व अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** शासन व पुलिस विभाग ने तीन साल से एक जिले में जमे अफसरों को हटा दिया है। शासन की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को को इस सिलसिले में रिपोर्ट सौंपी गई है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से अफसरों के तबादले को लेकर रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दी गई है।

आयोग ने पिछले दिनों प्रदेश समेत देश के सभी राज्यों को निर्देश जारी कर एक ही जिले में तीन से अधिक समय से जमे अफसरों को हटाने व गृह जिले में अफसरों को संबंधित संसदीय क्षेत्र से हटाने के निर्देश दिये थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शासन की ओर से अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ नागेंद्र सिंह, यमुना अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और भूमि अध्याप्ति अधिकारी बलराम सिंह के लिए तबादला नीति में शिथिलता देने का आग्रह किया था। आयोग ने आग्रह को अस्वीकार करते हुए चारों का तबादला करने के आदेश दिये थे। इस पर शासन ने तबादले कर दिए हैं।

### निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां हों पूरीः मुख्य निर्वाचन आयुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को मंडल व जिला स्तर के निर्वाचन अफसरों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने अफसरों से कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जायं। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता जागरूकता के लिए 'कॉफी टेबल बुक' का विमोचन किया। आयोग दो मार्च को मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक करेगा। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने सभी अधिकारियों से प्रदेश में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिये। आयोग ने कहा कि चुनाव की घोषणा से पहले तैयारियां पूरी कर ली जायं। ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाय। बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अलावा निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, उप निर्वाचन आयुक्त हिृदेश कुमार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा आदि अधिकारी शामिल हुए।

### कॉफी टेबल बुक में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की झलकियां

कॉफी टेबल बुक में आयोग के कार्यक्रमों, सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन व इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन प्रोग्राम (स्वीप) की झलकियों को प्रदर्शित किया गया है। स्वीप के जरिये युवाओं व नये मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से धरातल पर संचालित की गईं गतिविधियों को भी फोटोग्राफ के माध्यम से दिखाया गया है। पोस्टर प्रतियोगिताओं, मेहंदी सेशन व नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम भी दर्शाए गए हैं।

### ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से की पूछताछ

**अमृत विचार, लखनऊः** गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ों के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से शुक्रवार को पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने विनय तिवारी से करीब आठ घंटे तक पूछताछ करने के बाद अगले सप्ताह कुछ दस्तावेजों के साथ दोबारा बुलाया है।

ईडी ने बीते दिनों लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम स्थित विनय तिवारी और अन्य आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी कर जांच-पड़ताल की थी। उस दौरान ढेर सारे दस्तावेज जब्त किया था। उसी क्रम में उन्हें नोटिस देकर राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में तलब किया गया था।

# पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जो कि पूरे देश में सबसे ज्यादा ही नहीं, एक कीर्तिमान भी है। इनमें 2.80 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड पिछले एक साल में बनाए गए हैं। कार्ड की संख्या बढ़ने के साथ ही योजनातंर्गत रोजाना इलाज प्राप्त करने वाले मरीजों की संख्या आठ हजार पहुंच गई है। जबकि पूर्व में मात्र दो हजार मरीज ही रोजाना आते थे।

आयुष्मान भवः अभियान अंतर्गत प्रदेश में सितंबर 2023 से अब तक पांच सालों में 3.06 करोड़ में मात्र आठ माह के में 1.94 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज़) की संगीता सिंह ने बताया कि पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनने के बाद योजनातंर्गत मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके लिए प्रदेश में पांच हजार से भी अधिक निजी एवं सरकारी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। इन अस्पतालों में सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर, हृदय रोग, अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारियों का भी इलाज मरीजों को उपलब्ध है।

### एक नजर में आयुष्मान योजना

- आयुष्मान योजना में लाभार्थी परिवारों की संख्या : 1,80,47,024
- प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित परिवार :1,31,23,662
- मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान एवं अंत्योदय अन्न योजना : 49,23,362
- पीएम जन आरोग्य योजना में कुल अस्पतालों की संख्या : 5,351
- सरकारी अस्पतालों की संख्या : 2,795
- कुल उपचारित लाभार्थी की संख्या : 34,81,252
- बनाये गए कुल आयुष्मान कार्डों की संख्या 5,00,17,920

# सीबीआई-ईडी भाजपा के गोरखधंधों की जांच नहीं कर रही

▸▸ सपा प्रमुख ने युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा को समाज के लिए खतरा बताते हुए आरोप लगाया है कि इस सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अखिलेश ने सवाल भी उठाया कि सीबीआई, ईडी, भाजपा के गोरखधंधो की जांच क्यों नहीं कर रही है? भाजपा सिर्फ समाजवादी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है। लेकिन समाजवादी भाजपा के जुल्म से डरने वाले नहीं है।

अखिलेश यादव शुक्रवार को सपा के प्रदेश कार्यालय के डॉ. लोहिया सभागार में समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे।

इस मौके पर राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, जयशंकर पाण्डेय, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. लक्ष्मण यादव, श्याम लाल पाल, राजीव निगम आदि मौजूद रहे।


सपा प्रदेश कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को माला पहनाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपा को सभी सीटों पर हराने का लिया संकल्प

युवा संगठनों की बैठक में संकल्प लिया गया कि लोकसभा 2024 के चुनाव में सपा अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 सीटों पर हराकर पीडीए को सभी 80 सीटों पर विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सपा प्रमुख के मुताबिक, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है।

### जिसको आगे बढ़ाते हैं, वही आंख दिखाने लगता है

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहयोगी दलों और कुछ विधायकों पर भरोसा कर धोखा खाने पर नाराज दिख रहे हैं। अखिलेश यादव यह भी कहते दिखे कि जिसको आगे बढ़ाते हैं, वही आंख दिखाने लगता है। इस प्रतिक्रिया से अखिलेश यादव ने पुराने सहयोगियों रालोद के जयंत चौधरी, विधायक पल्लवी पटेल से लेकर सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर तक पर निशाना साधा है। उनके निशाने पर क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायक रहे। फिलहाल, वह अब लोकसभा चुनाव में अपने दम पर आगे बढ़ने की तैयारी करते दिख रहे हैं। हालांकि साथियों को जोड़ने की बात पर उनका आक्रोश भी सामने आ जाता है।

# यूपी बोर्डः पेपर लीक मामले में केंद्र व्यवस्थापक समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता, आगरा/ लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक करने में शामिल केंद्र व्यवस्थापक और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केंद्र व्यवस्थापक कॉलेज संचालक है। उसके बेटे विनय चौधरी ने जीव विज्ञान और गणित का पेपर लीक किया था। गुरुवार रात दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

गुरुवार को उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षाओं में सेंध लग गई। दोपहर की पाली में परीक्षा शुरू होते ही गणित और जीव विज्ञान के पेपर व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हो गए। शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी 3.10 बजे हो सकी। इसके बाद ग्रुप से पेपर डिलीट करवा दिए गए। जिला परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल के आदेश पर डीआईओएस ने अतर सिंह इंटर कालेज के रौझोली अछनेरा थाना फतेहपुरसीकरी के केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह और पेपर लीक करने वाला कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**प्रबंधक बन बैठा था केंद्र व्यवस्थापकः** पेपर लीक मामले में शासन स्तर तक हडक़ंप मच गया है। यूपी बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता को लेकर तमाम दावे किए गए, लेकिन कालेज प्रबंधक के बेटे ने सुरक्षा के किले को भेद दिया। जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति ने पेपर लीक किए थे। वह अतर सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक राजेंद्र सिंह का बेटा है। परीक्षाओं के दौरान प्रबंधक राजेंद्र सिंह केंद्र व्यवस्थापक बन गए और उन्होंने अपने बेटे को कंप्यूटर ऑपरेटर बना लिया था।

**मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारीः** डीसीपी वेस्ट सोनम कुमार ने बताया कि डीआईओएस की तहरीर पर थाना फतेहपुर सीकरी में केस दर्ज किया था। गुरुवार रात तक दो आरोपी केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पेपर लीक करने वाला मुख्य आरोपी विनय चौधरी और अन्य के गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### आज से परीक्षा के दौरान केन्द्रों पर मोबाइल बैन

**अमृत विचार** :माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को यह निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यदि परीक्षा केन्द्र पर किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन या अन्य संचार उपकरण का प्रयोग किया जाता है तो ऐसी स्थिति में स्टेटिक मजिस्ट्रेट का उत्तरदायित्व होगा कि वह सम्बंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

> पेपर वायरल करने और लापरवाही बरतने की जानकारी मिलने के बाद आगरा के अतर सिंह इंटर कॉलेज की मान्यता को रद्द करने का निर्णय बोर्ड ने ले लिया है। कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। आगे भी किसी किसी संस्थान की ओर से ऐसा होता है तो तत्काल एफआईआर कराई जायेगी और उसकी मान्यता रद्द की जायेगी।
> **-दिब्यकांत शुक्ला,** सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

# सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली कराने का आरोपी गिरफ्तार

▸▸ केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से संबंधित दस्तावेज भी बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य एसटीएफ के हत्थे चढ़ा। वह कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा संचालित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली मामले में भी शामिल रहा है। पकड़ा गया शख्स प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान ग्राम कुटबा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर निवासी है। उसके पास से हाथ से लिखा पुलिस भर्ती से सम्बन्धित प्रश्न-पत्र, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से संबंधित 9 एडमिट कार्ड आदि बरामद किया गया है।

एसटीएफ के मुताबिक प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान ने पूछताछ पर बताया कि 2008-09 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उसकी मुलाकात पैसा लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले का गैंग से हुआ। उसके बाद वह इस धंधे में दाखिल हो गया। एसटीएफ के मुताबिक 17 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के परीक्षा केंद्र से अभियुक्त गुरुवचन एवं राजकुमार को गिरफ्तार किया गया था, जिनके फोन से उप्र पुलिस आरक्षी की परीक्षा का 18 फरवरी 2024 की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र बरामद हुआ था।

जांच में पता चला कि यह प्रश्न-पत्र कपिल तोमर द्वारा गुरुवचन आदि को उपलब्ध कराया गया था। कपिल तोमर की गिरफ्तारी के बाद पता कि कपिल तोमर को उक्त कथित प्रश्न पत्र अभियुक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू एंव विपिन द्वारा उपलब्ध कराया गया था। परीक्षार्थियों को परीक्षा पत्र उपलब्ध कराने की एवज में प्रत्येक अभ्यर्थी से 5 लाख लेना तय हुआ था, परन्तु परीक्षा निरस्त हो जाने के कारण उन्हें पैसा नही मिला।

एसटीएफ के मुताबिक वर्तमान में कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में आरक्षी जीडी की ऑनलाइन परीक्षा देशभर में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जा रही है। इस परीक्षा में प्रवीन एवं विपिन आदि धांधली कराने में संलिप्त रहे हैं।


## वर्ग पहेली-359

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर,जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।



### वर्ग पहेली - 358 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | | | 2 गों |
| रा | | | 3 ज़ो | | द |
| लुं | | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | | | दा | | |
| त | | 5 अ | र | का | न |
| | | ज़ा | | | |
| 6 लं | घ | न | ट | | |

### सुडोकू-76

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |

### सुडोकू - 75 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मार्च,शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07 .53 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 14 .42 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं।

**वृष** – आज आपके ऊपर काम का दबाव कम रहेगा। आपके सभी काम सफल होंगे। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। संतान के प्रति विश्वास बनाये रखें।

**मिथुन** – आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें।

**कर्क** – आज सेहत का ध्यान रखें क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा।

**सिंह** – आज मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें। बदहज़मी और गैस से बचने के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करें। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें।

**कन्या** – आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – आज फाइनेन्स संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें। रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। जीवन में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे।

**धनु** – आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। लैपटॉप और कम्प्यूटर में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

**मकर** – आज अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। पुराने संपर्कों का लाभ आप उठाएंगे। आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दोस्तों के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे।

**कुंभ** – आज आपके किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। आवश्यक कार्य समय से पूरे हो जायेंगे। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे।

**मीन** – आज पुराना लोन चुका सकते हैं। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी – सुबह : 09 .26
अनाड़ी – शाम : 04 .29

SONY MAX
झुंड – सुबह : 11 .34
डायल 100 – रात : 07 .55

SONY PIX
सीजे 7 – सुबह : 10 .33
इट – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
करन अर्जुन – दोपहर : 01 .30
ए टेबल फार टू – रात : 10 .00

colors CINEPLEX
जुगजुग जियो – सुबह : 09 .37
हैलो ब्रदर – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात-07 .55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600-5800 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3900-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7200-7300 |
| मटरदाल | 5000-5100 |
| मसूरमलका | 6900-6950 |
| मसूरदाल | 7000-7050 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीनों के शीर्ष पर

## मासिक सर्वेक्षण के अनुसार फरवरी में कारखाना उत्पादन और बिक्री बढ़कर 56.9 हो गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कारखाना उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें घरेलू और बाहरी मांगों की अहम भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण से देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर होने की तस्वीर सामने आई। यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति की ओर इशारा करता है।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 हो गया, जबकि जनवरी में यह 56.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण के मुताबिक, फरवरी महीने में उत्पादन पांच महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ा और पिछले सितंबर के बाद से बिक्री में सबसे तेज वृद्धि हुई और निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार हुआ।

### विदेशों में 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े निर्यात ऑर्डर



एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग वृद्धि होने से नए निर्यात ऑर्डर लगभग 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े। सर्वेक्षण के मुताबिक, विनिर्माण कंपनियों ने अधिक उत्पादन जरूरतों, बिक्री में निरंतर वृद्धि और स्टॉक बनाने के लिए खरीद बढ़ाई। मांग बढ़ने के बीच विनिर्माताओं ने आगे भी तेजी का अनुमान जताया है। लैम ने कहा-मजबूत मांग और लाभ मार्जिन में सुधार से उत्साहित विनिर्माताओं का भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में आशावादी दृष्टिकोण है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने लगभग 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-पीएमआई आंकड़ों से संकेत मिलता है कि घरेलू और बाहरी दोनों मांग से समर्थित उत्पादन वृद्धि मजबूत बनी हुई है। वृद्धि की रफ्तार तेज होने के बावजूद भारत में विनिर्माण क्षेत्र के रोजगार में थोड़ा बदलाव आया है। सर्वेक्षण के मुताबिक, वस्तुओं के उत्पादकों ने बताया कि काम पर रखे गए कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर क्रय लागत मुद्रास्फीति 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई, जिसकी वजह से बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। इससे विनिर्माण कंपनियों के मार्जिन में सुधार हुआ।

## अडाणी समूह मध्य प्रदेश में 75,000 करोड़ रुपये का करेगा निवेश

**उज्जैन।** अडाणी समूह मध्य प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में करीब 75,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। ये निवेश बिजली संयंत्र, महाकाल एक्सप्रेसवे और सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई लगाने में किए जाएंगे।

यहां क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन में अडाणी समूह के प्रबंध निदेशक (कृषि, तेल और गैस) और अडाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक अडाणी ने शुक्रवार को यह भी कहा कि समूह पहले ही राज्य में लगभग 18,000 करोड़ रुपये का निवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि अडाणी समूह राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश जारी रखेगा। इस समय मध्य प्रदेश में समूह की उपस्थिति सड़क, सीमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से लेकर तापीय बिजली, नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली पारेषण तक कई क्षेत्रों में फैली हुई है।

## बैंकों में वापस आए 2,000 रुपये के 97.62 प्रतिशत नोट

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य के लगभग 97.62 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 8,470 करोड़ रुपये के नोट ही लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उसके बाद इन नोटों को बैंकों में जमा कराने या दूसरे मूल्य के नोटों से बदलने को कहा गया था।

आरबीआई ने एक बयान में कहा-19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2,000 रुपये मूल्य के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट चलन में मौजूद थे। इस मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद नोटों का मूल्य 29 फरवरी, 2024 को कारोबार समाप्ति पर घटकर 8,470 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद कुल 97.62 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

इसके साथ ही आरबीआई ने साफ किया कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने देश भर के अपने 19 कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट को जमा या बदलने की सुविधा जारी रखी है। इसके अलावा लोग किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के जरिए इन नोटों को भेज सकते हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,300 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,000। |

## जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8% के दायरे में रहने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट में जताई उम्मीद

भारतीय स्टेट बैंक के एक अध्ययन में शुक्रवार को कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। भारत ने दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और पिछली दो तिमाहियों के अनुमानों को संशोधित किया।

एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' में कहा-तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने ज्यादातर बाजारों की सोच को झटका दिया, जबकि कुछ को सुखद आश्चर्य से भर दिया। इसमें कहा गया कि सभी अनुमानों को धता बताते हुए पिछली दो तिमाहियों में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने के बाद 2023-24 की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। अप्रत्यक्ष कर संग्रह में उछाल (सालाना आधार पर 32 प्रतिशत वृद्धि) से जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच अंतर बढ़ गया। इकोरैप में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.6 प्रतिशत और जीवीए वृद्धि 6.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

## मारुति की थोक बिक्री में 15 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने फरवरी महीने में कुल 1,97,471 इकाइयों की थोक बिक्री की जो सालाना आधार पर 15 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने शुक्रवार को फरवरी के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 1,72,321 इकाइयों की बिक्री की थी। आलोच्य अवधि में मारुति की घरेलू यात्री वाहन बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1,60,271 इकाई हो गयी। इसमें आल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की संख्या सिर्फ 14,782 इकाई रही।

## परियोजनाएं तय समय के भीतर पूरी हों

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीतारमण ने किया 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि परियोजनाओं की योजना बनाई जाए और उन्हें बिना किसी देरी के पूरा किया जाए और संबंधित विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण समय पर शुरू हो और परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी हों।

उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं अधिकारियों के आत्मविश्वास को नवीनीकृत करती हैं और उनका मनोबल बढ़ाती हैं, सरकार उनके कल्याण और खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से अमृत काल में राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आह्वान किया। इस मौके पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के लिए वित्त मंत्री ने आयकर अधिकारियों के लिए टाइप- दो और तीन के 198 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर के निर्माण की आधारशिला रखी जो फरीदाबाद के सेक्टर-28 में स्थित है। इसके साथ ही उन्होंने आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवासीय घर उपलब्ध कराने के वास्ते गुरूग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी, जिसमें टाइप- दो से चार के 214 क्वार्टर शामिल हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### एमवीए ने राज्य में सीटों की साझेदारी को अंतिम रूप दिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने राज्य में लोकसभा सीटों के वितरण संबंधी समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) 20 तथा कांग्रेस 18 सीटों पर चुनाव लड़ेगी तथा शेष 10 सीटों पर श्री शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अपने उम्मीदवार उतारेगी। एमवीए के सूत्रों ने बताया कि राजू शेट्टी के नेतृत्व वाले स्वाभिमानी शेतकारी संगठन जैसे छोटे दलों को अपने संबंधित गठबंधन सहयोगियों से सीटें मिलेंगी।

### उग्रवादी संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी-एन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि उनके पास से पांच मोबाइल फोन और चार लाख रुपये भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इसका संदेह है कि उनके पास से जो हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं वे सुरक्षा बलों से लूटे गए थे। पुलिस ने इनकी पहचान एल एलिन, हेरिश माइबम और बेला ओइनम के रूप में की है।

# देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा: प्रधानमंत्री

## झारखंड की रैली में बोले मोदी, हम लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेंगे

बरवाअड्डा (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेगा क्योंकि देश को 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा है। मोदी ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर योजनाओं के कार्यान्वयन में रुकावटें पैदा करने का आरोप लगाते हुए झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर होने के साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''जमकर खाओ'' का पर्याय बन गया है। प्रधानमंत्री ने धनबाद जिले के बरवाअड्डा में 'विजय संकल्प महारैली' को संबोधित करते हुए कहा-आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है... जहां भी मैं जाता हूं, यही नारा सुनाई देता है। जहां दूसरों से सारी उम्मीदें खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है।

उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों की मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी और लोगों की मेहनत का भुगतान पूरे ब्याज सहित मिलेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन "जोहार" (आदिवासी अभिवादन और स्वागत) कहकर किया। उन्होंने कहा-चाहे वे (इंडिया गुट) कितना भी कीचड़ उछालें, (भाजपा का प्रतीक) कमल हर जगह खिलेगा। मोदी ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और उसकी तुष्टीकरण नीतियों के कारण घुसपैठ हुई है।

उन्होंने कहा-झामुमो का मतलब 'जमकर खाओ' से है। तुष्टीकरण बढ़ रहा है, रंगदारी चरम पर है। झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड के लोगों को केवल लूटने का काम किया है और अघोषित संपत्ति का पहाड़ खड़ा कर दिया है।'' मोदी ने जाहिर तौर पर झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के परिसर से 350 करोड़ रुपये से अधिक नकदी की बरामदगी का जिक्र करते हुए कहा-मैंने अपने जीवन में नोटों के ऐसे बंडल पहले कभी नहीं देखे।

### मोदी ने किया 35,700 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण



मोदी ने 35,700 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने धनबाद जिले के सिन्द्री में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का 8,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा-मोदी द्वारा जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, उनका 'इंडी' गठबंधन द्वारा विरोध किया जा रहा है। हमने कोविड के दौरान गरीबों को मुफ्त राशन दिया...चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। मोदी ने कहा-इंडी गठबंधन जल जीवन मिशन, आवास योजना और अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधाएं पैदा कर रहा है। झारखंड में जल जीवन मिशन में 50 प्रतिशत से भी कम काम हुआ है।

## न्यायालय ने आसाराम की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की उस याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार किया जिसमें उसने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सजा निलंबित करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी से राहत के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। रोहतगी ने अदालत को सूचित किया था कि आसाराम सरकारी वकील के इस बयान को मानने के लिए तैयार हैं कि वह महाराष्ट्र के खोपोली में माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में पुलिस हिरासत में रहते हुए इलाज करा सकते हैं। इस पर पीठ ने आसाराम से कहा कि वह माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में इलाज कराने के संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट के समक्ष अर्जी दाखिल करें।

## टुंडा को बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

**ट्रेन बम विस्फोट मामला**

सीबीआई 1993 के सिलसिलेवार ट्रेन विस्फोट मामले में अजमेर की एक विशेष अदालत द्वारा अब्दुल करीम टुंडा को बरी किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने कहा कि मामले में अब तक 12 लोगों को दोषी ठहराया गया है, जिनमें इरफान और हमीर-उल-उद्दीन भी शामिल हैं, जिन्हें बृहस्पतिवार को टाडा अदालत के न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने टुंडा को बरी कर दिया। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि वे फैसले का अध्ययन कर रहे हैं और जल्द ही उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की जाएगी। टाडा अदालत के आदेशों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाती है। साल 1993 में पांच-छह दिसंबर की मध्यरात्रि लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में राजधानी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की छह रेलगाड़ियों में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और 22 अन्य घायल हुए थे। संबंधित मामले को सीबीआई को सौंप दिए गए थे, जिसने मामले में पांच अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की थीं। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा-जांच से पता चला कि विभिन्न आरोपियों ने अयोध्या में विवादित ढांचे को ढहाए जाने की घटना को एक साल होने पर बड़े पैमाने पर जनता में दहशत फैलाने और रेलगाड़ियों में बम विस्फोट जैसे आतंकी कृत्यों को अंजाम देकर आपराधिक साजिश रची थी।

## आचार संहिता का उल्लंघन करने पर समाचार चैनलों पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** न्यूज ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एनबीडीएसए) ने नफरत और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वालेकार्यक्रमों के लिए कुछ टीवी चैनलों पर जुर्माना लगाकर इन्हें अपनी वेबसाइट से हटाने का निर्देश दिया है। एनबीडीएसए ने कहा कि ये कार्यक्रम ठीक नहीं हैं। एनबीडीएसए ने कार्यकर्ता इंद्रजीत घोरपड़े की शिकायतों के आधार पर "लव जिहाद" पर आधारित कार्यक्रमों के लिए 'टाइम्सनाउ नवभारत' पर एक लाख रुपये और 'न्यूज18 इंडिया' पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं हिंसा की कवरेज को लेकर एनबीडीएसए ने आजतक चैनल को चेतावनी दी है।

## जेएनयू में एबीवीपी और वाम समर्थित गुटों के बीच झड़प

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुलपति ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी, शिकायत दर्ज

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में चुनाव समिति के सदस्यों के चयन को लेकर दो समूहों के बीच बृहस्पतिवार रात झड़प में कुछ छात्र घायल हो गए, जिसके बाद कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने शुक्रवार को कहा कि इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ उनकी राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह झड़प विश्वविद्यालय के भाषा संस्थान की इमारत में बृहस्पतिवार देर रात हुई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वाम समर्थित समूहों के छात्रों ने एक-दूसरे के खिलाफ वसंत कुंज उत्तर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कई छात्रों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमें परिसर में झड़प होने की जानकारी देर रात एक बजकर 15 मिनट पर मिली जिसमें कम से कम चार छात्र घायल हो गए हैं।

## सांसदों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी की अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बेहतर प्रशासन के लिए सांसदों एवं विधायकों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया और कहा कि ''निजता का अधिकार नाम की भी कोई चीज होती'' है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से पूछा गया कि क्या अदालत सांसदों की गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रखने के लिए उनके शरीर में कोई ''चिप'' लगा सकती है।

## जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट नहीं मांगे

नई दिल्ली, एजेंसी

**निर्वाचन आयोग की हिदायत**




निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें तथा भक्त एवं भगवान के बीच के संबंधों का उपहास नहीं उड़ाएं अथवा दैवीय प्रकोप का हवाला नहीं दें। राजनीतिक दलों के लिए जारी परामर्श में आयोग ने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ 'नैतिक भर्त्सना' के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या कोई अन्य पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव एवं चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पहले यह परामर्श जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पहले नोटिस मिला है, उन्हें आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल में इस बात पर जोर दिया था कि राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन के बजाय प्रेरित करता हो, व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों को बढ़ावा देता हो। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि इस परामर्श ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब औपचारिक रूप से नैतिक राजनीतिक विमर्श के लिए मंच तैयार कर दिया है और 2024 के आम चुनावों में अव्यवस्था की आशंका पर अंकुश लगाया है। उनका यह भी कहना है कि चुनाव आचार संहिता के लिए उल्लंघन को लेकर व्यवस्थित दृष्टिकोण ने सभ्य चुनावी अभियान के लिए जमीन तैयार की है।

## रिज क्षेत्र में वनों की कटाई के आरोपों पर सेना से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुकवार को सेना से राष्ट्रीय राजधानी के दिल्ली छावनी क्षेत्र में 'सेंट्रल रिज' के एक हरित हिस्से में पेड़-पौधों की कटाई के आरोपों पर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति तुषार राव गदेला ने रिज के परिरक्षण एवं संरक्षण की अनुरोध संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए वहां तैनात सैन्य इकाई के अधिकृत अधिकारी को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और सैन्य प्रशासन को वैसी गतिविधियां बंद करने की सलाह दी जिनसे वनों की कटाई हो। जब केंद्र सरकार के वकील ने सेना द्वारा पेड़ों की कटाई से इनकार किया तब न्यायमूर्ति गदेला ने कहा- पेड़ लगाने जैसे सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

## नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में हुई वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि शहरी आवास नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में वृद्धि हुई है। न्यायालय ने कहा कि शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं और अवैध निर्माण में वृद्धि का एक मुख्य कारण लोगों को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने में सरकार की 'विफलता' है। न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि आवास पाने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इसके साथ ही उसने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं और जमीनी स्तर पर सरकार के कदमों के बीच नीतियों में बहुत बड़ा अंतर है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ये टिप्पणियां लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक और आवासीय इकाइयों को ढहाए जाने से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान की और इस मामले में न्यायालय ने इकाइयों को ढहाए जाने पर अंतरिम रोक लगा दी। पीठ ने कहा-आवास को लेकर रुख स्पष्ट रखना चाहिए। एक समस्या है। हमारी शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं। वास्तव में, हमने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। कहीं न कहीं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा... सभी जानते हैं कि पलायन शहरों की ओर होता है। लेकिन आवश्यकताओं और हम जमीनी स्तर पर क्या करने में सक्षम हैं, इन नीतियों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। पीठ ने कहा-दिल्ली में इतनी सारी अनधिकृत कॉलोनियां क्यों हैं? क्योंकि डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को यह भी नहीं पता कि 60-70 प्रतिशत जमीन कहां है। सभी का अधिग्रहण कर लिया गया है। उच्चतम न्यायालय लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक इकाइयों को ढहाये जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस मुरलीधर और शोएब आलम ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 27 फरवरी को ढहाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक इकाइयों के साथ-साथ आवासीय मकानों को भी गिराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि नदी के किनारे सरकारी भूमि पर बने आवासीय मकानों को ढहाने से संबंधित मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है और फैसला सुरक्षित रखा गया है।

# कुछ को तकलीफ होगी तो होने दो, देश से बढ़कर कोई नहीं : कपिल

## पूर्व कप्तान ने घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध न देने के फैसले का किया समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है।

कपिल ने कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं, जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है।

कपिल ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा कि हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी। कुछ लोगों को तकलीफ होगी, होने दो लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है। बहुत अच्छा फैसला।

उन्होंने कहा कि मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वह घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे। बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था। देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा कि यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था। बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा।

### खिलाड़ियों का दायित्व, वे घरेलू क्रिकेट खेलें

कपिल ने माना कि स्थापित हो चुके स्टार खिलाड़ियों का दायित्व है कि वे घरेलू क्रिकेट खेले क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए खुद को उपलब्ध कराए। इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है। साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गई सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है। कपिल ने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन बढ़ाने पर बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं खुश हूं कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पेंशन की राशि बढ़ा दी है जो उनके लिए फायदेमंद रहेगी जिनका परिवार पेंशन पर निर्भर है।

# सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतना अहम : हार्दिक

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में 8 से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। हार्दिक ने कहा कि मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए टीम ने उस टूर्नामेंट को स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है। हार्दिक ने कहा कि चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट था। हम नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक इसका परिचायक है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं।

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी बार की गलती, रापोर्ट से हारे



**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा से लगातार दूसरे मुकाबले में बड़ी चूक हो गई, जिससे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे दौर में उन्हें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से शिकस्त मिली। इससे पहले दूसरे दौर में उन्हें ईरान के परहाम मघसूदलू ने हराया था। मघसूडलू से हार के साथ इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा भी गंवा दिया था जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया था। दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में वापसी के लिए प्रज्ञानानंदा को आखिरी के छह चरण में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। विदित गुजराती और डी गुकेश के बीच भारतीय खिलाड़ियों का मुकाबला बराबरी पर छूटा। पिछले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर रहे माघसूदलू को जर्मनी के विंसेंट कीमर ने ड्रा पर रोका। प्रज्ञानानंदा की तरह ही स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को भी बेहतर स्थिति में होने के बाद हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने नवारा के खिलाफ हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब्दुसत्तारोव 3 में से 2.5 अंक लेकर माघसूदलू के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### सिटसिपास को हराकर डि मिनौर सेमीफाइनल में

**मैक्सिको ओपन**



**एकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी।** गत चैम्पियन एलेक्स डि मिनौर ने स्टेफानोस सिटसिपास को 1-6, 6-3, 6-3 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एटीपी रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज डि मिनौर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे छह मिनट तक चला मुकाबला जीता। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिसने मियोमिर केसकानोविच को 6-2, 6-2 से हराया।

**सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप**

### अनुष्का की हैट्रिक, भारत ने भूटान को 7-0 से हराया

**काठमांडू, एजेंसी।** अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। उनके अलावा पर्ल फर्नांडिज ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किये। चार टीम के टूर्नामेंट में मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल हैं। शीर्ष दो टीम 10 मार्च को फाइनल खेलेंगी।

### आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर पहला टेस्ट जीता



**टॉलेरेंस ओवल, एजेंसी।** आयरलैंड ने अबू धाबी में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की है। अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 218 रन पर समेटने के बाद आयरलैंड को 111 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 4 विकेट पर हासिल कर लिया। एक समय आयरलैंड ने 40 रन पर अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। एंडी बालबर्नी और लॉरकन टकर ने टीम को संभाला। एंडी बालबर्नी नाबाद 58 रन बनाए। वहीं लोर्कान टकर 27 रन पर नाबाद रहे। आयरलैंड ने 31.3 ओवर में 4 विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। यह आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत है। अफगानिस्तान की ओर से दूसरी पारी में नवीद जदरान को 2 विकेट मिले। निजात मसूद और जिया उर रहमान ने 1-1 विकेट लिए। मार्क अडायर के 5 विकेट की गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड ने अफगानिस्तान को 155 रन पर ढेर कर दिया था।

# हैरिस के अर्धशतक से यूपी ने गुजरात को 6 विकेट से हराया

## गुजरात को 142 रन पर रोका, 15.4 ओवर में 4 विकेट खोकर पाया लक्ष्य

बेंगलुरु, एजेंसी

| | | | |
|---|---|---|---|
| 60 | रन* | 9 | चौके |
| 33 | गेंद | 2 | छक्के |




सोफी एकलेस्टन (20 रन पर 3 विकेट) की गेंदबाजी के बाद ग्रेस हैरिस की 33 गेंद में 60 रन की नाबाद पारी से यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में शुक्रवार को गुजरात जायंट्स को 6 विकेट से मात दी। यूपी ने गुजरात को 5 विकेट पर 142 रन पर रोकने के बाद 15.4 ओवर में 4 विकेट पर लक्ष्य प्राप्त किया।

यूपी की यह दूसरी जीत और गुजरात की यह तीसरी हार है। प्लेयर ऑफ द मैच हैरिस ने 9 चौके और 2 छक्के लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए दीप्ति शर्मा (नाबाद 17) के साथ 53 रन की साझेदारी की। उन्होंने श्रीलंका की चमारी अटापट्टू (17 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी की। कप्तान एलिसा हीली ने 7 चौके की मदद से 33 रन बनाए। गुजरात के लिए तनुजा कंवर ने 23 रन देकर 2 विकेट लिए। इससे पहले फोबे लिचफील्ड (35) और एश्लीघ गार्डनर (30) की पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी से गुजरात 140 रन को पार करने में सफल रहा। लिचफील्ड ने 26 गेंद में 4 चौके और 1 छक्का लगाया। गार्डनर ने 17 गेंद में इतने ही चौके और छक्का जड़ा। सत्र का पहला मैच खेल रही लॉरा वुलफार्ट (28) और कप्तान बेथ मूनी (16) ने 40 रन की साझेदारी कर गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन यूपी ने कसी हुई गेंदबाजी कर रन बनाने का मौका नहीं दिया। यूपी के लिए सोफी एकलेस्टन ने 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड को 1 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली ने तीसरे ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ 4 चौके जड़े। पांचवें ओवर में तनुजा ने किरण नवगिरे की 12 रन की पारी को खत्म किया। अटापट्टू ने इसी ओवर में चौके से खाता खोला। कैथरीन ब्राइस ने हीली को आउट कर गुजरात को बड़ी सफलता दिलाई। हैरिस ने क्रीज पर आते ही दो चौके जड़ दबाव कम किया। उन्होंने मन्नत कश्यप के ओवर में 2 चौके और छक्का जड़ा। तनुजा ने अटापट्टू से 2 चौका खाने के बाद इस बल्लेबाज को चलता किया। हैरिस ने 14वें ओवर में गार्डनर की गेंद पर छक्का जड़ा। दीप्ति ने आखिरी दो गेंदों पर दो चौके लगाए। हैरिस ने 15वें ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ 2 चौके जड़ 30 गेंद में तीसरा अर्धशतक पूरा किया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**गुजरात जायंट्स:** 142/5, लॉरा वुलफार्ट 28, बेथ मूनी 16, हरलीन देओल 18, फीबी लिचफील्ड 35, एश्ली गार्डनर 20। **विकेट:** राजेश्वरी गायकवाड़ 1, सोफी एकलस्टन 3।

**यूपी वॉरियर्स:** 143/4, अलिसा हीली 33, किरण नवगिरे 12, चमारी अटापट्टू 17, ग्रेस हैरिस नाबाद 60, दीप्ति शर्मा नाबाद 17। **विकेट:** मेघना सिंह 1, कैथरीन ब्राइस 1, तनुजा कंवर 2।

# न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन की वापसी

वेलिंगटन,एजेंसी

**ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला**



पहली पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के 2 विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की। टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन 6 रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया। स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (2) पांचवें ओवर में आउट हुए।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर 9 विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया। कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर 3 और 29 के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया। न्यूजीलैंड की टीम 43.1 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। फिलिप्स ने 71 और मैट हेनरी ने 42 रन बनाए। केन विलियमसन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दूसरी ही गेंद पर रन आउट हो गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क की गेंद पर मिड आफ में शॉट खेला और रन लेने के लिये दौड़ पड़े। सामने से आ रहे बल्लेबाज विल यंग उनसे टकरा गए और लाबुशेन के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी। फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल ने छठे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। फिलिप्स ने 70 गेंद में 71 रन बनाए।

# वॉन ने बशीर को कहा- नया अश्विन

लंदन, एजेंसी





इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर के रूप में टीम को 'विश्व स्तरीय सुपरस्टार' मिल गया है जो भारत के रविचंद्रन अश्विन की तरह कामयाब हो सकता है। रांची में इंग्लैंड की 5 विकेट से हार के बावजूद 20 वर्ष के बशीर ने 8 विकेट लिए। इसमें पहली पारी के 5 विकेट हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन 5 दिनी क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय हैं। धर्मशाला में अगले सप्ताह वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। वॉन ने कहा कि हमें एक और विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है। शोएब बशीर। दूसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट। वह नया रवि अश्विन है जो हमने खोज निकाला है। हम इंग्लिश क्रिकेट के नए सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-1 से हरा दिया है लेकिन वॉन को यकीन है कि धर्मशाला में औपचारिकता के मैच में इंग्लैंड वापसी करेगा। वे अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे।

# मुंबई-तमिलनाडु रणजी सेमीफाइनल में नजरें श्रेयस पर

मुंबई, एजेंसी



भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल के जरिए 41 बार की चैंपियन मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे तो उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा। टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी के क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने पर बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हैं। तमिलनाडु की स्पिन गेंदबाजी के सामने मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार अय्यर पर होगा। तमिलनाडु के कप्तान आरसाइ किशोर (47 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर एस अजित राम (41) इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मुंबई के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया है। रहाणे 6 मैचों में एक ही अर्धशतक बना सके हैं। वहीं मुंबई का एक भी गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं हैं। मोहित अवस्थी 32 विकेट लेकर 13वें स्थान पर है। मुंबई ने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। मुशीर खान ने नाबाद 203 रन बनाए जबकि दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने भी शतक जड़ा। वहीं तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को हराया। यह देखना होगा कि तमिलनाडु के एन जगदीशन (821 रन) खोया फॉर्म हासिल कर पाते हैं या नहीं। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में नाबाद 245 और 321 रन बनाए थे, लेकिन सात पारियों में अर्धशतक भी नहीं बना सके। बाबा इंद्रजीत (686) ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वॉशिंगटन सुंदर के आने से तमिलनाडु का आक्रमण और मजबूत हुआ है। मुंबई के पास शीर्ष क्रम में पृथ्वी साव और भूपेन लालवानी जैसे बल्लेबाज हैं जबकि निचले क्रम में शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी हैं।



# बॉलीवुड हलचल

## पेंटाली का गाना बेरहम घड़ियां रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** प्रतीक सहजपाल और पेंटाली सेन अभिनीत गाना बेरहम घड़ियां रिलीज हुआ है। पेंटाली सेन ने कहा, मैं प्रदर्शन के माध्यम से कहानी कहने की शक्ति में विश्वास करती हूं, प्रत्येक भूमिका दर्शकों से जुड़ने का अवसर है, मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ की कोशिश करूंगी और मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे साथ हैं। प्रतीक ने कहा, बेरहम घड़ियां शानदार गाना है जिसे शबीना ने खूबसूरती से फिल्माया है और इसे सिनेमाई गुणवत्ता दी है। कास्टिंग बहुत स्वाभाविक रूप से हुई क्योंकि गाने के लिए कास्टिंग कर रहे सोनू मिश्रा ने सचमुच मुझे सड़क पर चलते हुए देखा और इस गाने की पेशकश की। प्रोड्यूसर्स के साथ मीटिंग हुई और उन्होंने तुरंत मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए लॉक कर लिया। गदर की कोरियोग्राफर शबीना मैम ने इसे एक फिल्म की तरह शूट किया था।

## सृष्टि और माही का गीत होली में जान सॉरी की धूम



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत होली में जान सॉरी रिलीज हो गया है। ये गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इस गाने में माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को फ़ोन पर समझाते हुए कहती है कि सुना ए जानू होत आटे आखिरी मिलन हो, हो जाईब अब हम दुसरा के धन हो राजा संघे खाईब अब चटनी पकौड़ी, होली में जानू सॉरी डाली रंग केहू अउरी' इस गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सृष्टि भारती ने गाया है। इस गाने को गीतकार शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, संगीत विकास यादव ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहिर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

## अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की फिल्म प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू हो गई है। निर्माता दिनेश मंगल और निर्देशक मंजुल ठाकुर की आने वाली फिल्म प्रोडक्शन नंबर की शूटिंग भव्य मुहूर्त के साथ शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्माण मंगलम फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म को लेकर मंजुल ठाकुर ने कहा कि हम एक ऐसी कहानी को पिरोकर लाए हैं जो दर्शकों के लिए बेहद नई और मनोरंजक होगी। उन्होंने कहा कि अभी हमने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और हमारा सारा फोकस कहानी को पर्दे पर उतरने की है, जिसमें सभी कलाकारों का सपोर्ट मिल रहा है। दिनेश मंगल ने बताया कि बतौर निर्माता मेरे लिए यह महत्वपूर्ण फिल्म है। हम इस फिल्म के निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ने वाले हैं फिल्म अच्छी बने हम लोगों का यह प्रयास है, क्योंकि अच्छी फिल्में ही लोगों को पसंद आती हैं और उसी में फिल्म मेकिंग की सार्थकता है। वही अंजना सिंह ने कहा कि मेरा किरदार इस फिल्म में बेहद अहम है। यूं कहें कि केंद्रीय करेक्टर का किरदार मैं इस फिल्म में प्ले कर रही हूं। उम्मीद है कि हमेशा की तरह मेरी अभिनय आपको पसंद आएगी। फिल्म बेहद खास है। इसलिए खास तैयारी भी की है और उसे हिसाब से हम लोग अभी फिल्म में अपना पूरा फोकस कर रहे हैं। फिल्म की कहानी क्या है, इस पर मैं अभी बात नहीं कर सकती, लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि जब आप फिल्म देखेंगे तो आप इसके मुरीद हो जाएंगे। मंगल फिल्म्स के बैनर से बन रही प्रोडक्शन नंबर वन में अंजना सिंह के साथ आनंद ओझा, जे नीलम बिष्ट, प्रेम दुबे, कौशल शर्मा, सृष्टि मिश्रा, शौर्य पाठक और मनोज टाइगर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। डीओपी सुनील अहीर हैं। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर महेश उपाध्याय है, जबकि लेखक मनीष किशोर हैं। आर्ट डायरेक्टर नाजिद शेख हैं और डांस मास्टर मनोज गुप्ता जॉय हैं। प्रोडक्शन कंट्रोलर मनोज पांडेय और शिवम पांडेय हैं। कॉस्टयूम कविता सुनीता क्रिएशन का है जबकि म्यूजिक डायरेक्टर ओम झा और लिरिक्स अरविंद तिवारी का है। एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा और अमृत कुमार हैं। स्टील फोटोग्राफर प्रधान गुप्ता और निखिल शाह हैं।

## फेयरी फोक को अलग अंदाज में रचा

***अपनी जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म 'फेयरी फोक' को करण गौर ने एक अलग अंदाज से रचा और इसमें पति-पत्नी मुकुल चड्डा और रसिका दुगल को भी शामिल किया।***



पुरस्कृत निर्देशक करण गौर को अपनी पहली ही फीचर फिल्म 'क्षय' (कॉरोड) से काफी कामयाबी और सम्मान मिला। ये फिल्म जिसमें उन्होंने संगीत दिया, लिखा, निर्देशित और संपादित किया, वह शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शित की गई और शंघाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के रूप में भी चुनी गई। एक प्रतिभाशाली संगीत निर्देशक और ध्वनि डिजाइनर के रूप में उन्होंने 'एनएच10', 'फोबिया', 'तितली' और 'हरामखोर' जैसी फिल्मों पर भी काम किया है। उनकी नवीनतम पेशकश 'फेयरी फोक' को सिडनी फिल्म समारोह, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, मामी (मुंबई) और मेलबर्न इंडियन फिल्म समारोह में प्रदर्शित किया गया है। फिल्म 1 मार्च को मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता और बेंगलुरु के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है और करण इसे एक नई रचनात्मक और विषयात्मक खोज मानते हैं। जादुई यथार्थवाद में रची बसी ये फिल्म मानव संबंधों से जुड़ी रोचक और आत्मीय कथा है और करण कहते हैं, फिल्म का विचार मुझे निर्माता आलेख के साथ एक डॉक्यूमेंट्री बनाते वक्त आया। मैं पहले से ही 'इम्प्रोवाइजेशन' या एक नैसर्गिक अंदाज से कहानी कहने की प्रक्रिया को पसंद करता आया हूँ, क्योंकि इससे फिल्म में एक आजाद प्रवाह आता है। एक्शन और कट के बीच अभिनेताओं को सिर्फ एक इशारा भर देना और उन्हें अपने अंदाज में अभिनय करने के लिए प्रेरित करना बहुत रोचक रहा। मैं जॉन कैसावेट्स, माइक ली, जॉन-लूक गोदार्ड और हाल के रचयिता जैसे की स्वॉनबर्ग और लैरी डेविड के काम से भी परिचित था, जिन्होंने नैसर्गिक कला को सिर्फ रिहर्सल तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे परदे पर जीवंत किया। मैं बड़े-बड़े संवादों से भरी पटकथाओं से थक गया था और कुछ अलग करने का प्रयास करना चाहता था। करण ने 30 पेज का स्क्रिप्ट लिखा, जिसमें हर दृश्य की रूपरेखा अंकित है। साथ ही, उन्होंने 60 पेज का दस्तावेज लिखा, जिसमें हर किरदार के मूल भाव पर प्रकाश डाला। यह दूसरा दस्तावेज इसलिए था कि कोई भी किरदार या दृश्य अपने लक्ष्य से न भटके। जहां तक 'फेयरी फोक' की कहानी की बात है, तो इसमें कोडैकनाल और गोआ में बीते मेरे जीवन की झलक है। इन दोनों जगहों में, प्रकृति हर हाल में आपके दैनिक जीवन में प्रवेश करती है और आप उससे आंखे नहीं चुरा सकते हैं। रितिका और मोहित के किरदार के लिए रसिका दुगल और मुकुल चड्डा को चुनने के बारे में उनका कहना है कि मैंने 'फेयरी फोक' के लिए उन्हें इसलिए चुना, क्योंकि वे एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं और उन्हें कैमरे के लिए नए सिरे से एक वैवाहिक दम्पति की तरह व्यवहार करने की जरुरत नहीं थी। बस उन्हें रिश्ते की प्राकृतिकता के साथ किरदार निभाना था और उनकी जटिलताओं को खोजना था। जब आपके पास दो ऐसे अभिनेता होते हैं जो वास्तव में एक-दूसरे से जुड़े हैं तो उन्हें यह नहीं सिखाना पड़ता है कि एक दम्पति कैसे बात करते हैं। रसिका और मुकुल पहले ही दिन ही कहानी के तहों तक जा पहुँचे थे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# भारत के विरुद्ध गलत बयानबाजी पड़ी भारी थाईलैंड की राजदूत को डब्ल्यूटीओ ने पद से हटाया

अबू धाबी, एजेंसी

● यूएई में आयोजित डब्ल्यूटीओ की बैठक में चावल निर्यात को लेकर हुई थी तीखी बयानबाजी

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में भारत के चावल निर्यात को लेकर गलत बयानबाजी और भारत की छवि को धक्का पहुंचाने की कोशिश थाईलैंड की राजदूत पिमचोंक वोनकोर्पोन पिटफिल्ड को भारी पड़ गई। उनके रवैये पर भारत की कड़ी आपत्ति के बाद डब्ल्यूटीओ ने थाईलैंड की राजदूत को राजनयिक पद से हटा दिया है।

अबू धाबी में मंत्री स्तर का 13वें सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जहां दो दिन पहले अनाज के पब्लिक स्टाकहोल्डिंग (पीएसएच) मुद्दे पर चर्चा के दौरान थाईलैंड की राजदूत ने भारत के बारे में गलत बयानबाजी करते हुए कहा था कि भारत सस्ते में अनाज की सरकारी खरीद कर उसका 40 प्रतिशत निर्यात कर देता है। जबकि यह अनाज की खरीदारी गरीबों को देने के लिए की जाती है। पिटफिल्ड के इस बयान पर चर्चा में मौजूद कई देशों ने अपना समर्थन दिया, जो भारत को नागवार गुजरा है।

असलियत यह है कि भारत अपने अनाज उत्पाद का 40 प्रतिशत हिस्से की सरकारी खरीद करता है। अन्य हिस्सा खुले बाजार में बेचा जाता है। सरकारी खरीद वाले हिस्से का निर्यात नहीं किया जाता है। भारत अपनी खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीदारी करता है, जिसे गरीबों को राशन के तहत मुफ्त में या कम दाम में दिए जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक वैश्विक मंच पर गरीब व विकासशील देशों के नेता के रूप में उभर रहे भारत के विकास में विकसित देश टांग अड़ाना चाहते हैं। थाईलैंड की राजदूत भी इन विकसित देश की शह पर ही एमसी13 में भारत के अनाज निर्यात के बारे में गलत बयानबाजी की थी। इस बयानबाजी के बाद भारत ने डब्ल्यूटीओ अध्यक्ष से कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए साफ कह दिया था कि पिटफिल्ड को डब्ल्यूटीओ से हटाने के बाद ही भारत पीएसएच मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा लेगा। दूसरी तरफ नई दिल्ली में मौजूद थाईलैंड के राजदूत को भी भारत ने तलब कर पिटफिल्ड के गलत बयानबाजी पर आपत्ति जाहिर की थी। अब उन्हें डब्ल्यूटीओ में था, ईईलैंड के राजदूत पद से मुक्त कर दिया गया है।

# राज्यसभा के 33 फीसदी सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले



नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा के मौजूदा 225 सदस्यों में से 33 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है, जबकि इन सांसदों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण के आधार यह जानकारी दी है। इसके अलावा इन सांसदों में से 31 यानी 14 प्रतिशत अरबपति हैं।



**14** प्रतिशत अरबपति सांसद 19,602 करोड़ रुपये है कुल संपत्ति

**28** कांग्रेस सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ हैं मामले दर्ज


### इतने सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने कहा है कि 18 प्रतिशत सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है, जिनमें हत्या और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) द्वारा किए गए विश्लेषण में दो राज्यसभा सदस्यों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामलों, जबकि चार सांसदों ने धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की जानकारी दी है।

### 225 राज्यसभा सदस्यों में से 75 के खिलाफ आपराधिक मामले

रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा के 225 मौजूदा सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक और 40 (18 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। विश्लेषण में सांसदों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की राजनीतिक दलों के लिहाज से भी पड़ताल की गई। इस मामले में भाजपा सबसे आगे रही, जिसके 90 राज्यसभा सदस्यों में से 23 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के 28 सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज हैं।

### राज्यसभा में प्रति सांसद 87.12 करोड़ रुपये है औसत संपत्ति



राज्यसभा सदस्यों की संपत्ति की भी पड़ताल की गई, जिसमें पता चला कि प्रति सांसद औसत संपत्ति 87 .12 करोड़ रुपये है। आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न राजनीतिक दलों की संपत्ति में महत्वपूर्ण असमानताएं सामने आईं। प्रमुख दलों में भाजपा के 90 में से 9 (10 प्रतिशत), कांग्रेस के 28 में से 4 (14 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के 11 में से 5 (45 प्रतिशत), आप के 10 में से 2 (20 प्रतिशत), टीआरएस के चार में से 3 (75 प्रतिशत) और राजद के 6 सांसदों में से 2 (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। विश्लेषण के अनुसार राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है।

## एक नजर

### सॉफ्टवेयर नहीं समझा लीप वर्ष, देश के कई पेट्रोल पंप बंद

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड में 29 फरवरी यानी लीप ईयर पर देश के कई पेट्रोल पंपों ने काम करना बंद कर दिया। दरअसल पेमेंट सॉफ्टवेयर, फ्यूल स्टेशनों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर में लीप ईयर की तारीख दर्ज नहीं होने से तकनीकी गड़बड़ी हुई। सॉफ्टवेयर ग्लिच की वजह से पेट्रोल पंपों पर पेमेंट नहीं हो पाने से फ्यूल नहीं भरे गए। इससे देशभर में लोग परेशान हुए।

### मॉस्को में एलेक्सी नवलनी का अंतिम संस्कार, एकत्रित हुए लोग

मॉस्को। रूस में विपक्ष के नेता रहे एलेक्सी नवलनी के सगे-संबंधी और समर्थक दक्षिण-पूर्वी मास्को में शुक्रवार को उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल हुए। नवलनी की मृत्यु के बाद, उनके शव को प्राप्त करने के लिए परिवार के सदस्यों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाते थे। उनके समर्थकों ने कहा है कि मास्को में कई गिरिजाघरों ने उनके लिए प्रार्थना सभा का आयोजन करने से इनकार दिया, लेकिन आखिरकार मारयिनो जिला स्थित एक गिरिजाघर ने इसकी अनुमति दे दी।



### दुनिया में पहली बार दुबई में जेट सूट रेस हुई, कोल्फन बने विजेता

दुबई। यूएई के दुबई ने बुधवार को एक और इतिहास रचा। यहां दुनिया की पहली जेट सूट रेस आयोजित की गई। इसमें 8 अलग-अलग देशों के आठ प्रतिभागी शामिल हुए। ब्रिटेन के इसा कोल्फन इसके विजेता बने।

### अमेरिका: फ्लॉक सेफ्टी गाड़ियों के सर्विलांस से अपराध घटाने का दावा

वाशिंगटन। अमेरिका की स्टार्टअप कंपनी 'फ्लॉक सेफ्टी' गाड़ियों का सर्विलांस कर अमेरिका में अपराध कम करने का दावा कर रही है। 2017 में शुरू हुई कंपनी को डेलायट ने 2023 में फास्ट 500 कंपनियों की लिस्ट में शामिल किया है। कंपनी सड़कों पर कैमरे लगाती है। कारों की नंबर प्लेट स्कैन कर दर्ज अपराधों से मैच करती है। दावा है कि इससे अमेरिका में 25 फीसदी अपराध कम कर देगी, लेकिन 5 राज्यों में बैन हो गई। कंपनी ने कहा कि जिन राज्यों ने लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए सरकार से वार्ता की है। सरकार के आदेश तक राज्यों में लगा प्रतिबंध जारी रहेगा।

# बांग्लादेश में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 46 की मौत

## 22 लोग घायल, दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर पाया काबू

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देर रात आग लगने से बहुत बड़ा हादसा हो गया। राजधानी ढाका में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य घायल हुए हैं।

बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री सामंत लाल सेन ने ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल और निकटवर्ती बर्न अस्पताल का दौरा करने के बाद बताया कि आग से अब तक 46 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने कहा- हालात को काबू में करने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर मुस्तैद है। बचाव अभियान जारी है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी मोहम्मद शिहाब ने कहा कि आग ढाका के बेली रोड़ के एक लोकप्रिय बिरयानी रेस्तरां में रात 9:50 बजे लगी। उन्होंने बताया कि आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई, जिससे कई लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। वहीं, अग्निशमन सेवा के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने 75 लोगों को जिंदा बचाया।




ढाका में गुरुवार देर रात इमारत में धधकती आग, दूसरी तरफ आग पर काबू पाते अग्निशमन कर्मी।

### प्राथमिक इलाज के बाद 75 घायलों को घर भेजा

स्वास्थ्य मंत्री सेन ने बताया कि आग गुरुवार देर रात लगी है। घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। ढाका मेडिकल कॉलेज में 33 तो शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10 लोगों की मौत हुई है। वहीं, केंद्रीय पुलिस अस्पताल में एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं, आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि अब तक 75 लोगों को बचा लिया गया है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

बचाव अभियान में जुटे अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि अधिकतर लोगों की मौत इमारत से कूदने और जलने के कारण हुई है। कई लोगों ने दम घुटने से जान गंवाई है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पहली मंजिल पर स्थित कच्ची भाई रेस्तरां में रात करीब 9.45 लगी, जो काफी तेजी से अन्य रेस्तरां तक फैल गई। जिस समय आग लगी, वह होटलों के लिए व्यस्ततम समय होता है।

# 5 साल बाद रिहा होने के कुछ घंटों बाद फिर गिरफ्तार हुए सुल्तान

श्रीनगर। पांच साल से अधिक समय बाद रिहा हुए कश्मीरी पत्रकार आसिफ सुल्तान को कुछ घंटों बाद ही दुबारा गिरफ्तार किया गया।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश की जेल से सुल्तान को रिहा किया गया था। सुल्तान के परिवार और कानूनी सूत्रों ने बताया कि सुल्तान को श्रीनगर के रैनावारी थाना में दर्ज 2019 के एक मामले में दोबारा गिरफ्तार किया गया है। एक वकील ने कहा, घर पहुंचने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बटमालू थाना की पुलिस ने बुलाया कुछ घंओं बाद रैनावाड़ी थाने में हिरासत में ले लिया।

उन्होंने कहा- शाम को रैनावारी थाना पुलिस से जानकारी मिली कि पांच अप्रैल, 2019 को श्रीनगर की सेंट्रल जेल में हुए दंगे से संबंधित मामले में सुल्तान को हिरासत में लिया गया है। बता दें, संबंधित मामले में सुल्तान समेत 21 आरोपी हैं, जिनमें से कुछ को पहले ही जमानत मिल चुकी है। गिरफ्तारी के बाद श्रीनगर की एक अदालत ने सुल्तान को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुल्तान को 2018 में आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था और मंगलवार शाम को यूपी के अंबेडकर नगर जेल से रिहा कर दिया गया।

# नई सरकार को मान्यता न दें जब तक पारदर्शी जांच न हो

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान को लेकर बाइडन को लिखा पत्र, चुनाव धांधली में जांच की मांग

अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। पत्र लिखने वालों में सत्तारूढ़ डेमोक्रेट के मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए। जिसके बाद त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। कोई भी दल बहुमत के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था। पत्र में सांसदों ने पाकिस्तान के हालिया संसदीय चुनाव में हुई धांधली पर चिंता जताई। इसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान में नई सरकार की मान्यता को तब तक रोके रखें, जब तक चुनाव में हेराफेरी की पूरी तरह से पारदर्शी और विश्वसनीय जांच नहीं हो जाती। पत्र में आगे कहा गया, इस्लामाबाद लंबे समय से अमेरिका का सहयोगी रहा है। यह अमेरिका के हित में है कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान में लोकतंत्र का विकास हो।



### इमरान समर्थित अमीन बने खैबर पख्तूनख्वा के नए वजीर-ए-आला

पेशावर। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर को शुक्रवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया। वहीं, इससे पहले नवनिर्वाचित स्पीकर बाबर सलीम स्वाति ने गुरुवार को खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी, जिन्होंने विधानसभा सत्र की अध्यक्षता की। 106 सदस्यीय विधानसभा में पीटीआई समर्थित उम्मीदवार गंडापुर ने अपने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रतिद्वंद्वी डॉ इबादुल्ला खान के खिलाफ 90 वोट हासिल किए।

### इवांका समेत जामनगर पहुंचीं कई हस्तियां...



जामनगर : मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और होने वाली बहू राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी शुक्रवार से 3 मार्च तक चलेगी। इसमें शामिल होने के लिए हॉलीवुड और बॉलीवुड की कई हस्तियां जामनगर पहुंच रही हैं। गुरुवार को अमेरिकी पॉप सिंगर रिहाना अपनी टीम के साथ जामनगर पहुंचीं हैं। शुक्रवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप भी पहुंच गई हैं, उनके अलावा, सिंगर जे ब्राउन, निकी मिनाज, एडम ब्लैकस्टोन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग यहां पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, शाहरुख खान, अर्जुन कपूर सहित कई बॉलीवुड स्टार भी जामनगर पहुंच गए हैं। ● एजेंसी

# आतंकवाद -नशीले पदार्थों पर कसेगी नकेल

वाशिंगट, एजेंसी

● रणनीतिक साझेदारी मजबूत कर रहे भारत-अमेरिका, दोनों देशों ने व्यक्त की सहमति

भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो के बीच वार्ता हुई। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने ड्रग्स यानी मादक पदार्थों की समस्या से निपटने, आतंकवाद, साइबर अपराध और सीमा शुल्क जैसे मुद्दों पर भी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। अनियमित प्रवासन के मुद्दे पर भी बात की गई।

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों देशों ने 27-29 फरवरी के बीच नई दिल्ली में वार्ता की। भारत और अमेरिका के बीच बैठक के दौरान केंद्रीय गृह सचिव



गृह सचिव अजय भल्ला के साथ मौजूद अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो।

अजय भल्ला और क्रिस्टी कैनेगलो ने आव्रजन कानून लागू करते हुए वैध आव्रजन मार्गों तक पहुंच के विषय पर भी मंथन किया।

इस कानून के तहत जरूरतमंद नागरिकों की वापसी को लेकर अमेरिका और भारत ने प्रतिबद्धता जताई है। ऐसे लोगों के पास अमेरिका में रहने का कानूनी आधार नहीं होता। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक कमजोर प्रवासियों का शिकार और उनसे लाभ कमाने वाले तस्करों पर नकेल कसने के लिए दोनों देश आपस में कानूनी रूप से सहयोग करेंगे।

होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग के दौरान भारत और अमेरिका के बीच यूएस-इंडिया काउंटरनारकोटिक्स वर्किंग ग्रुप के योगदान पर भी चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच दवा नियामक से जुड़े मुद्दों, कानून प्रवर्तन सहयोग और बहुपक्षीय मंचों में समन्वय जैसे बिंदुओं पर काम करती है। दवा की मांग में कमी से निपटने को लेकर होने वाले संयुक्त प्रयासों के मामले में भी यूएसआईसीडब्लूजी मार्गदर्शन करता है।

# कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन

टोरंटो। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया, उनकी बेटी ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। कैरोलीन मुलरोनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के 18वें प्रधानमंत्री का परिवार के बीच निधन हो गया।



मुलरोनी परिवार ने कहा कि पिछली गर्मियों में 2023 की शुरुआत में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के बाद हुई हृदय प्रक्रिया के बाद उनमें रोजाना सुधार हो रहा था। उन्होंने कई सालों तक राजनीति में पर्दे के पीछे से काम किया।


# अमेरिका के निजी मून लैंडर ओडीसियस से संपर्क टूटा

वाशिंगटन, एजेंसी

● लैंड करते समय चंद्रमा पर फंस गया था एक पैर, कंपनी ने कहा-मून लैंडर ने काम करना बंद कर दिया

करीब 50 साल बाद पिछले महीने अमेरिका का निजी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा। ओडीसियस लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरा तो कुछ खराबी के चलते टीम का अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया था। नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि एक हफ्ते बाद गुरुवार को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया।

बता दें, यह तब पता चला जब वैज्ञानिकों को अपने कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में प्रवेश करने का निर्देश देने से पहले ओडीसियस से एक आखिरी तस्वीर मिली। स्टैंडबाय मोड का



उद्देश्य लैंडर की क्षमता को दो से तीन हफ्ते तक और काम करने के लिए बनाया गया था।

इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल ने बताया कि अंत में हुईं क्रियाओं ने लैंडर की बैटरियों को खत्म कर दिया, जिससे ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'गुड नाईट ओडी। उम्मीद करते हैं यह फिर से काम करना शुरू करेगा।

## विज्ञान


एचडी 110067 सोलर सिस्टम बना खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र

# एलियंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : परग्रहियों की तलाश में एक ऐसे सोलर सिस्टम का पता चला है, जहां एलियंस का ठिकाना हो सकता है। इस ग्रहमंडल का नाम एचडी 110067 है। जिसमें हमारे ग्रहों की तरह छः ग्रह अपने तारे की परिक्रमा करते हैं। एलियंस की संभावना को लेकर यह सोलर सिस्टम दुनिया के खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।

इस सोलर सिस्टम को पिछले साल के अंत में खोजा गया था। यह हमसे काफी करीब है, सिर्फ 100 प्रकाश वर्ष दूर है। नजदीक होने के कारण इसे हमारा पड़ोसी सौर मंडल भी माना जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि गणितीय आधार इसके ग्रह अपनी कक्षाओं



इस सोलर सिस्टम में हो सकता है एलियन का ठिकाना।

### भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसे है एलियंस की तलाश

भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के सेनि वैज्ञानिक प्रो आरसी कपूर कहते हैं कि भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसी है एलियंस की तलाश । क्या हम इस ब्रह्मांड में अकेले हैं, यह ऐसा प्रश्न है, जिसका हल ढूंढ़ने के लिए कई दशकों से अध्ययन कर रहे हैं, जबकि शायद सदियों से इस बारे में सोचा जाता रहा है। मगर अभी यह तलाश जारी है और तब तक रहेगी, जबतक एलियंस का पता नहीं चल जाता।

में सही दूरी के साथ अपने मेजबान तारे के बहुत करीब से चक्कर लगाते हैं। एलियंस की खोज में जुटे वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें पृथ्वी के समान उन्नत जीवन मौजूद हो सकता है। भले ही जीवन किसी अन्य रूप में हो, लेकिन एक बड़ी उम्मीद तो जगी ही है। इस ग्रह मंडल की जांच पड़ताल अभी जारी है और जितने अधिक खगोल वैज्ञानिक इसके अध्ययन में जुटेंगे, परिणाम उतने ही जल्दी सामने आएंगे।

बहरहाल 6 ग्रहों वाले इस सोलर सिस्टम में आगे की तलाश में वैज्ञानिको के एक वर्ग में होड़ लगी है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज में जुटे वैज्ञानिकों के लिए यह बड़ा अवसर है और उनकी दशकों पुराने एलियंस की तलाश में विराम लग सकता है।

बहरहाल खगोलविदों के लिए यह दिलचस्प लक्ष्य बना हुआ है और आने वाले दिनों में लोगों की जिज्ञासा भी इस तलाश के प्रति रहेगी।

# ईरान के लोग आज चुनेंगे अपना राष्ट्रपति, 59 हजार केंद्र बने

दुबई, एजेंसी

● हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध-प्रदर्शन के बाद होगा संसदीय चुनाव

हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध में 2022 में हुए व्यापक प्रदर्शनों के बाद ईरान के पहले संसदीय चुनाव हो रहा है। आज लोग देश के सर्वोच्च नेता यानी राष्ट्रपति को चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। 2022 के संसदीय चुनावों के बाद देश काफी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस चुनाव को लोकतांत्रिक सुधार, पश्चिमी देशों के साथ तकरार और खराब अर्थव्यवस्था की कसौटी पर परखा जा रहा है।

ईरान में हर चार साल में फ्रांसीसी चुनाव प्रणाली की तर्ज पर चुनाव होते हैं। पहले दौर के मतदान में अगर किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले, तो दूसरे दौर में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के लिए वोट डाले जाते हैं। मतदाताओं की आयु कम से कम



18 वर्ष होनी चाहिए। करीब 8.5 करोड़ आबादी वाले देश में 6.12 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में 59 हजार मतदान केंद्र होंगे। इसमें से तेहरान में पांच हजार और तेहरान के व्यापक प्रांत में 6,800 केंद्र बनाए गए हैं।1,700 मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने सेना के साथ बासिज बलों को निगरानी के लिए तैनात किया है।